kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-167 ❑ शनिवार, 19 जुलाई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि पहले क्या हाल था, आप सभी जानते हैं। 2005 से पहले यहां कोई काम नहीं होता था। मुख्यमंत्री नीतीश ने आज प्रधानमंत्री की मोतिहारी जनसभा में अपने संबोधन में कहा कि जब नवम्बर 2005 में भाजपा और जदयू की सरकार बनी, तब से लेकर 20 साल से हम काम कर रहे हैं।

नीतीश कुमार

भाजपा ने राबर्ट वाड्रा का समर्थन करने पर राहुल गांधी पर साधा निशाना 11

बिहार में 2005 से पहले कोई काम नहीं होता था : नीतीश कुमार 12

मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ लोग समाज के बीच विघटन पैदा कर लोगों को मुख्यधारा से अलग करने का काम करते हैं

# समाज को तोड़ने वालों की पहचान करना होगा : योगी

एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांवड़ यात्री पूरी श्रद्धा और भक्ति भावना से यात्रा करते हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है। यह मानसिकता हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन शुक्रवार को यहां राजघाट स्थित वसंता महिला महाविद्यालय में आयोजित 'बिरसा मुंडा की विरासत, आदिवासी सशक्तीकरण और राष्ट्रीय आंदोलन' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा को बदनाम करने और जातीय संघर्ष को हवा देने वालों को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस बारे में समाज को सतर्क रहने की आवश्यकता है।



**सतर्क**

❑ उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस बारे में समाज को सतर्क रहने की आवश्यकता है

उन्होंने कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, ''आज कांवड़ यात्री अपनी भक्ति भावना से 200, 300, 400 किलोमीटर तक कांवड़ उठाकर हर-हर बम बोलते हुए चले जाते हैं, लेकिन उनका भी मीडिया ट्रायल होता है। उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है। यह मानसिकता हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम कर रही हैं। यही लोग सोशल मीडिया पर फ़ेक अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने का काम करते हैं''.। समाज को बांटने का काम करते हैं। ऐसे लोगों से हमें सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज के बीच विघटन पैदा कर लोगों को मुख्यधारा से अलग करने का काम करते हैं। इनके ऐसे ही कारनामे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती का संदेश देते हुए आम लोगों को भी सतर्क किया। उन्होंने एक घटना का उल्लेख कर कहा कि दो–तीन साल पहले ऐसे ही एक घटना हुई थी। एक आगजनी की घटना में एक व्यक्ति केसरिया भगवा गमछा ओढ़े था, बीच में अचानक गमछा निकलने पर उसके मुंह से निकला या अल्लाह...। समाज की एकता में ऐसे लोग बाधक है। ऐसे लोगों को चिन्हित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महीना चल रहा है। इससे पहले मुहर्रम था, हमने नियम बना दिये थे कि ताज़िये की लंबाई सीमित रखें। इससे बिजली,पेड़ की टहनी को नुकसान पहुंचता था। मुहर्रम पर नियम नहीं मानने पर जौनपुर में घटना हो गई । ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर तीन लोग मारे गए। बाद ● शेष पेज 11 पर

### कांवड़ यात्रियों को बदनाम किया जा रहा, उन्हें उपद्रवी बोला जाता है : योगी

वाराणसी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को समाज में विघटन पैदा करने वालों पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की पहचान करना होगा। सावन में बिना किसी भेदभाव के कांवड़ यात्रा चल रही है। गरीब, अमीर से लेकर समाज के सभी लोग शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ये बातें वाराणसी के वसंत महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि छोटी सी घटना होने पर कांड़ियों पर मीडिया ट्रायल किया जा रहा है। उन्हें उपद्रवी बताया जा रहा है और कुछ लोग तो उन्हें आतंकवादी कहने का भी दुस्साहस कर रहे हैं। ऐसे लोग समाज को विघटन पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी चुनौती ऐसी है कि कुछ लोग समाज में बिखराव पैदा कर लोगों को मुख्यधारा से अलग करने का काम करते हैं। ये लोग सोशल मीडिया पर फ़ेक अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष की स्थिति पैदा करते हैं। 2, 3 साल पहले ऐसे ही एक घटना हुई थी। एक आगजनी की घटना में एक व्यक्ति भगवा गमछा ओढ़े था। बीच में उसके मुंह से निकला या अल्लाह। ऐसे ही लोगों को चिन्हित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सावन का महीना चल रहा है। इससे पहले मुहर्रम था। हमने नियम बना दिये थे कि ताज़िये की लंबाई सीमित रखें। इससे बिजली, पेड़ की टहनी से लोगों की जान को नुकसान पहुंचता था। जौनपुर में एक घटना हुई। ● शेष पेज 11 पर

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। प्रदेश में आज शुक्रवार से प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के आंशिक परिसीमन के साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वार्ड परिसीमन की अंतिम सूची जारी हो जाने के बाद 12 अगस्त तक इसकी कापी निदेशक पंचायती राज को उपलब्ध कराने के निर्देश शासन ने दिए हैं। 13 अगस्त तक ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची का प्रिंट और विलोपन का काम होगा। इसके बाद बीएलओ और पर्यवेक्षकों को कार्य क्षेत्र




आवंटित किए जाएंगे, उन्हें प्रशिक्षण और स्टेशनरी भी दी जाएगी। 14 अगस्त से 29 सितंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण करेंगे। 25 दिसंबर तक दावा-आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा अपने नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकेंगे। 15 जनवरी 2026 को सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची के अद्यतनीकरण तथा निर्वाचन संबंधी कानूनी प्रावधानों एवं नियमों की जानकारी दी गई। ये तिथियां निर्धारित- 18 जुलाई से 13 अगस्त तक बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को सामग्री और सूची बांटी जाएगी।- 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे।- 14 अगस्त से 20 सितंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण करेंगे।- 14 अगस्त ● शेष पेज 11 पर

## लखनऊ: तीन संदिग्ध शेल कंपनियों के 135 बैंक खाते फ्रीज, 204 करोड़ रुपये जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने लखनऊ, नोएडा, रोहतक और गुरूग्राम में छापा मारा है। इस दौरान तीन संदिग्ध शेल कंपनियों के 135 बैंक खाते फ्रीज करते हुए करीब 204 करोड़ जब्त किए हैं।

ईडी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ईडी, चंडीगढ़ आंचलिक कार्यालय ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के नोएडा और लखनऊ स्थित तीन संदिग्ध शेल कंपनियों मेसर्स किंडेंट बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स रैनेट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स मूल बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के परिसरों में चार जुलाई




को तलाशी अभियान चलाया। बरामद साक्ष्यों और विभिन्न बैंकों से प्राप्त पुष्टियों के आधार पर, ईडी ने इन संस्थाओं से जुड़े 135 बैंक खातों को फ्रीज किया है। चल रही जांच के तहत कुल 204 करोड़ रुपये की अपराध आय (पीओसी) को फ्रीज कर दिया गया है। इस मामले में अब तक 391 करोड़ ● शेष पेज 11 पर

## जनता के हमदर्द नहीं माकपा और संघ : राहुल गांधी

कोट्टायम। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और मार्कसवादी कमयुनिस्ट पार्टी ( माकपा) पर जनता के प्रति भावनाहीनता का आरोप लगाया है। केरल के पुथुपल्ली में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी की याद में आयोजित स्मृति सभा के दौरान कांग्रेस सांसद ने ये आरोप लगाए हैं। कोट्टायम के पुथुपल्ली में आयोजित ओमन चांडी स्मृति संगमम में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरएसएस और माकपा पर जनता के प्रति कोई भावना न रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग विचारधारा से तो लड़ते हैं, लेकिन जनता के प्रति संवेदना का इनमें अभाव है। राहुल गांधी ने कहा , ''मेरी संघ और माकपा से वैचारिक ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### भोजपुरी सुपरस्टार रितेश पांडे और पूर्व आईपीएस जय प्रकाश सिंह ने थामा जन सुराज का दामन

पटना । हिमाचल प्रदेश के पूर्व एडीजी जय प्रकाश सिंह और भोजपुरी सुपरस्टार एक्टर और सिंगर रितेश पांडे शुक्रवार को प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज में शामिल हो गए। बिहार के सारण जिले के रहने वाले पूर्व आईपीएस जय प्रकाश सिंह हिमाचल प्रदेश कैडर के आईपीएस रहे हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने पद से इस्तीफा दिया था। रितेश ने इस मौके पर बिहार की राजधानी पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार के लोगों को आज भी मजदूरी के लिए मजबूर होना पड़ता है और इस सिस्टम को बदलने की ज़रूरत है।
उन्होंने कहा कि सिस्टम को बदलने के लिए जो प्रशांत किशोर निकले हैं, हम उनके साथ हैं। इस दौरान उन्होंने एक गीत भी गाया ''हम नया बिहार चाहते हैं, बिहार में ही रोज़ी–रोज़गार चाहते हैं, जनता का जन सुराज हो ये चाहते हैं। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के पूर्व एडीजी जय प्रकाश सिंह ने भी वीआरएस लेकर जन सुराज की सदस्यता ली। उल्लेखनीय है कि भोजपुरी एक्टर और सिंगर रितेश पांडेय ने हाल में में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। हालांकि उस वक्त उन्होंने यह नहीं बताया था कि वह किस दल से चुनाव मौदान में उतरेंगे। आज उन्होंने जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। अब यह साफ हो गया है कि वह जन सुराज के टिकट पर बिहार के किसी विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा सकते हैं।

### संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को होगी सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले यानी 20 जुलाई, रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए यह बैठक बुलाई गयी है।
आधिकारिक जानकारी के अनुसार, संसद भवन एनेक्सी के मुख्य बैठक कक्ष में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों के फ्लोर लीडर को आंमत्रित किया है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। बैठक में सरकार सभी दलों के समक्ष आगामी मानसून सत्र का एजेंडा रखेगी। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक प्रस्तावित है। इसमें कुल 21 बैठकें होंगी।

## ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को हिरासत में लिया

एजेंसी

रायपुर । छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हिरासत में ले लिया है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉनड्रिंग मामले में यह कार्रवाई की है। ईडी ने भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य के ठिकानों पर आज सुबह से छापेमारी शुरू की थी। बताया जा रहा है कि चैतन्य को रायपुर कार्यालय ले जाया गया है। जैसे ही भूपेश बघेल के समर्थकों को चैतन्य के हिरासत में लेने की खबर मिली, वहां नारेबाजी शुरू हो गई है।

भूपेश बघेल के पूर्व मीडिया सलाहकार विनोद वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि इससे पहले जब ईडी ने दबिश दी थी उस दिन भूपेश बघेल का जन्मदिन था और आज जब टीम ने दबिश दी है, चैतन्य बघेल का जन्मदिन है। चैतन्य को आज ईडी हिरासत में लेकर गई है। सूत्रों का कहना है की उन्हें मनी लांड्रिंग के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है।



❑ ईडी ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉनड्रिंग मामले में यह कार्रवाई की ह

ईडी के छापे की कार्यवाही के बीच मानसून सत्र के अंतिम दिन भूपेश बघेल विधानसभा पहुंचे हैं। भिलाई तीन पदुम नगर स्थित अपने आवास से विधानसभा के लिए रवाना होने से पूर्व, भूपेश बघेल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा था कि जिसे जो करना है वह कर ले मुझे न्याय पालिका पर भरोसा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मुझे तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है परंतु मैं हार नहीं मानूंगा।

## पाकिस्तान ने अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों में की घुसपैठ, बीएसएफ ने पकड़े छह ड्रोन

चंडीगढ़। बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र अमृतसर में पाकिस्तान की ड्रोन घुसपैठ को निष्क्रिय करते हुए छह पाकिस्तानी ड्रोन पकड़े हैं। इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च के दौरान हेरोइन भी बरामद की गई है। बीएसएफ ने इस साल के दौरान यह सबसे बड़ी बरामदगी की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि पाकिस्तान की तरफ से अमृतसर स्थित सीमावर्ती क्षेत्रों में गुरुवार की रात ड्रोन घुसपैठ की गई। पाकिस्तान की तरफ से कई ड्रोन भारतीय सीमा में भेजे गए। जवानों ने गश्त के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम की मदद से पाकिस्तान की तरफ से आने वाले प्रत्येक नार्को ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया। इस ऑपरेशन के बाद बीएसएफ ने गांव पुलमोरां के पास खेतों से 1.744 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन के 3 पैकेटों के साथ 4 डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किए। ड्रोन से मादक पदार्थों के पैकेट जुड़े हुए पाए गए, जिससे साफ हो गया कि पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन भारतीय सीमा में भेजी गई थी। बीएसएफ ने रात के समय रोरांवाला ● शेष पेज 11 पर

# स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निस्तार' नौसेना में शामिल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) 'निस्तार' शुक्रवार को भारतीय नौसेना के समुद्री बेड़े में शामिल हो गया। विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में जलावतरण के बाद यह जहाज गहरे समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता के लिए पूर्वी नौसेना कमान में शामिल हो गया है। इससे न केवल समुद्र के भीतर भारत की सैन्य ताकत बढ़ेगी, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में इसकी सामरिक समुद्री स्थिति भी पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी।

कमीशनिंग समारोह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ। हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में 80 फीसदी स्वदेशी सामग्री और 120 एमएसएमई के सहयोग से निर्मित 'निस्तार' गहरे समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी



❑ भारत हिंद महासागर क्षेत्र में 'पसंदीदा पनडुब्बी बचाव साथी' के रूप में उभरेगा

बचाव के लिए सुसज्जित है। इस जहाज पर विशाल डाइविंग कॉम्प्लेक्स एयर एंड सैचुरेशन डाइविंग सिस्टम के साथ मौजूद है। साथ ही पानी के अंदर रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स (आरओवी) और साइड स्कैन सोनार भी लगाया गया है, जो जहाज के परिचालन क्षेत्र को काफी हद तक बढ़ाता है। जलावतरण के बाद इसे गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता ● शेष पेज 11 पर

### रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस के सहयोग से एएमसीए का इंजन विकसित करने का दिया सुझाव

नई दिल्ली । रक्षा मंत्रालय ने पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान का इंजन विकसित करने के लिए फ्रांस के साथ साझेदारी का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है। 61 हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना का उद्देश्य एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के लिए 120 नॉट इंजन बनाना और पूर्ण तकनीकी हस्तांतरण (टीओटी) हस्तांतरण करना है। इस परियोजना से उन्नत विनिर्माण और डिजाइन प्रौद्योगिकियां आएंगी और यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र सरकार ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से भारत में बनने वाले पांचवीं पीढ़ी के एएमसीए कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। भारतीय वायु सेना और भारतीय ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में दी 54 सौ करोड़ से अधिक विकास परियोजनाओं की सौगात

# बिहार को कांग्रेस–राजद की बुरी नीयत से बचाने की जरूरत: मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी में आज एक कार्यक्रम के दौरान 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य अब तेजी से विकास कर रहा है और माओवाद समाप्ति की ओर है। वहीं केन्द्र और राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को बिहार में ही रोजगार देने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस नारे को दोहराया, ॥बनाएंगे नया बिहार फिर एक बार एनडीए सरकार।

राज्य के मुख्य विपक्षी दलों कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को पिछड़ा विरोधी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पार्टियों ने अपने परिवार के बाहर किसी को



❑ प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में 7,200 करोड़ से अधिक की विकास परियोजाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास

सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा, ॥इन लोगों का अहंकार आज पूरा बिहार देख रहा है। हमें बिहार को इनकी बुरी नीयत से बचाकर रखना है। प्रधानमंत्री ने रेल, सड़क, मत्स्य पालन, आईटी और ग्रामीण विकास क्षेत्रों की परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने चंपारण को ऐतिहासिक धरती बताते हुए कहा कि यह धरती अब बिहार के नए भविष्य को बनाने में प्रेरित करेगी। इस दौरान विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बिहार के तेजी से हो रहे विकास और माओवाद के खत्म हो रहे प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चंपारण, गया, औरंगाबाद, जमुई जैसे जिलों में कभी माओवाद का अंधकार था, अब वहां के नौजवान बड़े सपने देख रहे हैं। माओवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने बिहार के युवाओं को राज्य में ही रोजगार देने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि नीतीश सरकार ने पारदर्शिता के साथ लाखों युवाओं को नौकरी दी है। केंद्र सरकार भी इसमें पूरा सहयोग दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बिहार आगे बढ़ रहा है, जिसके ● शेष पेज 11 पर

## कविंदर गुप्ता ने लद्दाख के नए उपराज्यपाल पद की शपथ ली

एजेंसी

लद्दाख। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के नए उपराज्यपाल के रूप में शुक्रवार को कविंदर गुप्ता ने शपथ ली। राज निवास में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव पवन कोतवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से गुप्ता की नियुक्ति का वारंट पढ़ा।

वह केंद्र शासित प्रदेश के तीसरे उपराज्यपाल हैं और ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का स्थान लिया है, जिन्होंने 19 फरवरी, 2024 को केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल का पदभार संभाला था। मिश्रा ने आरके माथुर का स्थान लिया था। जम्मू और कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किये जाने पर 2019 में उन्हें लद्दाख के पहले उपराज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता कविंदर गुप्ता ने अतीत में सरकार और



अपनी पार्टी दोनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वह 2018 में भाजपा-पीडीपी सरकार के दौरान 51 दिनों के लिए जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री रहे। जब भाजपा ने महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया, तो उन्होंने पद छोड़ दिया। जम्मू शहर के जानीपुर इलाके के रखने वाले 66 वर्षीय गुप्ता 2005 से 2010 तक लगातार तीन बार जम्मू के मेयर भी रह चुके हैं। उन्होंने भाजपा की राज्य इकाई के महासचिव के रूप में भी काम किया और 1993 से 1998 तक लगातार दो बार भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की जम्मू-कश्मीर इकाई का नेतृत्व किया। गुप्ता 2014 के विधानसभा ● शेष पेज 11 पर

# प्रयागराज नगर निगम में जीआईएस सर्वे के नाम पर भारी गड़बड़ी, करोड़ों के घोटाले की आशंका

### पहले भी हो चुका कई करोड़ का टैक्स के मामले में घोटाला, कर्नलगंज थाने में दर्ज है रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज में जीआईएस सर्वे के नाम पर किए गए काम को लेकर अब सवालों का अंबार लग गया है। एक ओर जहां लोगों के घरों का टैक्स बिल अचानक कई गुना बढ़ गया है, वहीं संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड में भी भारी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। कहीं जमीन किसी के नाम है, तो मकान किसी और के नाम दर्ज है – और मकान में रह रहा है तीसरा व्यक्ति। ऐसी स्थिति में आम जनता को बेहद असुविधा और भ्रम का सामना करना पड़ रहा है। सर्वे की पारदर्शिता पर सवालइस सर्वे का काम यूपी सरकार द्वारा''निओ जिओ इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड'' नामक कंपनी को सौंपा गया था। कंपनी के प्रोजेक्ट लीडर आदर्श शर्मा ने बताया कि सर्वे का काम वर्ष 2019 में शुरू किया गया और 2022 तक पूरा कर डाटा नगर निगम को सौंप दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हर जोन में इसका प्रकाशन भी कराकर आपत्तियां मांगी गईं और अब जो आपत्तियां आ रही हैं, उनका निपटारा कंपनी कर रही है। परंतु ज़मीनी हकीकत कुछ औरसूत्रों की मानें, तो जीआईएस सर्वे वास्तव में कभी किया ही नहीं गया। केवल कुछ मैन्युअल कर्मचारियों से मकानों की जियो टैगिंग करवाई गई, जबकि वास्तविक फील्ड वेरिफिकेशन और भू-स्वामित्व की जांच नहीं की गई। इसी वजह से कई रिकॉर्ड असत्य और विरोधाभासी हैं। पहले भी हो चुका है घोटालाबताया जा रहा है कि पूर्व सीटीओ पी.के. द्विवेदी के कार्यकाल में भी कई करोड़ रुपये का घोटाला टैक्स से जुड़े मामले में सामने आया था। मामला जब मीडिया में आया, तो दो-तीन लोगों के खिलाफ थाना कर्नलगंज में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई, लेकिन पुलिस ने न तो गहन पूछताछ की, न ही अब तक कोई वसूली या कार्रवाई की योजना बनाई गई है। संभावित घोटाले की जांच होनी चाहिएजानकारों का कहना है कि अगर इस पूरे जीआईएस सर्वे प्रकरण की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो इसमें कई करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश होना तय है। अभी तक नगर निगम के पास न तो कोई स्पष्ट जवाबदेही है और न ही कोई रिकवरी प्लान। वहीं नगर निगम के नए सीटीओ पीके मिश्रा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जीआईएस सर्वे का काम अभी चल रहा है'', जबकि कंपनी ने प्रोजेक्ट लीडर आदर्श शर्मा आधिकारिक तौर पर परियोजना को पूरा घोषित कर डाटा सौंपने की बात कही है। जब उनसे कंपनी के और प्रोजेक्ट मैनेजर आदि के बारे में सवाल किया गया तो वह कुछ बोलते से बचते नजर आए ।

#### जनता सवाल कर रही है

क्या नगर निगम ने बिना सत्यापन के सर्वे रिपोर्ट स्वीकार कर ली?किस अधिकारी ने डाटा सत्यापित किया?अगर सर्वे पूरा हो चुका है तो अभी तक सुधार की प्रक्रिया क्यों लंबित है?और यदि सर्वे हुआ ही नहीं तो भुगतान किस आधार पर हुआ!यह पूरा मामला अब घोटाले की शक्ल ले चुका है। जनता और सामाजिक कार्यकर्ता मांग कर रहे हैं कि इसमें उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

## इलाज के लिए लखनऊ गए शिक्षक दंपती के घर में लाखों की चोरी

### नहीं रुक रहा है नैनी क्षेत्र में अपराध, खुलेआम दलालों के गिरफ्त में थाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**प्रयागराज।** नैनी स्थित मुक्ता बिहार कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब शिक्षक अरुण श्रीवास्तव और उनकी पत्नी मिनाली श्रीवास्तव के घर में चोरी की वारदात सामने आई। जानकारी के अनुसार, दोनों सरकारी शिक्षक हैं। 15 जुलाई को मिनाली श्रीवास्तव की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया, जहाँ अरुण भी उनके साथ गए।घर की देखरेख के लिए पास में रहने वाले एक रिश्तेदार को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन वह भी रात में ताला लगाकर कहीं चले गए। जब दंपती वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था।अरुण श्रीवास्तव के अनुसार, घर से करीब 20 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, सोने का हार, चांदी की पायल और अन्य कीमती जेवरात चोरी हुए हैं, जिनकी कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।सूचना मिलने पर नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।नैनी में बढ़ते अपराध पर उठे सवालस्थानीय लोगों का कहना है कि नैनी क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कुछ दलाल किस्म के तत्वों का थाना पर दबदबा बना हुआ है, जिससे आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इस घटना ने एक बार फिर से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

## अपराधियों से सांठगांठ पर करेली थाने के दो सिपाही निलंबित, कई और पुलिसकर्मियों पर भी गिर सकती है गाज़

प्रयागराज। करेली थाने में तैनात दो सिपाहियों को अपराधियों से सांठगांठ के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद थाने से लेकर अन्य पुलिस महकमों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही करेली थाने में तैनात अन्य पुराने पुलिसकर्मियों को भी हटाया जा सकता है।सूत्रों के मुताबिक, डीसीपी सिटी अभिषेक भारती द्वारा संचालित एक गोपनीय जांच के दौरान पता चला कि करेली थाने में तैनात सिपाही धर्मपाल सिंह और रवि कुमार कुछ अपराधियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचा रहे थे। शिकायत मिलने के बाद डीसीपी ने मामले की गोपनीय जांच करवाई, जिसमें दोनों सिपाही प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए। इसके आधार पर बुधवार को दोनों को निलंबित कर दिया गया तथा विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, न केवल करेली बल्कि कर्नलगंज, जॉर्जटाउन, मुट्ठीगंज, अतरसुइया, एयरपोर्ट और कैंट थाने में भी ऐसे पुलिसकर्मियों की पहचान की जा रही है, जिनकी अपराधियों से मिलीभगत की शिकायतें सामने आई हैं। कुछ पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि वे अपराधियों को संरक्षण देते हैं और उन्हें कानूनी कार्रवाई से बचाते हैं।डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने पुष्टि की कि, ''कार्य में अनियमितता की शिकायत मिलने पर गोपनीय जांच करवाई गई थी। जांच में दोषी पाए गए दो सिपाहियों को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। शेष मामलों पर भी कार्रवाई जारी है।

## भोपाल में आयोजित नेशनल सेमिनार में शामिल हुए बक्कास गांव के प्रधान व सचिव

लखनऊ। गोसाईगंज ब्लॉक की बक्कास ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव ने भोपाल में आयोजित नेशनल सेमिनार में शामिल होकर राजधानी का गौरव बढ़ाया है। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 14 राज्यों की दो दिवसीय नेशनल सेमिनार जीपीएस डीपी पर मध्यप्रदेश के भोपाल में 17 व 18 जुलाई को आयोजित हुई। जिसमें उत्तरप्रदेश के लखनऊ से ग्राम पंचायत बक्कास के प्रधान राजेश कुमार तथा सचिव विनोद कुमार गौड़ ने भाग लिया । जहां पर उन्होंने गांव को मॉडल बनाने व गांव की आय सृजित करने के तरीके विस्तृत रूप से सभी को बताए। बक्कास गांव स्वच्छता की ओर अग्रसर है और मॉडल विलेज बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। पंचायती राज मंत्रालय के सेमिनार में प्रधान और सचिव को बोलने मौका मिला यह लखनऊ और विकास खण्ड गोसाईगंज के लिए काफी गर्व की बात है। इस नेशनल सेमिनार में उपनिदेशक पंचायती राज गिरीश चंद्र रजक के साथ डीपीएम कृष्ण प्रताप सिंह भी शामिल हुए। सेमिनार में आए लोगों ने बक्कास गांव के विकास से संबंधित साफ सफाई व स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित वीडियो देखे। उपस्थित अधिकारियों ने अपने संबोधन में बक्कास गांव के ग्राम प्रधान राजेश कुमार रावत व सचिव विनोद कुमार गौड़ की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का कार्यकर्ता जोड़ो अभियान का बड़ा कार्यक्रम संपन्न हुआ



लखनऊ। गोसाईगंज में सुल्तानपुर रोड से गौरिया मार्ग पर स्थित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल - प्रखंड कार्यालय पर कार्यकर्ता जोडो अभियान की चर्चा की गई।संगठन में नवीन दायित्व की घोषणा की गई। इस मौके पर जिला सह संयोजक विनीत तिवारी को दायित्व दिया गया।गोसाईगंज प्रखंड कार्यालय में उपस्थित रहे प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ,प्रखंड मंत्री अमरदीप यादव ,प्रखंड उपाध्यक्ष शिवकुमार मिश्रा, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश वर्मा ,प्रखंड सत्संग प्रमुख शैलेश वर्मा, शुभम नगर सह संयोजक प्रखंड मीडिया प्रमुख, सुशील कुमार नगर गौ रक्षा प्रमुख, बिपिन यादव सचिन, अंकुश, अंशु, राजवंत यादव, शिवम यादव,(गोसाईगंज प्रखण्ड)के नवीन दायित्व की घोषणा की गई। उपाध्यक्ष शिव राम यादव प्रखण्ड, उपाध्यक्ष ,रामगोपाल विश्वकर्मा ,जय सिंह यादव प्रखंड संयोजक, मनोज कुमार प्रखंड सह संयोजक , राम मिलन, जयंत वर्मा राम प्रघट को दायित्व दिया गया ।संगठन को विश्वास है सभी लोग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे।

## लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों का एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न



लखनऊ । विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा )एवं लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में एक ऑनलाइन मोड पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी जिसका शीर्षक ''महाविद्यालय उच्च शिक्षा में नवाचार, चुनौतियां, संभावनाएं एवं भविष्य'' है का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर कार्यरत प्रो. अश्वनी मिश्रा जी, विशिष्ट वक्ता के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (गुआक्टा) के अध्यक्ष प्रो.लोकेश त्रिपाठी जी उपस्थित रहे। आज की राष्ट्रीय संगोष्ठी के अध्यक्षता लुआक्टा अध्यक्ष प्रो. मनोज पांडे जी द्वारा की गयी ऋतथा कार्यक्रम की संयोजिका एवं खुन खुन जी गर्ल्स पी जी कॉलेज की प्राचार्य प्रो.अंशु केडिया जी के साथ विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य शिक्षक गण एवं प्रतिभागियों ने संगोष्ठी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उद्घाटन सत्र के दौरान सर्वप्रथम लुआक्टा के कोषाध्यक्ष एवं शिया पी जी कॉलेज, लखनऊ।के प्रो. कीर्ति प्रकाश तिवारी जी ने सभी का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र के संचालन का दायित्व डॉ.अनामिका सिंह के द्वारा किया गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अश्वनी मिश्रा जी ने अपने विचारों को सभी प्रतिभागियों के साथ साझा किया उन्होंने बताया कि महाविद्यालयी शिक्षा को उन्नत बनाने के लिए हमें सर्वप्रथम उसमें संख्यात्मक सुधार करना होगा जिसके लिए गुणात्मक सुधार की तरफ बढ़ना जरूरी है। वर्तमान समय में महाविद्यालय स्तर पर घटती छात्र संख्या की समस्या सामने आ रही है इसके संबंध में विचार करना आवश्यक है। उत्तम शोध कार्यों, अच्छे प्रकाशन, नवाचार आदि को बढ़ाकर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता हैं तथा गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त करके ही हमारे विद्यार्थी आत्मनिर्भरता को प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी,समर्थ पोर्टल आदि की उपादेयता को भी बहुत ही सहज ढंग से व्यक्त किया।

## कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में दिनदहाड़े महिला को बंधक बनाकर लाखों की चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। यमुनानगर स्थित कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में आज सुबह करीब 10:00 बजे बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, अज्ञात चोरों ने एक महिला को बंधक बनाकर घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष स्वयं मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। चोरों ने घर में घुसते ही महिला को कब्जे में लेकर धमकाया और अलमारी से जेवर व नकद समेटकर फरार हो गए। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफास्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। उनका कहना है कि कौंधियारा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की वारदातें लगातार हो रही हैं, लेकिन पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही। खुलेआम हो रही ऐसी वारदातें अब लोगों के मन में भय पैदा कर रही हैं।पुलिस ने बताया है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और अज्ञात चोरों की तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

## पुल निर्माण को लेकर महिलाओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। पीडी नगर मार्ग पर प्रस्तावित पुल निर्माण को लेकर स्थानीय महिलाओं ने शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सबस्टेशन के पास सैकड़ों महिलाओं ने सड़क पर बैठकर आवागमन रोक दिया। महिलाओं का कहना था कि पुल का पिलर रिहायशी क्षेत्र के बीच में बनाया जा रहा है। इससे उनके घरों तक जाने के रास्ते बंद हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन या निर्माण एजेंसी ने उनसे कोई राय नहीं ली। सुनीता पटेल, मोहिनी, अमृता, सोनी समेत दर्जनों महिलाएं सड़क पर बैठ गईं। उन्होंने कहा कि जब तक पुल निर्माण की योजना नहीं बदली जाती या वैकल्पिक रास्तों की गारंटी नहीं मिलती, विरोध जारी रहेगा। करीब एक घंटे के प्रदर्शन में एम्बुलेंस, स्कूली वाहन और आम नागरिकों की गाड़ियां कई किलोमीटर तक फंसी रहीं। पहले तीनकोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाया। पुलिस ने फंसे वाहनों को धीरे-धीरे निकाला। पुलिस ने आश्वासन दिया कि प्रशासन स्तर से टीम भेजकर मामले की जांच होगी। कोई भी कार्य बिना विधिवत प्रक्रिया और सहमति के नहीं होगा। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई तो धरना-प्रदर्शन तेज करेंगी और जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव भी करेंगी। पहले से ट्रैफिक व्यवस्था खराब स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले से ही ट्रैफिक की स्थिति खराब है, और यदि निर्माण कार्य इसी तरह बिना पूर्व सूचना के शुरू कर दिया गया तो जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। लोगों ने यह भी मांग की कि पुल का स्थान बदला जाए या फिर रिहायशी इलाकों के लिए वैकल्पिक रास्ते बनवाए जाएं।

## नैनी गुरुद्वारा संगत में सेवादार कमेटी की घोषणा, सिंधी-पंजाबी समाज को भी मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । सावन दी संगरांद (सावन संक्रांति) के पावन अवसर पर नैनी गुरुद्वारा संगत में आयोजित कीर्तन दीवान के दौरान प्रबंध सेवादार कमेटी के पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की गई। मुख सेवादार सुरेंद्र सिंह द्वारा संगत के समक्ष सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए उन्हें उनकी-उनकी सेवादारी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।इस अवसर पर विशेष बात यह रही कि सिंधी और पंजाबी समाज के प्रतिनिधियों को भी प्रमुखता से सेवादारी में स्थान दिया गया, जिससे संगत में सामूहिकता और समरसता का भाव और भी प्रबल हुआ। नई प्रबंध सेवादार कमेटी में पदाधिकारी इस प्रकार हैं:उपाध्यक्षः कमल गुलाटी ,महामंत्रीः चरनजीत सिंह ,सचिवः परमिंदर सिंह बंटी ,उपसचिवः दविंदर सिंह ,कोषाध्यक्षः सतनाम सिंह ,मीडिया प्रभारीः सरदार पतविंदर सिंह ,सूचना प्रभारीः मनप्रीत सिंह कार्यकारिणी सदस्यः गुरनाम सिंह मरवाह, नवीन सिंधी, सुरजीत सिंह, सुनील सेठी, सरनजीत सिंह, उमाशंकर ऐलानी, जगजीत सिंह गोल्डी, कृष्ण कुमार गुलाटी, मलकियत सिंह विरदी व अन्य।इस पावन अवसर पर शब्द कीर्तन, गुरु इतिहास का पाठ, अरदास, तथा हुक्मनामा के बाद गुरु का अटूट लंगर संगत को वितरित किया गया। मीडिया प्रभारी सरदार पतविंदर सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधन का उद्देश्य संगत में सेवा, समर्पण और एकता का भाव बनाए रखना है।

## मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों को पर्याप्त बजट नहीं देती भाजपा सरकार : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हो चुकी है। गरीबों, मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को दर-दर भटकना पड़ता है। इलाज के अभाव में जान चली जा रही हैं भाजपा ने स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा कर दी है। स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्गति के मामले में भाजपा रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बनाती जा रही है। मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मानक के अनुरूप सुविधाएं नहीं है। सरकार मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों को पर्याप्त बजट और संसाधन नहीं देती है, मरीजों को एम्बुलेंस तक नहीं मिल पाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में मरीजों को सुविधा के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा शुरू की थी। भाजपा सरकार ने उसे भी बर्बाद कर दिया। कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर बिल्डिंगे खड़ी है, वहां पर पर्याप्त प्रोफ़ेसर, डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ और जरूरी सुविधाएं नहीं है। कई जिलों के मेडिकल कॉलेज केवल रेफर सेंटर बन कर रह गये है। राजधानी लखनऊ के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज भी गंभीर मरीजों को वेंटीलेटर नहीं दे पाते हैं। कई बार वेंटीलेटर के अभाव में मौत हो जाती है। भाजपा सरकार की लापरवाही और अकर्मण्यता से जनता बेबस है। विभागीय मंत्री का ध्यान स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और समस्याओं पर नहीं हैं, उनकी नज़र कहीं और है।

## नाले में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । चिनहट में कठौता झील के पास नाले में एक बॉडी पड़ी मिली है जिसकी सूचना पर उप निरीक्षक सुशील कुमार मय हमराह घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि एक अज्ञात शव नाम अज्ञात पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात उम्र करीब 50 वर्ष शव पानी में डूबी हुई नाले में पड़ी है। आसपास के लोगों से जानकारी की गई तो उक्त शव के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी । मौके पर वाहन को बुलवाकर शव को नाले से बाहर निकाल कर किट बैग में रखकर सील पैक कर मोर्चरी में भेजा गया । शव का फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से पहचान हेतु भेजा जा रहा है नाम अज्ञात उम्र करीब 50 वर्ष पता अज्ञात जहां पर शव पाया गया कठौता झील के पास चिनहट थाना चिनहट लखनऊ दाहिने हाथ की कलाई पर सीमा लव कृष्णदेव जैसा कुछ लिखा हुआ प्रतीत हो रहा है और दाहिने हाथ की मध्यमा तथा अनामिका अंगुलियों में अंगूठी पहने हुए है । बाएं हाथ की कलाई में काले रंग की घड़ी पहने हुए है। उक्त अज्ञात शव के बारे में जानकारी की जा रही है। जिस किसी को उक्त शव के बारे में कोई भी जानकारी हो तो थाना चिनहट के दूरभाष न0 7839861115 सम्पर्क कर सकते है।

## कृषि विभाग की कार्यवाही में अवैध कीटनाशक निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। कृषि विभाग और पुलिस ने अकरमपुर मगरवारा क्षेत्र में अवैध कीटनाशक निर्माण की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। कृषि रक्षा अधिकारी शशांक को गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने गोदाम पर छापा मारा। छापेमारी में गोदाम से भारी मात्रा में संदिग्ध रॉ मैटेरियल की बोरियां मिलीं। साथ ही कीटनाशक की पैकिंग के लिए गत्ते, मिक्सिंग मशीनें और खाली उर्वरक पैकेट भी बरामद हुए। मौके पर मौजूद लोग इन सामानों के वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। कृषि रक्षा अधिकारी ने बरामद कीटनाशक और उर्वरकों के नमूने लिए हैं। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। नायब तहसीलदार सदर धीरज त्रिपाठी की मौजूदगी में गोदाम को सील कर दिया गया है। आरोपी राजेंद्र पुत्र बाबूलाल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।कृषि रक्षा अधिकारी शशांक ने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियां किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाती हैं। साथ ही पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे सिर्फ अधिकृत विक्रेताओं से ही प्रमाणित कीटनाशक और उर्वरक खरीदें। किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत कृषि विभाग को दें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध कृषि रसायनों के विरुद्ध अभियान और सख्ती से चलाया जाएगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–45 दिनाँक 11.07.2025**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एन्ड कमीशनिंग ऑफ आई.पी. बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम (वी.एस.एस.) इन 1436 आई.सी.एफ. कोचेस इन एन.आर.। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 92,27,02,227.00 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 47,63,500/– मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.07.2025 से 12.08.2025 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2162/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं० | 1188– वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक– 17.07.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ के बंदरियाबाग रेलवे कॉलोनी में HT/LT पैनल, केबल और अन्य संबंधित विद्युत कार्य के प्रावधान द्वारा विद्युत आपूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ करने का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 52,24,367.42/- (बावन लाख चौबीस हजार तीन सौ सड़सठ रुपये एवं बयालीस पैसा मात्र) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,04,500/- (एक लाख चार हजार पांच सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 12.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं०–1188–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 17.07.2025 2178/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उत्तर प्रदेश में मक्का और आलू की खेती से किसानों की आमदनी बढ़ाएगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एक नई पहल की है। सरकार ने मक्का और आलू की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी परियोजना की शुरुआत की है, जिसे 'सार्वजनिक-निजी भागीदारी कृषि मूल्य श्रृंखला विकास परियोजना' कहा गया है। इस योजना के तहत सरकार और निजी कंपनियां मिलकर काम करेंगी, जिससे खेती के बाद की प्रक्रिया जैसे भंडारण, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण और बिक्री को आसान और बेहतर बनाया जाएगा। इससे किसानों को फसल का अच्छा दाम मिलेगा और बर्बादी भी कम होगी।



मक्का के लिए निन्जाकार्ट से साझेदारीप्रदेश सरकार ने मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रमुख एग्री-टेक कंपनी 'निन्जाकार्ट' से समझौता किया है। कंपनी उत्तर प्रदेश के 5 जिलों में 10 हजार से ज्यादा किसानों से हर साल 25 हजार टन मक्का खरीदेगी। यह मक्का एथेनॉल बनाने वाली फैक्ट्रियों को भेजा जाएगा, जिससे भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्य को भी मदद मिलेगी।

आलू के लिए विदेशी कंपनी एग्रिस्टो से सहयोगआलू की खेती और उसके प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए विदेशी कंपनी एग्रिस्टो मासा से समझौता किया गया है। यह कंपनी किसानों को बेहतर किस्म के आलू उगाने, उसकी प्रोसेसिंग और विदेश भेजने की सुविधा देगी। इससे खासकर आलू उत्पादक जिलों में किसानों को नया बाजार और आमदनी का मौका मिलेगा।

महिलाओं और छोटे किसानों को मिलेगा विशेष लाभ

इस परियोजना में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के साथ मिलकर काम किया जाएगा और महिला किसानों को भी प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। उन्हें उन्नत बीज, कृषि मशीनरी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, बीमा और पारदर्शी मूल्य तय करने वाली प्रणाली जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। कोल्ड स्टोरेज और भंडारण की सुविधाफसल कटाई के बाद उत्पाद खराब न हों, इसके लिए कोल्ड चेन, स्टोरेज और ग्रेडिंग की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इससे उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ेगी और नुकसान कम होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह परियोजना किसानों को आधुनिक खेती, अच्छे बाजार और बेहतर आमदनी से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल है।

# सर्वोदय विद्यालयों के शिक्षकों को एआई की दी डिजिटल ट्रेनिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । डिजिटल युग में शिक्षकों को सशक्त बनाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग लगातार सराहनीय पहल कर रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को टीसीएस-सीएसआर स्कूल प्रोग्राम टीम के सहयोग से जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एक इंटरएक्टिव वर्चुअल सत्र का आयोजन शुक्रवार को हुआ। इसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित तकनीकों के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक तकनीक की समझ देना और उसे शिक्षण कार्य से जोड़ना है। सत्र में शिक्षकों को एआई के मूल सिद्धांतों के साथ इसके विविध उपयोगों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान एआई का शिक्षा और संस्थाओं के क्षेत्र में उपयोग और एनसीईआरटी द्वारा प्रस्तावित एआई पाठ्यक्रम की संरचना और दृष्टिकोण जैसे विशेष पहलुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही कई प्रकार के अन्य ऐप भी सुझाए गए, जो शिक्षण कार्य में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। कार्यक्रम में शामिल शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के सत्र उन्हें नई तकनीकों से अपडेट रखने में मददगार साबित होते हैं। कार्यक्रम का संचालन गो आईटी के एचआर निशिथ प्रभ ने किया। वहीं इस मौके पर मैनेजर एचआर मयंक त्यागी, डिलीवरी मैनेजर, सीएसआर आरती रविशंकर और गो आईटी के रिजनल हेड सुजित वैद्य मौजूद रहे। समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि एआई जैसी उभरती तकनीकों को शिक्षा से जोड़ने और युवाओं को तकनीक रूप से सक्षम बनाने के प्रयासों को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को मासिक लेक्चर लिए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी श्रृंखला में विभागीय अधिकारियों की छ्रएआई का समाज कल्याण की योजनाओं मे उपयोगङ्क विषय पर एक विशेष कार्यशाला की जा चुकी है। गौरतलब है कि प्रदेश भर में समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व अन्य वर्गों के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 109 सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं।



# तहसील प्रशासन ने ट्रैक्टर चलवाकर सरकारी भूमि कराया कब्जा मुक्त

**रत्नापुर गांव के ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई, सरकारी भूमि को कराया मुक्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां,लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील प्रशासन ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत रत्नापुर में राजस्व अभिलेखों में दर्ज बंजर सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रत्नापुर परगना निगोहा में कुछ अराजक तत्वों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से धान की फसल बोई गई थी। मामले की शिकायत तहसील समाधान दिवस में ग्रामीणों द्वारा की गई थी। प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराई, जिसमें अवैध कब्जे की पुष्टि होने पर राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया।



शुक्रवार को नायब तहसीलदार निगोहां की अध्यक्षता में गठित राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर की सहायता से फसल को जुतवाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने पूरी सख्ती बरती और अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी।कार्यवाही करने वाली टीम में राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार, अहमद अब्बास, विष्णु प्रताप सिंह, एवं दीपक द्विवेदी शामिल रहे।तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा सहन नहीं किया जाएगा और भविष्य में ऐसी किसी भी स्थिति में कठोरतम कदम उठाए जाएंगे।प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष का माहौल है तथा यह संदेश भी गया है कि अब सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सीएम योगी की मुहिम से बलरामपुर की सुआंव और बहराइच की टेढ़ी नदी में फिर से लौटने लगा जीवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लंबे समय से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहीं बलरामपुर की सुआंव नदी और बहराइच की टेढ़ी नदी अब फिर से जीवंत हो उठी हैं। यह बदलाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक जनपद, एक नदी मुहिम से संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों से प्रदेश की लुप्त होती नदियों के पुनर्जीवन के लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनसहयोग का संगम देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री की मुहिम को ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उनके आह्वान पर स्थानीय श्रमदान के माध्यम से नदियों के पुनरुद्धार में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप मंडल के चार जिलों में विलुप्त हो चुकी नदियों का पुनरुद्धार किया जा रहा है। इससे श्रावस्ती की बूढ़ी राप्ती, गोंडा की मनोरमा नदी अपने मूल स्वरूप में बहने लगी है जबकि बलरामपुर की सुआंव और बहराइच की टेढ़ी नदी के पुनरुद्धार का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। बलरामपुर के जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि एक जनपद, एक नदी अभियान के तहत बलरामपुर की सुआंव नदी का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि लगभग 121 हेक्टेयर लम्बाई और 320.61 वर्ग हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली सुआंव नदी का बहाव वर्षों से अवरुद्ध था। वहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर नदी के पुनरुद्धार का कार्य मिशन मोड में शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुआंव नदी के संरक्षण के लिए कुल 49 कार्य स्थलों की पहचान की गई, जिनमें से 25 पर कार्य प्रारंभ हो चुका है और 24 कार्यों के लिए योजना निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। नदी के पुनरुद्धार के लिए अनुमानित 45,747 मानव-दिवसों का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 13,749 मानव-दिवसों का कार्य पूरा किया जा चुका है। नगर पालिका परिषद द्वारा नदी की सफाई और नालों की मरम्मत के कार्य युद्धस्तर पर कराए जा रहे हैं। जिन स्थानों पर नदी के प्रवाह को बाधित करने वाली गाद और कचरा एकत्र हुआ था, वहां से मशीनों और श्रमिकों के सहयोग से निकासी की जा रही है। इसके अलावा वन विभाग द्वारा नदी के दोनों किनारों पर पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन बहाल हो सके और नदी के किनारे हरियाली का विकास हो। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने के लिए बहराइच में विलुप्त हो चुकी टेढ़ी नदी के पुनरुद्धार का काम जोरों से चल रहा है। यह नदी लगभग 38 किलोमीटर लम्बी है, पिछली सरकारों में अनदेखी की वजह से अपने मूल स्वरूप से भटक गयी थी। इसे दोबारा जनसहयोग से पुनर्जीवित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टेढ़ी नदी के दोनों किनारों की सफाई, झाड़ियां हटाना, गाद निकालना और जलधारा को पुनः सुगम बनाने का कार्य किया जा रहा है। नदी के पुनरुद्धार से न केवल सिंचाई और जल संचयन की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी सुदृढ़ होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं अभियान की प्रगति की नियमित निगरानी कर रहे हैं। उनका मानना है कि जल संसाधनों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनसामान्य की साझेदारी से ही कार्य संभव हो सकता है।



# बलेनो कार और मोटरसाइकिल की टक्कर आमने-सामने की टक्कर से स्कूल संचालक सहित एक अन्य घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। इलाके के लतीफ नगर भटगवां पांडेय मार्ग पर दोपहर करीब 11 बजे एक दुखद हादसा हो गया जिसमें भटगवां पाण्डेय की ओर से जा रही बलेनो कार ठ्घ्32डए2522और सामने से आ रही बुलेट की आपस टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी की बुलेट पर सवार उन्नाव के रामपुर निवासी एक निजी स्कूल संचालक अनिल मिश्रा और उनके स्कूल के अध्यापक शिवा के पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटे आई हैं। घटना होने के बाद मौके पर पहुंचे एंबुलेंस ने दोनों लोगों को बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बलेनो कार को कब्जे ले लिया है। कार मिर्ज़ापुर बेंती निवासी शोभित रावत चला रहे थे। जो उन्नाव के बरा देव तोंद से वापस घर जा रहे थे।

# इस वर्ष 25 फीसदी कॉलेजों को नैक मान्यता दिलाएगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस वर्ष एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। 2025-26 तक प्रदेश के 25 प्रतिशत कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (गइइए) से मान्यता दिलाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। यह प्रयास राज्य के उच्च शिक्षा विभाग एवं उत्तर प्रदेश स्टेट लेवल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (ठ्घ्-ट्टख्रडइए) के सक्रिय प्रयासों का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग में सुधार के लिए की गई पहल के तहत नैक मूल्यांकन हेतु पहले ही 1000 कॉलेजों का चयन किया जा चुका है। यही नहीं, अब तक राज्य के 6 विश्वविद्यालयों ने नैक में ए++ रैंकिंग भी हासिल की है। इसी क्रम में अब 25 प्रतिशत कॉलेजों को नैक मान्यता दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



बाइनरी प्रणाली से आसान हुआ मूल्यांकन

राज्य सरकार ने नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए बाइनरी प्रणाली की शुरुआत की है। यह प्रणाली कॉलेजों के लिए सरल, पारदर्शी और परिणामोन्मुख मूल्यांकन सुनिश्चित करती है, जिससे कॉलेजों को समय पर अपनी स्वीकृति और ग्रेडिंग प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सरकार अब सभी पात्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए समय पर नैक मूल्यांकन को अनिवार्य और जवाबदेही आधारित बनाने जा रही है। इसके लिए एक नई नीति तैयार की जा रही है। इसमें संस्थानों को तय समयसीमा में मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

योगी सरकार का उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और जवाबदेही पर जोर

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल राज्य के शैक्षणिक संस्थानों की वैश्विक स्तर पर साख बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, योग्य शिक्षक और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त संस्थान मिलेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई यह श्रृंखलाबद्ध पहलें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, जवाबदेही और तकनीकी समावेशन को लेकर एक नई मिसाल पेश कर रही हैं। इससे न केवल कॉलेजों की रैंकिंग बेहतर होगी, बल्कि छात्रों का भविष्य भी मजबूत होगा।

## पिपरसंड में बिना वैकल्पिक मार्ग के अन्डरपास की खुदाई का ग्रामीणों ने किया विरोध

सरोजनीनगर। इलाके में बिना वैकल्पिक रास्ता दिए रेलवे विभाग द्वारा अण्डर पास बनाने के लिए खुदाई शुरु करने का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए शुक्रवार को धरना दिया। सवर्ण युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला व भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिह चौहान की अगुवाई में धरना दे रहे ग्रामीणों का कहना था कि अण्डर पास बनने के लिए शुरु हुई इस खुदाई से गॉव का मुख्य रास्ता बिल्कुल बंद हो जायेगा। मामले की जानकारी मिलते ही विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह टीम के निखिल त्रिपाठी व राजेश त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों की माँग का समर्थन किया। इसके बाद कार्यदायी संस्था यूपीसीएल के अधिकारी अरमान ने उच्च अधिकारियो से फोन पर बता करा कर वैकल्पिक रास्ता दिए जाने के बाद ही अण्डर पास का निर्माण किए जाने का आश्वासन देकर करीब साढ़े सात घंटे तक चले इस धरने को समाप्त कराया। गौरतलब है कि पिपरसण्ड रेलवे स्टेशन के गेट संख्या 9 के सामने रेलवे विभाग द्वारा अण्डर पास का निर्माण किया जाना है। इसी गेट से ग्राम पंचायत पिपरसण्ड के मजरे गुलाल खेड़ा का मुख्य रास्ता है।

# धर्मांतरण मामला : गजवा-ए-हिंद मिशन पर था छांगुर, डायरियों से खुलेंगे अहम राज

**विदेशी फंडिंग और हवाला के पैसों को लेकर ईडी की कार्रवाई तेज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र के निवासी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर को लेकर आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। छानबीन के दौरान जांच एजेंसियों के हाथ जो सबूत लगे हैं, उससे यह साफ है कि छांगुर लम्बे समय से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा। अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था ने छांगुर के खिलाफ जांच एजेंसियों के कार्रवाई करने की पुष्टि की है।



छांगुर 'गजवा-ए-हिंद जैसी खतरनाक विचारा से प्रेरिक होकर भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए धर्मांतरण का काम करने लगा। इस काम के लिए उसने एक बड़ा नेटवर्क बनाया, जिसमें बहुत सारे मुस्लिम लोगों को जोड़कर हिंदू लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर धर्मांतरण का कार्य करने लगा। भारत में उसका काम अच्छा चलने पर अब वह नेपाल में अपना पांव पसराने लगा था। उसने नेपाल सीमा से सटे कुछ गांवों के युवाओं पर उसकी नजर थी। हालांकि छांगुर को लेकर अभी तक क्या-क्या कार्रवाई हुई है? इस पर अभी तक कोई अधिकारिक बयान नहीं आया हैं, लेकिन कार्रवाइयां यह बता रही हैं कि छांगुर का मकसद बहुत बड़ा था। जांच टीम के हाथ लगी डायरियों के पन्ने अब उसके कारनामों के राज खोलेंगी।

अवैध धर्मांतरण के मामले में अब ईडी टीम ने जांच शुरू कर दी है। इसको लेकर गुरुवार को ईडी की 20 टीमों ने लखनऊ, बलरामपुर और मुंबई में 15 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की थी। उतरौला के मधपुर गांव में बने छांगुर के ठिकाने पर ईडी की टीम ने विदेशी फंडिंग और हवाला से पैसों की लेन देन की पड़ताल की। मधपुर कोठी के लिए नीतू को जमीन बेचने वाले इसी गांव के पूर्व प्रधान जुम्मन खां, विक्रेता संतोष, भाई दुर्गेश त्रिगुनायक से भी पूछताछ की गई। छांगुर गिरोह से जुड़े सीजेएम कोर्ट में लिपिक राजेश उपाध्याय के लखनऊ आवास पर ईडी टीम ने छापा मारा। राजेश की पत्नी संगीता ने टीम को बताया कि वह छांगुर की संपत्ति में साझेदार है। पूर्व प्रधान ने बताया कि नीतू को 28 बिस्वा जमीन बेची थी। अन्य लोगों ने पांच बीघा 13 बिस्वा जमीन उन्हें बेची थी, जिसका हिसाब ईडी ने लिया है। अवैध धर्मांतरण और फंडिंग को लेकर छानबीन कर रही जांच टीम के हाथ कई सबूत लगे हैं। इसमें एक यह बात सामने निकल कर आयी है कि नेपाल सीमा से सटे गांवों में छांगुर धर्मांतरण के अड्डे खोलने और इस्लामिक मूवमेंट फैलाने की साजिश रच रहा था। उसने 46 गांवों के युवाओं को टारगेट कर एक बड़ी टीम बना ली थी। वह टेरर कैंप बनाना चहता था, जो लोगों को तैयार कर सके। इस काम के लिए उसके पास करीब 10 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना थी। इसके लिए उसके पास विदेशों से भी पैसे आने लगे थे। छांगुर का नेटवर्क केवल यूपी के अलावा महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तराखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ था। वह सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखता था, ताकि उसकी गतिविधियां गुप्त रहें। उसके नेटवर्क में कई रसूखदार लोग, डॉक्टर और अन्य पेशेवर शामिल थे, जो इस अवैध गतिविधि को बढ़ावा दे रहे थे।

कोठी में बनाया था गुप्त ट्रेनिंग सेंटर-

छांगुर के आलीशान कोठी में तहखाना की तरह कमरे बनाए गए थे। यहां पर अवैध धर्मांतरण और अन्य चीजों की ट्रेनिंग दी जाती थी। वह दुबई से धर्मगुरूओं को बुलवाकर विशेष प्रशिक्षण दिलवाता था और शरिया कानून के बारे में लोगों को बताया जाता था। इस संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि छांगुर के खिलाफ जांच एजेंसी अपने स्तर पर कार्रवाइयां कर रही हैं। उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिंगवा थानांतर्गत आम की बाग में मिला राजगीर का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । महिंगवा थाना अंतर्गत गुरुवार की देर रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे आम की बाग में राजगीर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ पाया गया।वही सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार महिंगवा थाना अंतर्गत तारनपुर निवासी अमर सिंह लोधी(45)वर्ष राजगीर का काम करते थे और वह शराब के आदी थे, गुरुवार रात लगभग दस बजे वह पहाड़पुर चौराहा स्थित शराब की दुकान से अत्याधिक शराब पीकर निकले थे और वह जब देर रात तक घर नही पहुंचे तो उनके परिजन उनकी तलाश करने लगे और उनका शव गांव के पास कटीले तारों घिरे आम की बाग में पड़ा हुआ पाया गया।वही थाना प्रभारी महिंगवा शिवमंगल सिंह ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था,पहाड़पुर चौराहे से शराब की दुकान से शराब पीकर घर के लिए निकला था,प्रथम दृष्टया अधिक नशे में होने के कारण वह बाग में लगे कटीलें तारों में फसकर घायल हो गया जिसके बाद मौत हो गई।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण पता चल सकेगा।



# यूरिया खाद की किल्लत को लेकर किसानों का हंगामा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**किसानों का आरोप स्थिति इतनी खराब है कि किसान तीन-तीन दिनों से लाइनों में खड़े हैं लेकिन इसके बाद भी यूरिया नहीं मिल रही है।**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। किसानों ने निघासन एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत के चलते किसान लंबी-लंबी लाइनों में लगने को हुए मजबूर , स्थिति इतनी खराब है कि किसान तीन-तीन दिनों से लाइनों में खड़े हैं लेकिन इसके बाद भी यूरिया नहीं मिल रही है।।निघासन तहसील क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत है, जिससे फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही हैं, किसान सेवा केंद्र और समितियों पर खाद के लिए तड़के ही महिला-पुरुष किसान लाइनों में लग जाते हैं इसके बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल पा रहीं हैं किसान संतोष पुत्र निवासी झंडी के अनुसार वह 7 दिनों से सहकारी समिति के चक्कर लगा रहा हैं लेकिन अभी भी खाद नहीं मिल पाई है उर्मिला पत्नी मटरू निषाद नगर गुड्डी पत्नी करतार कई दिनों से खाद के लिए भटक रही हैं लेकिन एक बोरी खाद की नसीब नहीं हुई हैं,रामलली निवासी बंगलहाकुटी बताती हैं उनके पति की बहुत पहले मृत्यु हो गई थी खेती का काम वही देखते हैं खाद के लिए कई दिनों से सहकारी सीमित व दुकानों के चक्कर लगा रही हैं लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है धान व गन्ने में खाद डालने का समय निकाला जा रहा हैं और हमें खाद नहीं मिल पा रही हैं, किसान तरसेन सिंह ने बताया कि आज सहकारी समिति में खाद का वितरण हो रहा है लेकिन खाद उन्हीं किसानों को दी जा रही है जो सहकारी समिति के सदस्य हैं और जिनकी पकड़ मजबूत है हम तो कई दिनों से सीमित के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल पा रही है।।

## मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामले में अब 22 अगस्त को होगी सुनवाई

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मामले में प्रतिनिधि की हैसियत से सीपीसी के आदेश 1 नियम 8 के अन्तर्गत दाखिल अर्जी को स्वीकार कर लिया है। इसके बाद वाद संख्या 17 को प्रतिनिधित्व वाद मानते हुए कोर्ट इस पर सुनवाई कर निर्णय करेगी। यह आदेश पारित कर कोर्ट ने कहा कि वादी इस संबंध में आवश्यक संशोधन करे।यह आदेश जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र ने मूल वादों की कृष्ण जन्मभूमि -शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मथुरा की सुनवाई करते हुए पारित किया है। मालूम हो कि वाद संख्या 17 में एक अर्जी आदेश 1 नियम 8 सीपीसी के तहत दाखिल कर प्रार्थना की गई थी कि वाद संख्या 17 को सभी वादों के लिए प्रतिनिधित्व वाद मानते हुए इसकी सुनवाई की जाय।मुस्लिम पक्ष की तरफ से कहा गया कि इस आदेश के बाद अन्य वादों की कार्यवाही रोक दी जाय। यह भी कहा गया कि वाद संख्या 17 में जो भी आदेश होगा वह सभी अन्य वादों पर बाध्यकारी व लागू होगा। हाईकोर्ट अब इस मामले पर 22 अगस्त को वाद विंदु विरचित करने को लेकर सुनवाई करेगी।

## भोले नाथ को जल चढ़ाने के लिए भक्त हुए रवाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरगांव सीतापुर। क्षेत्र के नेवादा गांव से तृतीय विशाल कावड़ यात्रा छोटी काशी गोला के लिए निकली।विगत दो वर्षों की भांति ग्राम प्रधान व ग्राम वासियों के सहयोग से शुक्रवार को नेवादा गांव से सैकड़ों शिव भक्तों की संख्या सोमवार को भोले नाथ को जल चढ़ाने के लिए बम बम भोले के जयकारों के साथ रवाना हुए।शिव भक्त डीजे पर भक्तिमय गीतों के साथ नाचते झूमते हुए मस्ती में छोटी काशी की ओर प्रस्थान कर जयकारों के घोष से माहौल गुंजायमान हो गया।ग्राम प्रधान श्रवण कुमार ने बड़ेलिया में कावड़ियों के लिए जल पान की व्यवस्था कर सेवा की।इस अवसर राहुल जायसवाल गोलू वर्मा ब्रजेश पिंकू सुधीर वर्मा सहित सैकड़ों भक्त शामिल रहे।

# डीएम ने की मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डैशबोर्ड को लेकर समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददात

सीतापुर । कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों से संबंधित माह जून 2025 तक की प्रगति एवं माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रही माह जून 2025 के विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक राजस्व वसूली की जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये।

उन्होंने लक्ष्य न पूर्ण करने वाले विभागों के अधिकारियों से लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, नगर निकाय, वन विभाग, खनन आदि विभागों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। ?जिलाधिकारी ने खनन, आबकारी, परिवहन, मण्डी समितियों आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाये। आर0सी0 वसूली में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि लम्बित वादों का समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। अधिक समय से लम्बित वादों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने अभिलेखों में त्रुटि सुधार, नामांतरण, निर्विवादित उत्तराधिकार, स्वामित्व योजना, पैमाइश आदि की भी समीक्षा की। एण्टी भूमाफिया नियम के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाये तथा उसे निस्तारण से अवश्य अवगत कराया जाये। एम0ओ0यू0 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लम्बित एम0ओ0यू0 तत्काल निस्तारित कराए जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए सैम्पलिंग कराते हुए अधोमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वालों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही करें। कांवड़ मार्गों पर खाद्य सामग्री विक्रय से सम्बंधित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाये कि अधोमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय न हो।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वांछित आख्या समय से प्रेषित की जाये, जिससे प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके। उन्होंने आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र आदि समयबद्ध रूप से जारी कराये जाने के निर्देश दिये। महमूदाबाद एवं मिश्रिख ने नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत समस्त तैयारियां समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। ?बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रालोद अपने बलबूते पर उत्तर प्रदेश में लड़ेगा पंचायत चुनाव : डॉ रामाशीष राय

मुरादाबाद । राष्ट्रीय लोकदल आगामी उप्र पंचायत चुनाव अपने बलबूते पर लड़ेगा इसके साथ ही वह एनडीए को भी पंचायत चुनाव में मजबूत करने का काम करेगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हर सीट पर रालोद चुनाव लड़ेगा। यह बातें राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय ने शुक्रवार को मुरादाबाद के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही।रालोद प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का सघन सदस्यता अभियान उत्तर प्रदेश में 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रारम्भ हो गया हैं, जो 30 अक्टूबर तक डॉ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तक चलेगा। इसके साथ ही देश के अन्य प्रदेशों में भी रालोद सदस्यता अभियान चल रहा है। वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव पर रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल एनडीए गठबंधन के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 लड़ेगा। इसके लिए पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी हैं।

# नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर उपनिर्वाचन को लेकर दिशा निर्देश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0, लखनऊ के पत्र दिनांक 16.07.2025 द्वारा नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन के सम्बन्ध में आयोग द्वारा पूर्व में जारी स्थायी आदेशों/परिपत्रों में दिये गये निर्देशानुसार समुचित व्यवस्था/कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद सीतापुर के नगर पालिका परिषद महमूदाबाद एवं मिश्रिख-नैमिषारण्य के रिक्त अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। आयोग के पत्र दिनांक 30.08.2022 द्वारा नगरीय निकायों के चुनाव में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के पद पर निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम व्यय सीमा रू0 9,00,000 निर्धारित की गयी है।उन्होंने आयोग द्वारा पूर्व में निर्गत उक्त पत्र के क्रम में नगरीय निकाय उप निर्वाचन, जुलाई/अगस्त-2025 के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद महमूदाबाद एवं मिश्रिख-नैमिषारण्य रिक्त अध्यक्ष पद हेतु भाग लेने वाले प्रत्याशियों को सूचित किया है कि नामांकन दाखिल करने की तिथि से निर्वाचन परिणाम की घोषणा तक चुनाव प्रचार आदि में प्रतिदिन विभिन्न मदों में जो व्यय किया जाएगा, उसका लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा। चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा एक अलग से खाता खोला जाएगा। उक्त खाते की सूचना रिटर्निंग आफिसर एवं जनपद स्तरीय कमेटी को दी जाएगी। निर्वाचन में व्यय की गई धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खाते से प्रत्याशियों द्वारा की जाएगी। सभी प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर जिसे रिटर्निंग आफिसर द्वारा उन्हे उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें चुनाव प्रचार हेतु व्यय की गई धनराशि को प्रतिदिन दर्ज किया जाएगा। प्रश्नगत निर्वाचन में व्यय हेतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में राजनैतिक दलों से विचार-विमर्श के उपरान्त निर्धारित की गई विभिन्न मदों की दरें मान्य होंगी। उक्त निर्धारित दर रिटर्निंग आफिसर से समस्त प्रत्याशियों को उपलब्ध करायी जायेगी। रिटर्निंग आफिसर द्वारा चुनाव प्रचार से सम्बन्धित सामग्री/वस्तुओं आदि की उक्त निर्धारित दर के सम्बन्ध में सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया जायेगा। निर्वाचन समाप्त होने के उपरान्त सभी प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन परिणाम घोषणा से तीन माह के भीतर निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर मूल व्यय बाउचर सहित जनपद स्तर गठित समिति/प्रभारी अधिकारी (व्यय-लेखा)/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सीतापुर को उपलब्ध कराया जाएगा। निर्वाचन समाप्ति के पश्चात प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत किये गये व्यय लेखा रजिस्टर का प्रभारी अधिकारी (व्यय-लेखा)/वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा परीक्षण किया जायेगा। परीक्षण में यदि किसी प्रत्याशी द्वारा निर्धारित अधिकतम व्यय सीमा से अधिक धनराशि व्यय की गयी पायी जाती है तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी।

# बिजली विभाग की ढिलाई पर भड़के सीडीओ, सड़कों से जल्द शिफ्ट हों ट्रांसफार्मर-पोल, विद्युत आपूर्ति में लाए सुधार

**जिले की 18 प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे ट्रांसफार्मर और पोल,सीडीओ ने दिए निस्तारण के निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले में चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार थमती देख सीडीओ अभिषेक कुमार सख्त हो गए हैं। शुक्रवार को विकास भवन में उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में खासतौर पर उन प्रमुख सड़कों की चर्चा हुई, जिनके सुढ़णीकरण और चौड़ीकरण कार्य में विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर रोड़ा बने हुए हैं।सीडीओ ने साफ शब्दों में कहा कि डॉन बॉस्को-राजापुर मार्ग, एलआरपी-इंदिरा मनोरंजन पार्क मार्ग समेत जिले के 18 प्रमुख मार्गों पर विद्युत पोल और ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग में शिथिलता दिखाई जा रही है, जिससे निर्माण कार्य समय से पूर्ण नहीं हो पा रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण जैसे सार्वजनिक हित के कार्यों में कोई भी देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में सीडीओ ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही विकास कार्यों की प्रगति को बाधित कर रही है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोल व ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं, इसके लिए विभागीय समन्वय और टाइमलाइन आधारित कार्रवाई जरूरी है।सीडीओ ने कहा कि जहां भी कार्य शिथिल पड़ा है, वहां की जमीनी हकीकत देखकर स्वयं निरीक्षण कर जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने चेताया कि यदि कार्य में लापरवाही या लटकाने की प्रवृत्ति पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

**विद्युत आपूर्ति और फाल्ट निस्तारण पर भी फोकस**

बैठक में सीडीओ ने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समयबद्ध और स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसी भी क्षेत्र में बार-बार बिजली फाल्ट की शिकायतें आना गंभीर विषय है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि बिजली से संबंधित शिकायतों की मॉनिटरिंग स्वयं करें और साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि ज्ञजनहित के कार्यों में कोताही करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

## बाबा गौरीशंकर मंदिर बेहजम को मिलेगा पर्यटन विकास का नया आयाम



**मुख्यमंत्री योगी ने दी एक करोड़ की सौगात**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद मे स्थित प्राचीन बाबा गौरीशंकर मंदिर बेहजम के पर्यटन विकास हेतु माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा ?1 करोड़ की विशेष धनराशि स्वीकृत की गई है।यह ऐतिहासिक निर्णय क्षेत्रीय आस्था केंद्र को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बाबा गौरीशंकर मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है, और अब इसके विकास से धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी।स्थानीय जनप्रतिनिधि सौरभ सिंह सोनू ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सौगात न केवल मंदिर के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार में सहायक होगी, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक व सांस्कृतिक विकास को भी सुदृढ़ करेगी।लखीमपुर खीरी के बेहजम कस्बे में स्थित पौराणिक बाबा गौरी शंकर शिव मंदिर का इतिहास बेहद रोचक है। यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है

## कावंड़ियों का पहला जत्था छोटी काशी गोला गोकरण नाथ हुआ रवाना



सिंगाही, खीरी। कस्बे सिंगही के मोहल्ला पूरब टोला से कांवड़ियों का पहला जत्था रवाना हुआ। मोहल्ले के हनुमान मंदिर पर वैदिक पूजन और मंत्रोच्चारण के बाद सभी कांवड़िए कांवड़ लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए निकले। इसके बाद निघासन- सिंगाही रोड पर स्थित सरयू नदी से पवित्र जल लेकर आगे के लिए रवाना हो गए।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ठा. दिनेश सिंह, चेयरमैन मो.कयूम,पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र, प्रदीप कुमार पुरवार, , कमेटी के संरक्षक शिशिर गुप्ता, एडवोकेट उमाकांत जयसवाल,सभासद सूरज कनौजिया सहित अन्य सभासदगण और संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## विभागीय साठगांठ से झोलाछाप डॉक्टरों का चल रहा कारोबार



लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक बांकेगंज की सी एच सी क्षेत्र के अंतर्गत झोलाछाप डॉक्टरों की लंबी लाइन देखी जा सकती है। जो मरीज को बेहतर चिकित्सा का लोभ दिखाकर उनकी जान को जोखिम में डालते देखे जा रहे हैं और जिम्मेदार महकमें के साहबों को यह झोलाछाप डॉक्टर नजर ही नहीं आ रहे हैं आखिर क्यों ? अहम सवाल बना हुआ है। एक तरफ जहां सुबे के स्वास्थ्य मंत्री /डिप्टी सीएम का स्पष्ट निर्देश है कि गैर पंजीकृत क्लीनिक, नर्सिंग होम एवं डायग्नोस्टिक सेंटर सहित झोलाछाप डॉक्टरों पर अभियान चलाकर छापामार करवाई की जाए, जिसके तहत जनपद के अन्य क्षेत्रों में कार्यवाही होते दिखाई भी पड़ रही है किन्तु सी एच सी बांकेगंज अधीक्षक साहब को ग्राम संसारपुर,कुकरा ,जटपुरा, खंजनपुर, में मरीजों की जान से खिलवाड़ करते यह झोलाछाप डॉक्टर आखिर क्यों नहीं दिखाई पड़ रहे हैं? यदि दिखाई पड़ रहे हैं तो उक्त डॉक्टर के ऊपर सीएचसी अधीक्षक बांकेगंज द्वारा कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। ग्रामीण और विभागीय सूत्रों की माने तो यह सारा खेल विभागीय जिम्मेदारों के संज्ञान में किया जा रहा है और साहब को नजराना जाने के आरोप लगाए जा रहे है। सूत्र बताते हैं कि कूकरा में कई झोलाछाप डॉक्टर अपनी मेजों पर नीली पीली गोलियां सजाए बैठे देखे जा सकते है और वही खंजनपुर में चर्चित झोलाछाप डॉक्टर भूपेंद्र यादव व धीरज यादव तथा कुकरा सुनहरा भूड़ पर दो झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान जोखिम में डालने के साथ-साथ शासन के आदेशों को खुली चुनौती देते हुए चिकित्सा करते देखे जा रहे हैं। उक्त के पास कोई भी बैठे डिग्री डिप्लोमा ना है और ना ही मेडिकल स्टोर का लाइसेंस है इसके बावजूद काफी प्रतिबंधित दवाइयां सहित अन्य दवाइयां का भारी मात्रा में स्टाक किये हुए हैं। ठीक ऐसा ही मामला जटपुरा में डॉक्टर सुमित शुक्ला के यहां भी देखा जा सकता है इन जनाब के पास भी कोई भी डिग्री डिप्लोमा ना होने का मामला जन चर्चा का विषय बना है । इसके बावजूद उक्त डॉक्टर सुमित शुक्ला बेखौफ होकर धड़ल्ले से चिकित्सा व्यवस्था का संचालन करते देखे जा सकते हैं। जटपुरा में डॉक्टर राकेश बंगाली भी अपनी क्लीनिक संचालित करके शासन के आदेशों का मजाक उड़ा रहे हैं। सूत्रों की माने तो डॉक्टर सुमित सीएससी अधीक्षक बांकेगंज के बेहद करीबी जाने जाते हैं और बेधड़क खुल्लम-खुल्ला मरीजों का इलाज करते देखा जा सकता है। उक्त आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। आखिर इन लोगों के पास कौन सी वैध चिकित्सा पद्धति की डिग्री है जिस पर चिकित्सा कर रहे हैं और सीएससी अधीक्षक बांकेगंज इन पर खासा मेहरबान दिखाई पड़ रहे हैं। सी एच सी अधीक्षक करें कार्यवाही तो काफी हद तक इस गोरखधंधे पर लगाया जा सकता है लगाम और शासन के आदेशों का प्रभावी अनुपालन कराया जा सकता है। इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज के अधीक्षक डॉक्टर अमित सिंह से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया मामला मेरे संज्ञान में आया है, शीघ्र ही जांच कर झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कारवाई की जाएगी।

# डीएम-एसपी ने खाद वितरण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, पारदर्शी टोकन प्रणाली लागू करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर। जिले में खाद वितरण व्यवस्था की हकीकत परखने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को तीन वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एआरसीएस रजनीश प्रताप सिंह और विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।निरीक्षण की शुरुआत ओयल क्षेत्र स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड (बी पैक्स) पुरवा सावल समिति से की गई, जहां डीएम ने उर्वरक वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली एवं समिति सचिव को जरूरी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान खाद के स्टॉक व अभिलेखों की जांच की तथा किसानों से संवाद कर वितरण की वस्तुस्थिति जानी गई।इसके बाद भुलनपुर स्थित बी पैक्स समिति का निरीक्षण किया। यहां पहले से ही एसडीएम मितौली रेनू मिश्रा निरीक्षण में जुटी मिली। डीएम-एसपी ने समिति में खाद भंडारण, वितरण प्रणाली और अभिलेखों की स्थिति का जायजा लिया। मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी संतुष्टि की स्थिति को भी जाना।निरीक्षण के क्रम में राजापुर मंडी स्थित इफको किसान सेवा केंद्र का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक अरविंद कुमार द्वारा अवगत कराया कि अब तक 222 पुरुष एवं 39 महिला किसानों को टोकन वितरित किए जा चुके हैं तथा टोकन क्रम के अनुसार खाद का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद वितरण हेतु टोकन प्रणाली लागू की जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि टोकन धारकों को निर्धारित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए और किसी भी दशा में कोई भी किसान निराश न लौटे।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन समिति पर खाद वितरण हो रहा है, वहां उस क्षेत्र की खाद उपलब्धता वाली निजी दुकानों की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। लेखपाल यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी अधिकृत विक्रय केंद्र समय से खुलें एवं खाद का वितरण शासन द्वारा निर्धारित दरों एवं मापदंडों के अनुसार हो।एसपी संकल्प शर्मा ने खाद वितरण स्थलों पर तैनात पुलिस कर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं किसानों की सुविधा हेतु सतर्क रहते हुए कर्तव्यों के निर्वहन के निर्देश दिए।

### डीएम के निर्देश पर एसडीएम का एक्शन मोड, खाद वितरण पर कस गई निगरानी

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिले के सभी एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सहकारी समितियों और निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक के स्टॉक, वितरण प्रक्रिया और अभिलेखों की बारीकी से समीक्षा की गई। प्रत्येक केंद्र पर लेखपालों की मौजूदगी सुनिश्चित कराई गई थी, जो मौके पर व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद दिखे। किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को एसडीएम ने दबोचा

निघासन , खीरी। तहसील के मेन गेट केंद्र और प्रदेश सरकार में नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को एसडीएम ने दबोच लिया है। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि लोगों की शिकायत पर वह केंद्र पर पहुंचे। वहां पर भारत सरकार की मोहर लगा एक प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दे रह है। इस प्रमाण पत्र में मोहर से लेकर कई अन्य स्पेलिंग गलत थी। शक के आधार पर एसडीएम ने छापेमारी की और वहां पर भारत और केंद्र सरकार में नौकरी देने का झांसा चल रहा था। इस स्कैम में 26 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। एक अभिभावक ने बताया कि सचिवालय, स्वास्थ्य विभाग, विकास विभाग आदि में नौकरी देने का प्रलोभन दिया जाता था। एसडीएम ने स्वयं सारे केबिन को खंगालकर सारे कागज एकत्रित किया और पुलिस के अलावा शिक्षा विभाग को फोन किया। शिक्षा विभाग से आए रविकुमार, प्रदीप और अखिलेश ने मौके से मिले लैपटॉप, सरकारी मोहर वाली फाइल, असली छात्रों के प्रमाणपत्र आदि बरामद कर सीज किया है। एसडीएम ने इंस्पेक्टर महेश चंद को बुलाकर पढ़ुआ थाने के गांव हथियाबोझ निवासी अभिषेक को हिरासत में लिया है।

# डीएम, एसएसपी ने किया कछला घाट का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएससी डा0 बृजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्रावण मास में कावड़ यात्रा के दृष्टिगत की गई तैयारी का जायजा लेने के लिए कछला घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि वॉच टावर से ठीक प्रकार से निगरानी की जाए तथा सुनिश्चित करें कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। डीएम ने कछला घाट पर बने पुल से मुआयना किया साथ ही घाट के दोनों छोर पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों,नावों की व्यवस्था, गोताखोरों की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रत्येक शुक्रवार की सांय से सोमवार की सांय तक रूट डायवर्जन की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि डायवर्जन व्यवस्था के दौरान यह सुनिश्चित करें कि आम आदमी को परेशानी ना हो साथ ही कांवड़ियों का मार्ग सुगम हो तथा उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने श्रावण मास के दौरान सोमवार व अन्य मुख्य स्नान के दिनों में क्राउड मैनेजमेंट पर कार्य करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने विभिन्न शिविरों व अन्य स्थानों पर वितरित की जा रही खाद्य सामग्री की नियमित रूप से चेकिंग करने के निर्देश दिए वहीं उन्होंने कावड़ मार्ग का भी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पतालों में एंटी वेनम व एंटी रैबीज इंजेक्शन सहित आवश्यक दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## वृद्ध की मौत, पत्नी व बेटे पर गंभीर आरोप

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के भदनी गांव में एक बुजुर्ग की मौत के बाद परिवार में विवाद खड़ा हो गया। मृतक के भाई और भतीजे ने बेटे-बहू पर जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक 65 वर्षीय शिव सिंह सदर कोतवाली क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव के रहने वाले थे। उनकी शादी भदनी गांव की उर्मिला सिंह से हुई थी। शादी के बाद से उनकी पत्नी मायके में रहती थीं। पिछले पांच साल से शिव सिंह भी ससुराल में रह रहे थे। उनका एक बेटा मनीष सिंह है।शिव सिंह पिछले चार महीने से बीमार चल रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने से मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही रुस्तमपुर से उनके भाई और भतीजे भदनी गांव पहुंचे। उन्होंने मनीष और उसकी पत्नी पर जहर देकर हत्या का आरोप लगाया। दोनों पक्षों में बहस और मारपीट भी हुई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मांखी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। हल्का प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पारिवारिक भूमि विवाद से जुड़ा लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।ग्रामीणों का कहना है कि शिव सिंह अक्सर बीमार रहते थे ।

## घूस लेते लेखपाल को एंटी करप्शन ने रंगे हाथ दबोचा




**मुरादाबाद।** प्रदेश के मुरादाबाद से एक घूसखोरी का ममला सामने आया है। यहां पर एंटी करप्शन टीम ने एक्शन लेते हुए एक लेखपाल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि लेखपाल ने फाइल में रिपोर्ट लगाने के बदले पांच हजार रुपये की मांग की थी। जिसके बाद उसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की गई। टीम ने एक्शन लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और 5 हजार रुपये भी बरामद किए।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बदायूँ।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार आज जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।03- अर्ह पात्र मतदाता करा सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरणबदायूँ। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वैभव शर्मा ने जन सामान्य को सूचित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन निर्वाचन आयोग के अपेक्षानुसार 18 वर्ष अथवा अधिक आयु के समस्त पात्र लाभार्थियों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया जाना है। अर्ह पात्र मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में ऑनलाइन पंजीकरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल द्वष्ठ्ठध्य://ण्ध्ष्ठ्न्प.द्गष्द्ब.द्दध्ध.द्बद्व तथा द्बधध्द्गन्न्द्गद्य ख्द्बद्धद्बद्ध थध्ध (द्बद्भद्ध)के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

## थाना कादरचौक में आवासीय बिल्डिंग का हुआ उद्घाटन

**बदायूँ।** राजीव कुमार सिंह विधायक दातागंज, धर्मेन्द्र शाक्य पूर्व विधायक शेखुपुर तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कादरचौक में प्रभारी निरीक्षक कादरचौक के आवासीय निर्माण एवं जीर्णोद्धार का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक कादरचौक धनंजय सिंह उपस्थित रहे।

## संस्थाएं आगे आकर लें टीबी मरीजों को गोद

**बदायूँ।** डाइट ऑडिटोरियम में शुक्रवार को बिल्सी विधायक हरीश शाक्य की अध्यक्षता में टीबी मरीजों को गोद लेने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग टीम संस्था के योगाचार्य गिरधारी सिंह राठौर एवं उनके सदस्यों द्वारा 20 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया। गोद लिए गए सभी टीबी के मरीजों को इस बार छठवीं पोषण पोटली उपलब्ध कराई गयी एवं उनका टीबी का इलाज पूर्ण होने तक उनके स्वास्थ्य की पूर्ण जिम्मेदारी भी ली गयी। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य अपील की है कि इसी तरह से और समाजसेवी संस्थाएं आगे आकर बढ़-चढ़कर टीबी मरीजों को गोद लें, जिससे उनके जीवन को बचाया जा सके। यह बहुत ही पुण्य का कार्य हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी विनेश कुमार ने बताया कि टीबी मरीज समय से पूर्ण 6 माह इलाज लेने पर पूरी तरह से स्वस्थ हो जायेंगे और साथ ही उन्हें निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत 1000 रुपये प्रतिमाह डी.बी.टी के माध्यम से उनके खातों मे दिए जा रहे हैँ इसलिए कोई भी मरीज बीच में इलाज ना छोड़ें नहीं तो टीबी और ख़तरनाक हो सकती है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि 01 जनवरी 2025 से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है, शासन ने इसके अंतर्गत इस कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए इस कार्यक्रम को आगे तक निरंतर जारी रखने का आदेश जारी किया है इसी के अंतर्गत जनपद में 11 जुलाई 2025 से दस्तक अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमे आशा एवं आंगनबाडी कार्यकत्री घर घर जाकर टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त कर ऐसे लोगों को चिन्हित करेंगी जिसमें टीबी होने की सम्भावना अधिक होती है उन सभी की टीबी की जाँच एवं एक्स रे कराना है जिस से कोई टीबी का मरीज इलाज से छूट ना जाये। कार्यक्रम में योग टीम संस्था के योगाचार्य गिरधारी सिंह राठौर एवं उनके सदस्यगण, डॉ0 जुगल किशोर, चंद्र प्रकाश, आवेश पाल सिंह, नवल किशोर, मुकेश सारस्वत, विनोद सक्सेना, योगेंद्र पाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह, सुदेश सक्सेना उपस्थित रहे।

# सर्वोच्च न्यायालय के तत्वाधान में चलाया जा रहा है राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है।अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। जिसमें वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धि तमामले, भूमि अधिग्रहण के मामले व अन्य उपयुक्त दीवानी मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, मनीय आपराधिक मामले आदि का निस्तारण करा सकते हैं। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, विवेक संगल के निर्देशानुपालन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्रीमती षिव कुमारी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक चलाये जा रहे मध्यस्थता अभियान के सन्दर्भ में आम जन-मानस/वादकारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु बैनर, पोस्टर, हैण्ड बिल इत्यादि प्रचार सामिग्री कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ एवं जनपद की समस्त तहसीलों में तैनात पराविधिक स्वयंसेवकगण के माध्यम उपयुक्त स्थानों पर चस्पा एवं वितरण किया जा रहा है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, शिव कुमारी, द्वारा जनपद में आवासित समस्त आम-जनमानस/वादकारियों से अपील है कि उक्त मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने हेतु सुलह योग्य वादों को मध्यस्था केन्द्र, बदायूँ में सन्दर्भित कराना सुनिष्चित करें।

## दो दिन तक बबूल के पेड़ पर भूखा बैठा रहा चरवाहा, बाढ़ से ऐसे बची जान

मीरजापुर । हलिया क्षेत्र में उस समय लोगों की सांसें थम गईं जब खबर आई कि एक चरवाहा दो दिन से बेलन बांध के टापू पर फंसा हुआ है और जान बचाने के लिए बबूल के पेड़ पर भूखा-प्यासा बैठा है। 50 वर्षीय दुर्गा प्रसाद, जो अपने मवेशियों की देखभाल के लिए बांध के भीतर मचान पर रुका था, अचानक बेलन नदी की उफनती धारा में घिर गया।तेज बारिश के कारण अदवा बांध के छह गेट खोले जाने से बेलन नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। दुर्गा प्रसाद ने जानवरों को मचान पर छोड़ खुद बबूल के पेड़ पर चढ़कर जान बचाई और लगातार दो दिन तक वहीं डटा रहा। न भोजन, न पानी, बस जिंदगी की उम्मीद लिए। गुरुवार को परिजन उसे न पाकर खोजबीन शुरू की, तब जाकर असली माजरा सामने आया। बरौंधा पुलिस चौकी इंचार्ज राज करन सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कोल के साथ मौके पर पहुंचे।

# तेजतर्रार एसएसपी ने किया परेड एवं पुलिस लाइन का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को लगवाई गयी दौड़। नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। आपको बता दें कि एसएसपी द्वारा द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन ''डॉ0 देवेन्द्र कुमार'' द्वारा किया गया । टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। रिजर्व पुलिस लाइन, बदायूँ में जे0टी0सी0 हेतु आये नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ का निरीक्षण किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकार बिसौली सुनील कुमार सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, आरटीसी प्रभारी राजेन्द्र सिंह पुण्डीर व प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## कछला गंगा नदी घाट रेलवे पुल पर स्टंटबाजी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ,डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत थाना उझानी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 286/2025 धारा 125 बीएनएस में नामित अभियुक्त आकाश पुत्र अनेकपाल निवासी वार्ड नं0-7 कछला थाना उझानी जनपद बदायूँ को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वही पूछताछ बताया कि इस्ट्राग्राम आई.डी. पर कछला घाट पर स्थित रेलवे पुल से नीचे गंगा नदी में कूद कर नहाने की वीडियों बनाकर वायरल की गयी तथा अनावश्यक रुप से स्टन्टबाजी की गयी। पूछताछ पर इसने बताया कि वह कछला कस्बे का ही रहने वाला है तथा नगर पंचायत कछला में काम करता है और प्राईवेट गोताखोर है। वह भली भाँति तैरना जानता है और बचपन से ही कछला घाट पर रहता है । इसने स्टन्टबाजी की यह रील्स श्रावण माह से पहले जून के महीने में 20 जून व 24 जून को बनाई थी। यह भी बताया कि वीडियो वायरल होने पर इनका प्रचार प्रसार होने पर इसने स्वयं ही अपने इन्स्टाग्राम अकाउण्ट से यह वीडियों डिलीट कर दी है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

## पीएमएमवीआई योजना के लाभ के लिए 31 जुलाई तक चलेगा विशेष प्रचार अभियान

**बदायूँ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बदायूँ में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीआई 2.0) के लाभों को अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 15 से 31 जुलाई 2025 तक एक विशेष जागरूकता एवं प्रचार प्रसार अभियान संचालित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गर्भावस्था की प्रारम्भिक अवस्था में महिलाओं को समय से योजना का लाभ प्राप्त हो, जिससे उनकी पोषण एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके तथा कोई भी पात्र, महिला इस योजना से वंचित न रहे।उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने हेतु सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया है।

# एस.बी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलारी में हुआ इंटर हाउस स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मुरादाबाद। एस.बी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलारी में इंटर हाउस स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई ।जूनियर वर्ग (कक्षा 3 से 5 तक) और सीनियर वर्ग (कक्षा 5 से 8 तक) थी। इस प्रतियोगिता के चार राउंड थे- पहला विजुअल राउंड दूसरा इंडो विजुअल स्पेलिंग तीसरा प्रनंसिएशन राउंड और चौथा बर्जर राउंड था। सभी हाउस के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।जूनियर ग्रुप में डायमंड हाउस से सौरवी अग्रवाल, कार्तिक, ग्रंथ गुप्ता ,आलिया फातिमा और शौर्य चावला और मेधांशी चौधरी ने भाग लिया। ऐमरैल्ड हाउस से आरव गुप्ता, शिवांश गुप्ता ,अहमद रजा, अनिका सिंह, उबिका चौधरी, वान्या ने भाग लिया ।रूबी हाउस से अलविश,रुद्र प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह जोहा हुसैन ,आराध्या सक्सेना और मोहम्मद आतिफ खान ने भाग लिया ।सफायर हाउस से मोहम्मद अजान, अवनी,अश्मीर, आलिया ,काशवी गुप्ता और मोहम्मद आरिज ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में डायमंड हाउस से समर चौधरी ,जैनव, प्रज्ञ चौधरी, प्रभजोत सिंह ,सृष्टि चौधरी, दर्श चौधरी ने भाग लिया ऐमरैल्ड हाउस से एलिजा अली, अलीना शमशाद ,समृद्धि दुबे ,जोया अहमद ,इनाया हुसैन ,जिकरा जेहरा ने भाग लिया।रूबी हाउस से आलिया नूर ,आराध्या गुप्ता, सिद्रातुल मुंतहा ,जरीन रजा, वृद्धि वैश्य और निम्रा वासी ने भाग लिया ।सफायर हाउस से अवंतिका रस्तोगी समेत अन्य लोग मौजद रहे।

# एडीजे ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ द्वारा शुक्रवार को जनपद के जिला कारागार बदायूँ का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बन्दी जो दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436 क से अच्छादित हैं तथा अपनी आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं उससे सम्बन्धित बंदियों की सूची व इनकी रिहाई के सन्दर्भ में किये गये कार्यवाही उपलब्ध कराये जाने हेतु अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया। जिला कारागार बदायूं में पाकशाला एवं समस्त वैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिला कारागार में निरुद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना गया, उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ किया गया तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया गया। इसी क्रम में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, महिला कैदियों से एक-एक कर पूछताछ की गयी इसी क्रम में महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में चीफ एल0ए0डी0सी0, ब्रहमानन्दन गौतम, डिप्टी चीफ एल0ए0डी0सी0, सत्यवीर सिंह, अस्टिेंट एल0ए0डी0सी0, राकेश कुमार यादव, अस्टिेंट एल0ए0डी0सी0, कुमारी कशिश सक्सेना समेत अन्य लोग मौजद रहे।

## स्थानान्तरणः चार कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

बदायूँ । उप जिलाधिकारी न्यायिक बिल्सी/बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को चकबन्दी कार्यालय में समारोह आयोजित कर कार्यालय के तीन लिपिक संवर्ग तथा एक लेखपाल को स्थानान्तरण विदाई दी गई।एस0ओ0सी0 सिंह तथा चकबन्दी अधिकारी अमित कुमार ने स्थानान्तरित कर्मचारियों का माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं और कहा कि लोकसेवा में स्थानान्तरण की एक प्रक्रिया है जिसका अनुपालन प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी को करना ही होता है। उन्होंने स्थानान्तरण कर्मचारियों के कार्य की प्रशन्सा करते हुए कहा कि वह जिस जनपद में रहें पूर्ण लगन के साथ कठिन परिश्रम करें। बतादें कि चकबन्दी कार्यालय के बड़े बाबू योगेश कुमार गुप्ता, सत्यवीर पेशकार, इंतखाब हुसैन पेशकार का जनपद झांसी में तथा लेखपाल प्रदीप कुमार का जनपद शाहजहांपुर स्थानान्तरण हो गया है। सभी को कार्यमुक्त भी कर दिया गया है। चकबन्दी अधिकारी ने कहा कि सभी कर्मचारी काफी कर्मठ एवं मेहनती हैं। ये जहां भी रहेंगे अपनी मेहनत के बल पर अपना मुकाम हासिल करेंगे। स्थानांतरण से विदाई कार्यक्रम काफी गमगीन था।इस अवसर पर कार्यालय के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने माल्यार्पण कर साथियों को विदाई दी।

## उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने आयुर्वेदिक अस्पताल के प्रभारी को किया सम्मानित

**महराजगंज,रायबरेली।** उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल हलोर नगर इकाई के अध्यक्ष प्रदीप कुमार पटेल के नेतृत्व में उनकी टीम के सदस्य आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंचे और नवागंतुक प्रभारी डॉ अंतरिक्ष बैसवार से भेंट मुलाकात कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आपको बता दें कि, प्रदीप पटेल ने बताया- प्रभारी डॉ अंतरिक्ष बैसवार ने अभी हाल ही में कस्बा स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल की कमान संभाले हैं। जिनके कार्य व्यवहार से क्षेत्र की जनता काफी प्रभावित है, वह और उनकी टीम ने डॉक्टर बैसवार से मुलाकात कर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डा बैसवार का अनुभव क्षेत्र की जनता को बेहतर इलाज में सहायक सिद्ध हो रहा है, इसके लिए वह भी डॉक्टर बैसवार के मृदुल व्यवहार से काफी प्रभावित है। हलोल क्षेत्र की जनता को ऐसे ही तजुर्बेकार डॉक्टर की काफी दिनों से इंतजार था, जो कमी अब पूरी हो गई है।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली।** महराजगंज थाना क्षेत्र के बछरावां रोड पर गुरुवार की देर रात रोड हादसे में एक 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस पर लादकर उसे सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना गुरुवार रात लगभग 9:15 बजे की बताई गई है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर त्रिमूरति पेट्रोल पंप के सामने बछरावां की ओर से आ रहे एक बाइक सवार ने पूरे पांडेय मजरे सलेथू गांव के रहने वाले विकास यादव (18) पुत्र संतोष कुमार को जोरदार टक्कर मार दी।

# 59 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवा समाप्ति के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सीडीओ ने जिला पोषण मिशन की बैठक में जीरो से 5 प्रतिशत तक की खराब प्रगति पर 59 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवा समाप्ति करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए।**

बदायूं। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आहूत विभिन्न विभागीय बैठकों की अध्यक्षता करते हुए निर्देशित किया कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो गए हैं उनके हस्तगत करने की कार्रवाई की जाए वहीं उन्होंने जिला पोषण मिशन की बैठक में जीरो से 5 प्रतिशत तक की खराब प्रगति पर 59 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवा समाप्ति करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए।

उन्होंने अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने 50 करोड रुपए से अधिक के ईपीसी मोड में कराए जा रहे निर्माण कार्य व अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों को युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों व कार्यकारी संस्थाओं को दिए। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर मुख्यमंत्री विकास प्राथमिकता के 87 कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए पाया कि 50 कार्यक्रमों में जनपद को ए रैंकिंग, 06 में भी बी, 03 कार्यक्रमों में सी, 02 कार्यक्रमों में डी रैंकिंग मिली है तथा 26 कार्यक्रम ऐसे हैं जिसमें कोई रैंकिंग नहीं मिली है। सीडीओ ने जिला पोषण मिशन की बैठक के दौरान पाया कि चेहरा प्रमाणीकरण व्यवस्था कार्य में 59 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की उपलब्धि शून्य से पांच प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने पाया कि जनपद में चेहरा प्रमाणीकरण के 211182 के लक्ष्य के सापेक्ष 58.76 प्रतिशत कार्य कर लिया गया है शेष पर कार्य जा रही है। उन्होंने बेसिक शिक्षा परिषद के ऐसे 140 प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों जिनको समीप के विद्यालयों में समाहित किया गया है उनके निरीक्षण उपरान्त उनमें बाल वाटिका (आंगनबाड़ी केंद्र) बनाया जाएगा। सीडीओ ने संभव 2.0 अभियान की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग व जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह मानकों का पालन करते हुए कार्यक्रम कराएं तथा पोर्टल पर उसे अपलोड भी कराएं। सीडीओ ने जिला वृक्षारोपण समिति बैठक में पाया कि जनपद में 53 लाख 75 हजार 850 पौधारोपण का लक्ष्य था जिसे पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में जिओ ट्रैकिंग का कार्य कराया जा रहा है यह कार्य 84.58 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जियो टैगिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए।

जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक में सीडीओ ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र के लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कराएं। उन्होंने मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एनजीटी) के आदेशों के क्रम में जनपद में 176 वेटलैंड चिन्हित करने का कार्य किया जा चुका है जिनमें से 160 पर ग्राउंड ट्रुथिंग व बाउंड्री डिमार्केशन का कार्य भी हो चुका है शेष 16 पर तत्काल कार्य पूर्ण करने के निर्देश सीडीओ ने अधिकारियों को दिए वहीं जिला गंगा समिति की बैठक में उनके संज्ञान में आया कि मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण के निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत व पालिकाओं के सीवेज की सूचना एनजीटी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत शतप्रतिशत बच्चों को निःशुल्क यूनिफार्म, कॉपी, किताब आदि सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को समय-समय पर चेक करने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त मार्ग को लेकर ग्रामीणों में रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज, रायबरेली। अमावा ब्लाक के थुलवासा चौराहे से गांव तक विगत एक वर्ष पूर्व ध्बद विभाग से बनवाया गया डामरीकृत मार्ग का बीते गुरुवार को सुबह लगभग 10 बजे ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार उजागर किया था। इस मामले को प्रेस क्लब महाराजगंज के पत्रकारों द्वारा समाचार पत्र ने प्रमुखता से अपने अखबार में स्थान देकर खबर प्रकाशित की थी। खबर का संज्ञान लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अधिकारियों को मौके पर भेज कर स्थलीय निरीक्षण कराया था । जब ग्रामीणों द्वारा प्रमुखता से उठाए गए भ्रष्टाचार का मामला सच पाया तो विभाग सख्ते में आ गया और आनन फानन एक डंपर जिप्सम गिट्टी मौके पर भेज कर मार्ग पर डलवा कर समितिकरण कराया गया यह देखकर ग्रामीण खुशी का ठिकाना नहीं रहा ।

बीते गुरुवार को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 1 वर्ष पूर्व निर्माण कराए गए डामरीकृत मार्ग का थुलवासा गांव के ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार उजागर किया था मामले में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाए गए मार्ग पर हल्की सी बारिश में तालाब में तब्दील हो गया था जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष देखने को मिला था मौके पर पहुंचे पत्रकारों ने इस मामले को प्रमुखता से कवरेज किया था और जब खबर सोशल मीडिया पर चली तो विभाग सख्ते में आ गया। आनन फानन उच्च अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेकर और मौके पर भेज कर जमीनी पड़ताल करवाई तो मामला सच पाया गया। अधिकारियों को 1 साल पूर्व बनवाई गई मार्ग पर लबालब पानी भरा मिला पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मौके पर एक डंपर गिट्टी भिजवा कर मार्ग को दुरुस्त कराया ग्रामीण मोहम्मद जमाल खान शकील अहमद अमित कुमार रिजवान बेग आकिब खान सैफ खान शहजादे खान विनय पटवा नावेद खान बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एक डंपर गिट्टी भिजवा कर मार्ग को दुरुस्त कराया गया है अगर विभाग द्वारा एक डंपर गिट्टी और भेज दी जाती तो ग्रामीणों समेत स्कूली बच्चों को आने जाने के लिए और भी रास्ता सुगम हो जाता उन्होंने विभाग से गुहार लगाई है कि एक डंपर गिट्टी और भेज कर मार्ग को और सही से दुरुस्त कर दिया जाए ताकि कुछ दिनों के लिए कीचड़ और पानी भरे रास्ते से ग्रामीणों को निजात मिल सके।



# वजीरगंज मनरेगा में लूट है, लूट सको तो लूट

**भोपतपुर, बिरहमतपुर, डोडियापारा, गेड़सर, कादीपुर, रायपुर गाँवो में मनरेगा मजदूरों की लगाई जा रही हाजिरी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के वजीरगंज ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टररोल का खेल जारी है।सरकारी धन का बंदरबांट का आलम यह है कि एक यही फोटो अलग-अलग दिन और ई।भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं वही बीडीओ,प्रधान व एपीओ,तकनीकी सहायक समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी मनरेगा योजना को चूना लगाने में लगे हुए हैं।केन्द्र व प्रदेश सरकार मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के वजीरगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारीइस योजना में तमाम




तरह के हथ कंडे अपना कर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जग ह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए इतना ही नहीं,हद तो यह है कि एक ही फोटो को बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है।फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सर कारी धन को चूना लगाया जा रहा है,बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है।वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखा ई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार,प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा यो जना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

### अनियमितता बर्दाश्त नहीं: जिलाधिकारी

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा सख्त हैं और लगातार निगरानी भी करा रही हैं।इतना ही नहीं शिकायतें मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई भी करती रहती हैं लेकिन इसके बावजूद सिस्टम बेपटरी ही है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा का कह ना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मूर्ति चोरी मामले में हटाए गए शरदेंदु पाण्डेय, अनुज को मिली थाने की कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में परसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजा टोला वार्ड में स्थित प्राचीन राज मंदिर से हुई बहुमूल्य अष्टधातु की मूर्तियों की चोरी के माम ले में पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपना या है।घटना के तुरंत बाद थाना प्रभारी निरीक्षक शरदेंदु पाण्डेय को उनके पद से हटा दिया गया है और अब स्वाट टीम प्रभारी को परसपुर थाने की कमान सौंपी गई है।इस हाई-प्रोफाइल चोरी के खुलासे के लिए अनुज त्रिपाठी को जिम्मेदा री दी गई है।घटना परसपुर राज मंदिर में बृह स्पतिवार देर रात हुई थी जहां चोरों ने 15-15 किलो वजन की तीन अष्टधातु की मूर्तियों को चुरा लिया। इतना ही नहीं भगवान लड्डू गोपाल का सिंहासन भी चोर अपने साथ ले गए।चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीमों ने गहन छानबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।परसपुर थाना क्षेत्र में बीते दो महीनों में यह दूसरा मौका है जब किसी थाना ध्यक्ष को बदला गया है।इससे पहले भी कोई भी थानाध्यक्ष अपना एक महीने का कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है, जो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े करता है।यह मामला त्रेता युग से संबंधित प्राचीन परसपुर राज मंदिर का है,जिससे क्षेत्र की जनता में गहरी आस्था जुड़ी हुई है। मूर्तियों की चोरी से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच पुलिस टीमों को इस पूरी घटना की खुलासे के लिए लगाया गया है।पुलिस की कई टीमें इस संवेदनशील मामले के खुलासे के लिए लगातार जुटी हुई हैं और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही हैं।पुलिस अधी क्षक विनीत जायसवाल ने इस मामले को गंभी रता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि परसपुर थानाध्यक्ष लापरवाही बरत रहे थे इसीलिए इन्हें हटा दिया गया है नए थानाध्यक्ष की कमान अनुज त्रिपाठी को दी गई है।

# अधिक से अधिक लिखने की आदत डालें सभी छात्र: आयुक्त

**मोबाइल का सीमित प्रयोग करें,छात्र पूरी लगन से करें पढ़ाई: आयुक्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत चलने वाले सत्र में चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए गोंडा टाउन हॉल में अभ्युदय अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कमिश्नर, सीडीओ एएसपी ने प्रतिभाग किया।साथ ही कार्यक्रम में मंडलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण, पुलिस अधीक्षक की पत्नी व एसोशिएट प्रोफ़ेसर तन्वी जायसवाल व एलबीएस कॉलेज के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।आयुक्त द्वारा सरस्व ती मां के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्य क्रम का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने हॉल में मौजूद सभी छात्रों को पूरी लगन से तैयारी करने एवं जीवन में सफल होने की सीख दी।




उन्होंने कहा कि सभी छात्र अधिक से अधिक लिखने की आदत डालें और अपना शब्दकोश का भंडार बढ़ाएं। अपने ध्यान को केवल पढ़ाई में लगायें। व्यर्थ की चीजों में अपने वक्त को बिल्कुल भी बर्बाद न करें।मोबाइल का इस्तेमाल कम से कम करें।उन्होंने कहा आप सब आपके माता-पिता के सपनों को साकार करें। यह समय आपके लिए बहुत ही कीमती है। इस समय आप जो भी तैयारी करेंगे उसका फल आपको आगे आने वाले जीवन में मिलेगा, यदि आप इस समय को व्यर्थ जाने देंगे तो आपका भविष्य भी अंधकार में चला जाएगा। इसलिए उन्होंने सभी छात्रों से अपील करते हुए कहा कि सभी छात्र पूरी मेहनत व ईमानदारी से परीक्षाओं की तैयारी करें। मुख्यमंत्री जी का संकल्प है कि इस अभ्युदय योजना से होनहार छात्र निकल कर प्रशासनिक सेवा में आए और देश व प्रदेश को अपनी सेवा प्रदान करें।इस मौके पर मौजूद मंडलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण ने सभी छात्र व छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि सफलता के लिए अनुशासित अध्ययन, निरंतर अभ्यास व आत्म-मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को पाठ्यक्रम की गहराई से पढ़ाई करने, ग्रुप डिस्कशन में भाग लेने और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह दी। वहीं सीडीओ अंकिता जैन ने बताया कि यह निशुल्क कोचिंग सुविधा छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी में मदद करेगी। उन्होंने सभी छात्रों से समय का सदुपयोग करने का आग्रह किया।

### छात्रों ने की क्लास रूम में एसी लगवाने की मांग

कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा क्लास रूम में एसी लगवाने की मांग की गयी जिस पर आयुक्त ने तत्काल मुख्य विकास अधिकारी को क्लास रूम में दो ऐसी लगवाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने मौके पर ही आश्वासन दिया किया छात्रों की सुविधा को देखते हुये तत्काल एसी लगवा दिया जायेगा। इस पर सभी छात्रों ने आयुक्त का जोरदार ताली बजाकर आभार व्यक्त किया।

# सड़क दुर्घटनाओं को न्यून से न्यूनतम करने के लिए तैयार की जाए कार्ययोजना: एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जिला सड़क सुरक्षा समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को न्यून से न्यूनतम करने के लिए सड़कों का स्ट्रक्चर, दुर्घटना बहुल्य क्षेत्रों का चिन्हांकन, ब्लैक स्पाट, सड़कों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीबी कैमरों की स्थापना इत्यादि के सम्बंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाय। कमेटी द्वारा तैयार की गयी कार्ययोजना शासन को प्रेषित किया जाय। प्रेषित कार्ययोजना का बजट प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से पत्राचार किया जाय। बजट प्राप्त होने पर कार्ययोजना के अनुसार कार्य करा दिये जाय ताकि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाय। जनपद में तहसील स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाय। ताकि अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों की जानकारी प्राप्त हो सके। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश



दिये गये कि प्रयास करें कि हाईवे पर पानी न रूकने पाये। साथ ही स्थान-स्थान पर रेफ्लेक्टर भी लगाये जाय। विद्यालयों में अभिभावकों के साथ आयोजित होने वाली बैठकों में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित शासन द्वारा जारी गाइड लाइन भी उपलब्ध कराया जाय। सड़क दुर्घटना में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा स्पाट का अवश्य निरीक्षण किया जाय जिससे सड़क दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।एसपी श्री सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों पर क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। एसपी ने कहा कि स्कूली बच्चों के वाहनों के साथ-साथ सभी प्रकार के वाहनों विशेष कर थ्री व्हीलर पर क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने वाले वाहनों, ओवर लोड ट्रकों, ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहनों व बाइकर्स के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाय। एन एच-27 के साथ-साथ दूसरे सभी प्रमुख मार्गों के ब्लैक स्पाट व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों का चिन्हांकन कर वहां पर सोलर लाईटें, रोड के दोनों ओर पटरी का चौड़ीकरण, साइनेज बोर्ड व सुदृढ़ीकरण के साथ ही सड़क की दोनों पटरियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्यवाही भी की जाये। परिवहन विभाग को निर्देश दिया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में बेशकीमती इंसानी मौतों में कमी लाये जाने हेतु प्रतिदिन प्रभावी ढंग से प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय। जिला आबकारी अधिकारी सुंधाशु सिंह को निर्देश दिये गये कि आबकारी की दुकानों पर सीसीटीबी कैमरों की स्थापना करायी जाय और यह भी सुनिश्चित किया जाय कि स्थापित सीसीटीबी कैमरें क्रियाशील भी रहे।बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार ने किया।

# नेशनल लेवल मानीटर टीम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर की गयी चर्चाटीम द्वारा कराये गये कार्यो का किया जायेगा स्थलीय भ्रमण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार के निर्देश के क्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मनरेगा, एनआरएलएम, एनएसएपी, पीएमएवाई-जी, डीडीयू-जीकेवाई, एसएजीवाई, पीएमजीएसवाई, पीएमकेएसवाई, स्वामित्व, पंचायत आधारभूत सत्यापन, डीआईएलआरएमपी और आरएसईटीआई द्वारा कराये गये कार्यों का धरातल पर सत्यापन हेतु नेशनल लेवल मानीटर टीम हेड मनोज दीक्षित द्वारा टीम के सदस्य कन्हैया लाल के साथ विकास भवन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।नेशनल लेवल मानीटर द्वारा योजनाओं एवं कार्यक्रमों का धरातल पर कराये गये कार्यों का स्थलीय भ्रमण भी किया जायेगा। इस अवसर में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपायुक्त श्रम रोजगार रवि शंकर पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी राज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## अर्थी बाबा ने प्रधानमंत्री से की सांसद रविकिशन को मंत्री बनाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** फ़िल्म अभिनेता व सांसद गोरखपुर रविकिशन के जन्मदिन पर बधाई व मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए अर्थी बाबा ने कहा की ज़ब तक हम गोरखपुर सदर लोकसभा से सांसद रवि किशन ज़ी को केंद्र में मंत्री बनावा नही देते तब तक मेरा अभियान जारी रहेगा।गोरखपुर लोक सभा सदर से आज तक कोई सांसद केंद्र मे मिनिस्टर नही रहा है इसलिए गोरखपुर सदर लोकसभा के वोटर के लोक प्रिय सांसद रवि किशन शुक्ला को केंद्र मे मंत्री बनाया जाय और गोरखपुर नाम और गोरखपुर की इज्जत बढ़ाया जाय। उन्होंने कहा कि गोरखपुर सदर लोक सभा के सभी वोटर से निवेदन है की आप फ़ेसबुक हो या कोई सोशल मिडिया पर आवाज उठाएंगे की मोदी ज़ी को सिर्फ गोरखपुर सदर लोकसभा के सांसद को पहला मिनिस्टर बनाने का उपकार करें गोरखपुर क वोटर पर।

# नियमों को ठेंगा दिखा रहे अवैध मेडिकल स्टोर संचालक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में बगैर लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोरों पर अब सिर्फ दवाएं ही नहीं, मरीजों का इलाज भी शुरू हो गया है. कई स्टोर संचालक खुद को डॉक्टर मान बैठे हैं और बगैर किसी योग्यता के लोगों को इंजेक्शन तक लगा रहे हैं. चौंकाने वाली बात यह है कि न तो इन दुकानों पर कोई फार्मासिस्ट है,और न ही इनके पास इलाज करने का कानूनी अधिकार, इसके बावजूद अधिकारी आंखें मूदे हुए हैं।शहर के मोहल्लों,कस्बों और गांवों में ऐसे मेडिकल स्टोर तेजी से बढ़े हैं जहां दवा देने वाला व्यक्ति मरीज को देखकर खुद दवा तय करता है.कहीं बुखार है तो पेनकिलर, कहीं खांसी है तो एंटी बायोटिक,सब कुछ बिना डॉक्टर साहब के पर्ची के के और बिना जांच के, कुछ जगह तो बुखार, उल्टी, डायरिया में इंजेक्शन व डिप तक लगा दिए जाते हैं।स्वास्थ्य विभाग कभी-कभार जांच का नाटक करता है, लेकिन नतीजा शून्य रहता है.विभागीय कर्मचारियों के अनुसार, निरीक्षण से पहले ही मेडिकल स्टोर संचालकों को भनक लग जाती है और वे या तो दुकान बंद कर देते हैं या फर्जी कागजात दिखाकर टीम को भ्रमित कर देते हैं।जिले में करीब हजारो से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित हैं,जिनमें से एक बड़ी एक बड़ी संख्या के पास न तो लाइसेंस है और न ही प्रशिक्षित स्टाफ.पिछले एक साल में विभाग की ओर से मेडिकल स्टोर्स पर ठोस कार्रवाई की मिसाल नहीं मिलत है.मिलती है, तो खाना पूर्ति ही सिर्फ जिसको लेकर लोगो में आक्रोश व्याप्त है।जिला अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों के बाहर संचालित मेडिकल स्टोर डॉक्टरों की मिलीभगत से मोटी कमाई कर रहे हैं मरीजों को वही दवा



लिखी जाती है जो उस खास मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध हो. तीमारदारों को वहीं से लेने की हिदायत दायत देकर दुकान की बिक्री पक्की कर दी जाती है। जिले में अवैध मेडिकल स्टोरों के बढ़ते जाल की वजह से करीब सैकड़ो से अधिक उन मेडि कल संचालकों की छवि भी धूमिल हो रही है, जो पूरी तरह लाइसेंस,प्रशिक्षित फार्मासिस्ट और पक्के बिल के साथ कार्य कर रहे हैं.एक मेडिकल स्टोर संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हमने सारे कागजात पूरे कर रखे हैं, स्टाफ भी प्रशिक्षित है.लेकिन अवैध मेडिकल स्टोरों के कारण मरीजों का भरोसा कमजोर हो गया है.प्रशासन सख्त कार्रवाई करे ताकि हम जैसे लोगों की मेहनत बदनाम न हो।

### मेडिकल स्टोर संचालन के मानक

मान्यता प्राप्त फार्मासिस्ट अनिवार्य हर मेडि कल स्टोर पर एक पंजीकृत और प्रशिक्षित फार्मासिस्ट होना चाहिए।अनुमति आवश्यक मेडिकल स्टोर खोलने से पहले संबंधित ड्रग इंस्पेक्टर से अनुमति लेना जरूरी होता है।पक्के बिल और रजिस्टर सभी खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड रखना और ग्राहक को पक्का बिल देना जरूरी है।नशीली दवाओं की अलग व्यवस्था शेड्यूल-एच जैसी दवाएं बिना डॉक्टर की पर्ची के बेचना गैरकानूनी है।इलाज की अनुमति नहीं मेडिकल स्टोर सिर्फ दवा बेच सकते हैं, इलाज करना कानूनन प्रतिबंधित है।मेडिकल स्टोर पर फिज की अनिवार्यता तापमान नियंत्रित दवाओं के लिए रेफ्रिजरेशन की सुविधा होनी चाहिए।

### क्या बोले जिम्मेदार

ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा जनपद में चल रहे अवैध मेडिकल स्टोरों की शिकायतें गंभीर हैं.न तो इलाज करने का अधि कार है,न स्टोरों पर फार्मासिस्ट ही उपलब्ध हैं, यह मरीजों की जान से खिलवाड़ है.जल्द ही विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा और दोषियों और जिम्मेंदार अफसरों पर भी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.किसी भी हाल में नियमों से समझौता नहीं होगा।

## महाविद्यालय बचाओ को लेकर छात्र पंचायत ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा ज्ञापन



गोण्डा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा महाविद्यालय बचाओ को लेकर गोंडा सि टी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया इस अव सर पर जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि जिले का एकमात्र राजकीय महाविद्यालय वह भी अब बंद होने के कगार पर है क्योंकि यहां पर जितने भी बच्चों का दाखिला है उन सब का भविष्य खतरे में है क्योंकि मां पाटेश्वरी विश्व विद्यालय ने साफ-साफ मना कर दिया कि हमारे पास पैसे नहीं है हम इसको रन नहीं कर पाएंगे व छात्र नेता सतीश मिश्रा ने बताया कि इटियाथोक क्षेत्र के सैकड़ो छात्र खासकर लड़ कियों के लिए महाविद्यालय बहुत ही उपयोगी रहा है और यहां पर तमाम छात्राएं पढ़ भी रही हैं लेकिन अगर महाविद्यालय बंद हो जाएगा तो छात्रों को बाहर जाकर पढ़ना पड़ेगा जिससे उनकी शिक्षा काफी बाधित होगी अतः हमारी यही मांग है कि जल्द से जल्द महाविद्यालय में फिर से पठन-पाठन प्रक्रिया प्रारंभ की जाए इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ल, शुभम तिवारी, अभिषेक तिवारी,रंजीत पांडेय,तहजीब आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने विधायक से की सड़क बनवाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिला मुख्यालय से सटा हुआ ग्राम सभा पूरेशिवा बख्तावर में समाजसेवी ज्ञान मिश्रा की अगुवाई में ग्रामीणों ने एक पत्र लिखकर सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह मांग की है कि पूरेशिवा बख्तावर में आजादी के बाद से आज तक अभी दो रास्ते ऐसे है जो कच्चे है जिसमें करीब सैकड़ो से अधिक मकान बने हुए है। जिन्हें आने जाने के लिए बरसात में कीचड़ का सामना करना पड़ रहा है।आए दिन उस कीचड़ भरे रास्ते में ट्रैक्टर ट्रालियां के फोर व्हीलर वाहन फस जाते हैं।जिससे कि लोगों के रास्ते बंद हो जाते हैं और पैदल चलना मुश्किल हो जाता है।इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने विधा यक को लिखित रूप से आवेदन देकर कहा कि हमारे गांव से मुख्य सड़क तक अभी भी कच्ची रास्ता है।रास्ता कच्ची होने के कारण यहां एबुलेंस,चारचक्का वाहन नहीं आ पाती है और दोपहिया वाहनों की भी दुर्घटना की



संभा वना बनी रहती है। इसके साथ ही बारिश होने पर कच्ची रास्ता के कारण पानी जमा हो जाता है।इस स्थिति में ग्रामीणों को इन्हें पार करना बहुत कठिनाई होती है। इसलिए हमारे गांव की सड़को का निर्माण कराया जाए ताकि ग्रामीणों की परेशानी का समाधान हो सके।इस मौके पर रमाकांत मिश्रा धीरेंद्र तिवारी,संजय मिश्रा,ज्ञानमिश्रा,जीवन लाल,विमला देवी आदि मौजूद थे।

# ट्रेन से गिरकर यात्री घायल, मेडिकल कालेज रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल,बहराइच। जरवल रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक यात्री गम्भीर रुप से घायल हो गया।गम्भीर हालत में यात्री को इलाज के लिए सीएचसी मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया है।जरवलरोड थानाक्षेत्र के जरवलरोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गोरखपुर जा रहे राम अशोक ( 30 ) पुत्र नन्हू पटेल निवासी कोतवाली बाजार पिपराइच ट्रेन से गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गए।गम्भीर हालत में यात्री को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद यात्री की हालत गम्भीर देख मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया है।

### विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत नाजुक

जरवल, बहराइच। अज्ञात कारणों से विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। गम्भीर हालत में परिजन विवाहिता को सीएचसी में भर्ती कराया है।जरवलरोड थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोहर निवासी बबिता ( 35 ) पत्नी बाबादीन ने अज्ञात कारणों से खेत में डालने वाली दवा पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने गंभीर हालत में विवाहिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया, जहां विवाहिता का इलाज इमरजेंसी चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# बच्चों के नामांकन के लिए शिक्षकों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। विकास खंड बल्दीराय के प्राथमिक विद्यालय चक्कारीभीट के शिक्षकों ने शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने की मिसाल पेश की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक निहाल अहमद, सहायक अध्यापक संदीप वर्मा, शिक्षा मित्र मेहरून निशा व मंशा देवी ने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों से संपर्क कर अपील की। शिक्षकों की यह पहल ग्रामीणों को जागरूक करने और बच्चों को स्कूल से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। उन्होंने लोगों को बताया कि बच्चों की शिक्षा ही उनका उज्ज्वल भविष्य तय करती है। साथ ही सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।ग्रामीणों ने शिक्षकों के प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों को स्कूल भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक निहाल अहमद ने कहा कि हर बच्चा स्कूल आए, यही हमारा संकल्प है।



# शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं लेखाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

## लंबित वेतन व पेंशन मामलों पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने लेखा कार्यालय में लंबित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। एओ ने जानकारी दी कि अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के तहत जनपद में कार्यभार ग्रहण कर चुके 125 शिक्षकों में से 71 शिक्षकों का जून माह का वेतन बिल आज कोषागार को भुगतान हेतु भेज दिया गया है, जबकि शेष 54 शिक्षकों का वेतन आगामी सप्ताह तक भुगतान के लिए भेजा जाएगा।इसके अतिरिक्त, एओ महोदय ने बताया कि जिन सेवानिवृत्त शिक्षकों का पीपीओ प्राप्त हो चुका है, उनके अदेय प्रमाण पत्र कोषागार को भेजे जा चुके हैं। ऐसे शिक्षक अब ट्रेजरी जाकर अपनी पेंशन सत्यापित करा सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने एओ महोदय का ध्यान अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर भी आकृष्ट किया, जिसमें लंबित एरियर भुगतान, प्रान कार्ड जनरेट व संशोधन, वेतन से काटी गई आयकर राशि का 26 पर अंकन, प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान, एवं जीपीएफ लेजर अपडेट जैसी मांगें शामिल थीं।एओ महोदय ने संगठन को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, जिला मंत्री राम आशीष मौर्य, उपाध्यक्ष रमेश तिवारी व राधे श्याम मौर्य, संयुक्त मंत्री देशराज, कादीपुर अध्यक्ष अरुण सिंह, मोतिगरपुर अध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला संगठन मंत्री श्रीपाल यादव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति, दूबेपुर मंत्री फिरोज अहमद, बल्दीराय मंत्री हीरालाल यादव एवं कादीपुर से देवी प्रसाद पाल उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष की सांड की टक्कर से हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। थाना अमेठी क्षेत्र के बाई पास पर सांड की टक्कर से भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष की मौत हो गई है।घटना की खबर मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।भाजपा नेताओं के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।थाना मुंशीगंज क्षेत्र के गांव भुसियांवा निवासी राहुल दुबे गुरुवार की रात मोटर साइकिल से घर जा रहे थे तभी अमेठी बाईपास के एक ढाबे के निकट उनकी मोटरसाइकिल एक सांड से टकरा गई जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में उन्हें इलाज के लिये सीएचसी अमेठी ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज के लिये रेफर कर दिया जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा।घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपुल मिश्रा, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, उमेश प्रताप सिंह, धर्मेश मिश्रा, प्रवीण सिंह, अंकित पासी, शरद शंकर मिश्रा, चंद्रमौलि सिंह सहित अन्य तमाम नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। इस सम्बंध में थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# शिक्षिका से व्यापारी के रूप में हासिल किया मुकाम नौकरी के साथ-साथ चटखट अचार बनाने का शुरू किया व्यवसाय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नारी शक्ति की मिसाल बनी शिक्षिका उरूज़ शम्सी किया व्यवसाय में मुकाम हासिल**

पीलीभीत। अगर कोई इरादा मजबूत कर ले तो कोई भी कार्य कठिन नहीं है। अपने मजबूत इरादों के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकता है। ऐसा ही कर दिखाया है जनपद पीलीभीत शहर की रहने वाली शिक्षिका उरूज शम्सी ने उनकी कहानी भी वास्तव में प्रेरणादायक है। उनकी उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता की भावना ने उन्हें एक सफल व्यवसायी बनाया है। एक शिक्षिका के रूप में अपनी नौकरी के साथ-साथ चटखट अचार बनाने का व्यवसाय शुरू करना और अपने पुत्र के साथ मिलकर इसे सफलतापूर्वक चलाना,यह दर्शाता है।कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कितनी मेहनत और समर्पण के साथ काम करती हैं।उनकी यह पहल न केवल उनके लिए बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत है, जो अपने सपनों को पूरा करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षिका उरूज शम्सी की कहानी यह साबित करती है। कि महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर हैं और अपने दम पर सफलता प्राप्त कर सकती हैं।उनके व्यवसाय की सफलता और उनके पुत्र खतीब शम्सी का समर्थन यह दर्शाता है।कि जब महिलाएं अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करती हैं, तो वे न केवल अपने लिए बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। शिक्षिका उरूज शम्सी की कहानी हमें यह सिखाती है।कि आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता के साथ-साथ परिवार और समाज का समर्थन भी सफलता की कुंजी है।उनकी कहानी से हमें यह भी सीखने को मिलता है।

कि चुनौतियों का सामना करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमें अपने जुनून और समर्पण को बनाए रखना चाहिए। शिक्षिका उरूज शम्सी की कहानी हमें प्रेरित करती है। कि हम अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए तभी सफलता हमारे कदम चूमेगी।

## महिला ने मनबढ़ सिपाही पर लगाया अभद्रता का आरोप

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज में तैनात एक मनबढ़ सिपाही पर एक दलित महिला ने गम्भीर आरोप लगाते हुये सूबे के मुख्यमंत्री और आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।पुलिसिया उत्पीड़न से आहत दलित महिला ने सिपाही पर अभद्रता का आरोप लगाते हुये बेवजह थाने पर बुलाने और दस हजार रुपये की मांग का आरोप लगाया है जिसकी जांच क्षेत्राधिकारी तिलोई द्वारा की जा रही है।थाना क्षेत्र के गांव अचाकापुर मजरे सतगवां की एक दलित महिला ने थाना शिवरतनगंज में तैनात एक मनबढ़ सिपाही पर गम्भीर आरोप लगाते हुये मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़िता ने लिखा है कि गांव में चल रहे जमीनी विवाद में उक्त सिपाही विपक्षियों का मददगार बन चुका है और अभद्रता करते हुये आये दिन प्रताड़ित करता रहता है। पीड़िता की मानें तो उक्त सिपाही द्वारा उसके साथ आये दिन अभद्रता की जाती है और रोज बेवजह थाने पर बुलाया जाता है। उक्त मनबढ़ सिपाही द्वारा इतना ही नही पीड़ित परिवार से दस हजार रूपये की मांग की जाती है और उसके पति पर झूठा मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी जा रही है जबकि उसके पति दिल्ली में काम कर रहे है।पुलिसिया कार्यप्रणाली से महिला और उसके परिजन काफी डरे सहमे हुये हैं और न्याय के लिये दर दर भटक रहे हैं। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर अपना दर्द बयां कर न्याय की गुहार लगाई है लेकिन अब देखना यह है कि उक्त रसूखदार सिपाही के आगे दलित महिला को न्याय कब मिलता है यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उक्त मामले की जांच पड़ताल निष्पक्षता के साथ की जा रही है जिसकी रिपोर्ट आईजीआरएस पर प्रेषित कर पीड़ित महिला को अवगत करा दिया जायेगा।

## भूमि पर जबरन कब्जा करने पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव समहा मजरे खानापुर चपरा में बेशकीमती भूमि पर जबरन कब्जा करने और जानमाल की धमकी देने के मामले में चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के गांव समहा मजरे खानापुर चपरा निवासी वकील अहमद पुत्र स्वर्गीय जमील अहमद ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मेरे खेत का गाटा संख्या 1869,1871 का हिस्सा है जो तैबुन निशा ने अपना हिस्सा बेच दिया है अब हमारे हिस्सा की जमीन यह लोग जबरजस्ती कब्जा कर रहे है। बीती आठ जुलाई को विपक्षी लोग जबरजस्ती ईंजन ले जाकर खेत मे पानी लगाकर अपने ट्रैक्टर से जुतवाने जा रहे थे वही पर वह अपनी मां महरूल निशा के साथ मौजूद था और मना किया लेकिन वह लोग नही माने तो मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षो को थाने भेजा दिया लेकिन दूसरा पक्ष थाने नही आया और चोरी से ट्रैक्टर से खेत को जोतवा दिया है। मेरी मां को कुल्हाडी लेकर दौडे कहा अगर खेत मे पैर रखा तो हम तुम्हे जान से मार दूंगा व गालियां भी देते रहे। थाना मोहनगंज पुलिस ने वकील अहमद की तहरीर पर चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

# छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण को लेकर किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। द वर्डेंट पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार की सुबह 11:30 पर स्टेशन चौराहा, प्रसाद टाकीज के पास, कोतवाली रोड सहित नगर के कई मुख्य चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण को लेकर जागरूक किया और अभियान वन महोत्सव के अंतर्गत पौधरोपण करने की अपील की। बच्चों ने अत्यंत जीवंत अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि यदि हम आज पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। नाटक में प्लास्टिक प्रदूषण, वनों की कटाई, जल-संरक्षण और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल, लेकिन प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के एम.डी. श्री असद हुसैन एवं प्रधानाचार्या श्रीमती देवेंद्र कौर ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल शिक्षा का हिस्सा हैं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी उदाहरण हैं।

## मादक पदार्थों के साथ महिला गिरफ्तार ग्राम स्मैक बरामद

पूरनपुर।माधोटांडा पुलिस के कुशल नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना से मादक पदार्थ के साथ महिला को गिरफ्तार कर लिया आरोपी महिला को सायफन नहर के पास से 42 वर्षीय महिला को 78ग्राम स्मैक और 550 ग्राम चरस के गिरफ्तार किया महिला पुलिस को देखकर घबराकर इधर उधर भागने लगी महिला पर संदेह होने पर उससे पूछताछ की गई। इस दौरान महिला कॉन्स्टेबल ने महिला को चेक किया। तलाशी में महिला के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाया गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी महिला मुनारा पत्नी नूर मोहम्मद (42) साल निवासी वार्ड नंबर 4 माधोटांडा को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया गिरफ़्तार करने वाली पुलिस टीम मे लोकेश कुमार, पारुल सिंह, सतेंद्र कुमार, हितेश तोमर, शिवानी राठी मौजूद रही हैं।

# मनरेगा में फर्जी जॉब कार्ड बनाकर सरकारी धन की लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। विकासखंड अखण्डनगर की ग्राम पंचायत धर्मापुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। प्राप्त शिकायत के अनुसार, पात्र जॉब कार्ड धारकों को लाभ नहीं मिल रहा है जबकि अपात्र और फर्जी नामों पर कार्ड बनाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दर्शन पुत्र दयाराम, जो वर्तमान में लखीमपुर खीरी के एक इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, उनके नाम पर मनरेगा के तहत मजदूरी दिखाई गई और वर्ष 2021 से 2024 तक भुगतान किया गया। शिक्षक जैसे पद पर रहते हुए मजदूरी दिखाना और सरकारी फंड का भुगतान होना, मनरेगा की पारदर्शिता और निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि ग्राम पंचायत में और भी कई फर्जी जॉब कार्ड बनाए गए हैं जिन पर बिना कार्य किए ही भुगतान कर दिया गया है। इन्नर से हौसिला प्रसाद के चक तक कच्ची नाली निर्माण जैसे कार्यों में बिना कार्य किए मोबाइल डिवाइस से उपस्थिति दर्शाई गई है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। माप पुस्तिका और मास्टररोल की जाँच से यह जानकारी सामने आई है। इस पूरे घोटाले में स्थानीय अधिकारी, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है।

राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों से माँग की गई है कि राज्य स्तरीय जाँच समिति गठित कर इस मनरेगा घोटाले की निष्पक्ष जाँच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक व दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि मनरेगा जैसी गरीबों के हित की योजना की गरिमा बनी रहे।

## बीएसए ने गांजा तस्करी के आरोपी शिक्षक को किया सस्पेंड

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र अमेठी के प्राथमिक विद्यालय भरथी लोनियापुर के सहायक अध्यापक को रायबरेली पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद बेसिक शिक्षा महकमा हरकत में आया और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलम्बित कर दिया है।बताते चलें कि रायबरेली जनपद के थाना गुरुबख्शगंज पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय भरथी लोनियापुर में तैनात सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार पाण्डेय पुत्र उमा शंकर निवासी ग्राम कटरा राजा हिम्मत सिंह थाना अमेठी के साथ ही सौरभ तिवारी पुत्र प्रभाकर तिवारी निवासी ग्राम बेभौरा थाना लालगंज अखारा जनपद प्रतापगढ़ को साढ़े तेरह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही बेसिक शिक्षा विभाग हरकत में आया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि चौदह जुलाई को थाना गुरुबख्शगंज पुलिस द्वारा शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय को गिरप्तार कर जिला कारागार में निरूद्ध किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी अमेठी की आख्या के आधार पर प्राथमिक विद्यालय भरथी लोनियापुर में तैनात शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है और निलम्बन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## नगर पालिका के अधिकारी जनसुनवाई पोर्टल की शिकायत पर लगा रहे अधूरी रिपोर्ट

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के प्रमुख मार्गों पर छुट्टा जानवर विचरण करते हुए कभी भी देखे जा सकते हैं। जो नगर पालिका द्वारा संचालित गौशालाओं की हकीकत बयान करने के लिए काफी हैं। नगर के निराला नगर मुहल्ले वासियो ने 50 छुट्टा सांडो की फोटो सहित नगरपालिका मे शिकायत की थी। आये दिन छुट्टा सांड बुजुर्गो बच्चों को निशाना बना रहे हैं। ज़ब मुहल्ले वासियो ने इसकी शिकायत की तो केवल छोटा सा बछड़ा पकड़कर नगर पालिका अधिकारियो ने शिकायत बंद कर दिया। जबकि अभी भी कोई ऐसी गली नहीं है जिसमे 2- 4 सांड मौजूद ना हो।निराला नगर से राघवेन्द्र सिंह, अंकुर द्विवेदी, सचिन सिंह, सचिन उपाध्याय सहित मधुरम पाठक ने फिर से शिकायत दर्ज करवाई है।

## लो वोल्टेज और विद्युत कटौती सिंचाई और धान की रोपाई के लिये बनी चुनौती

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुड़वार पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले भंडरा फीडर से जुड़े क्षेत्र के किसान इन दिनों लो वोल्टेज और बार-बार होने वाली विद्युत कटौती से परेशान हैं। स्थानीय निवासी व किसान अमित तिवारी ने बताया कि पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति नियमित नहीं है, जिससे सिंचाई कार्य ठप पड़ा है और फसल को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं पर ढबिया निवासी राजेश यादव बताते हैं विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रूप से न मिलने से धान की रोपाई में व्यवधान उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि दिन में कई बार बिजली जाती है और जब आती भी है तो वोल्टेज इतना कम होता है कि मोटर चालू ही नहीं हो पाती। इस कारण समय पर खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है और खरीफ की फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। किसानों की मांग है कि बिजली आपूर्ति को सुचारु किया जाए और भंडरा फीडर की मरम्मत या सुधार कार्य तत्काल प्रभाव से किया जाए, ताकि खेती-किसानी में और अधिक नुकसान से बचा जा सके।

## अमहट में शब्बेदारी व जुलूस का आयोजन कल

सुल्तानपुर। अंजुमन असगरिया कदीम अमहट की तरफ से रविवार को शाम 7-30 बजे जामा मस्जिद अमहट से शबीह ताबूत का जुलूस उठकर हौसैनिया बादल खॉ पर समाप्त होगा। इसके बाद रात 8 बजे हुसैनिया नौतामीर अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया है जिसमें पेश ख्वानी नायाब बलियावी और मजलिस मौलाना सैयद रईस अहमद जारचवी पढ़ेगे और रात भर तरही शब्बेदारी होगी। इस के बाद सुबह हजरत इमाम जैनुल आबदीन अलैहिस्सलाम के शबीह ताबूत और अमारी का जुलूस निकाल कर करबला के असीरों और करबला के शहीदों के कबरों की मंजर कशी की जायेगी दौराने जुलूस मौलाना सैयद शारिब अब्बास अकबरपुर मौलाना सत्तार नकवी सहारनपुर सैयद हैदर मौलाई तकरीर करेंगे। संचालन जीशान आजमी करेंगे। दौराने जुलूस मुकामी अंजुमनों के अलावा बाहरी अंजुमन शब्बीरिया कानपुर अंजुमन रौनके इसलाम जलालपुर अंजुमन लश्करे हुसैनी लखनऊ नौहा मातम करेंगी। इसकी जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया

# पंकज कलोनी पूरनपुर से डाक कांवड़ यात्रा का पटका डालकर सपा नेता राजकुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, उमड़ा जन सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने पार्टी के नेताओं के साथ आज अपने पर राधाकृष्ण मंदिर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं डाक कांवड़ यात्रियों का पटका डालकर जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर सपा नेताओं प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव एवं सपा नेता कैलाश यादव उर्फ सोनू यादव ने कांवड़ियों का सम्मान करते हुए उन्हें फूलों की मालाएं पहनाई और उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि ''डाक कांवड़ श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है, और हमें इस



पवित्र यात्रा का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा से ही श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के साथ खड़ी रही है और उनकी भावनाओं का सम्मान करती है इसी उद्देश से आज हमने भी कंवड़ियों का पटका पहनाकर एवं श्रद्धा अनुसार सहयोग राशि भी दी है।इस अवसर पर सपा नेताओं ने कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था करने और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का उद्देश्य श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को सुविधा और सम्मान प्रदान करना है।इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा से ही श्रद्धा और आस्था का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि डाक कांवड़ एक पवित्र यात्रा है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से बसंत भारती,जवार लाल शर्मा. पावन गुप्ता.सतीश यादव. सोनू यादव.महेन्द्र सिंह.हरी सिंह. मोहित वर्मा. आशीष वर्मा आदि मौजूद रहे है।

# ओडिशा में भाजपा की नाकामी

ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज की बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तीन दिन तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद सोमवार रात भुवनेश्वर के एम्स में दम तोड़ दिया। 20 साल की इस छात्रा ने यौन उत्पीड़न के आरोपी एक प्रोफ़ेसर के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली थी। छात्रा ने इतना बड़ा कदम किसी भावावेश में नहीं उठाया, बल्कि उस छात्रा ने पहले ही अपनी व्यथा और हताशा जाहिर करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आत्महत्या कर लेगी। इस से पहले पीड़िता ने अपने इलाके के सांसद प्रतापचंद सारंगी से भी शिकायत की थी। पीड़िता की मौत की बात सुनकर खुद भाजपा सांसद श्री सारंगी ने बताया है कि च्च्कुछ दिन पहले लड़की और उसकी दोस्तों ने मुझे घटना की जानकारी दी थी। मैंने प्राचार्य और एसपी से बात की। प्राचार्य ने कहा कि जांच समिति इस पर काम कर रही है और पांच दिनों में समाधान हो जाएगा। लड़की ने बताया था कि वह पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुकी हैज आज जब मैंने खबर सुनी, तो मैंने प्राचार्य को कई बार फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठायाज जब मैंने समिति की रिपोर्ट देखी, तो उसमें कई गलतियां थींज मैंने उन्हें बताया कि आपकी जांच पूरी तरह पक्षपाती है। उनकी रिपोर्ट पीड़िता के बयान से बिल्कुल मेल नहीं खा रही है। भाजपा को और किसी की बात पर यकीन हो न हो, अपने सांसद की बात तो सुननी ही चाहिए। क्योंकि इस बारे में जब राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पीड़िता की मौत भाजपा के सिस्टम की नाकामी की वजह से हुई है, तो केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान उल्टे राहुल गांधी पर आरोप लगा रहे है कि वे घटिया राजनीति कर रहे हैं। मामले का राजनीतिकरण कर रहे हैं। यह भाजपा की ही सोच है, जिसमें पीड़ित के साथ खड़े होना या सरकार से सवाल उठाने को घटिया राजनीति कहा जाता है। मगर ऐसा करते हुए भाजपा भूल जाती है कि ऐसी राजनीति उसने तब खूब की है, जब वह विपक्ष में रहती है। दिल्ली के निर्भया कांड से लेकर प.बंगाल में आर जी कर की घटना तक या फिर राजस्थान में कांग्रेस सरकार के वक्त घटी ऐसी घटनाओं पर सीधे राष्ट्रपति शासन की मांग लगाकर भाजपा ने सरकारों पर सवाल उठाए हैं। ऐसा करने में कुछ गलत नहीं है, क्योंकि कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार पर होती है। महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बने इसमें भी सरकार की ही अहम भूमिका होती है। महिलाओं के लिए समाज में व्यापक तौर पर जो रूढ़िवादी और घृणित मानसिकता बनी हुई है, उसे रातोंरात तो खत्म नहीं किया जा सकता। लेकिन ऐसे में सरकारें चाहें तो थोड़ी सख्ती दिखाकर माहौल को सुधार सकती है। ओडिशा की भाजपा सरकार इस अपेक्षा पर ही खरी नहीं उतरी है। यहां पिछले एक साल में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनमें महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे। अपने मित्र के साथ समुद्र किनारे घूमने आई युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना ने भी राज्य को दहला दिया था, लेकिन उसके बाद कुछ और ऐसे ही मामले हुए। कुछ दिनों पहले ही राहुल गांधी ने ओडिशा में एक सभा की थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि ओडिशा में 40 हजार से ज्यादा महिलाएं गायब हो गई हैं, लेकिन आज तक किसी को नहीं पता कि यह महिलाएं कहां गईं। यहां महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। ओडिशा में हर दिन 15 महिलाओं का रेप होता है, लेकिन यहां की सरकार को इससे कोई मतलब नहीं है। ये सरकार 24 घंटे सिर्फ आपकी जमीन छीनने का काम करती है। इसलिए मैं आपको बताना चाहता हूं- जब भी आपको मेरी और कांग्रेस पार्टी की जरूरत होगी, हम आपके साथ खड़े रहेंगे।बता दें कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में भारी भीड़ जुटी थी, इससे पहले भी अब भाजपाशासित राज्य ओडिशा में कांग्रेस काफी सक्रिय हो गई है। शायद यही वजह है कि अपनी एक और नाकामी पर अब भाजपा ने सुधार करने की जगह राहुल गांधी को निशाना बनाया है। लेकिन क्या इससे जनता को राहत मिलेगी, यह सवाल भाजपा को अपने आप से करना चाहिए। बालासोर घटना एक तरह से चेतावनी है कि सरकार आँखें खोलकर देखे कि किस तरह अपराधी बेखौफ हैं और मासूम लोग पीड़ित हो रहे हैं।

# विपक्ष की लोकतंत्र पर चिंता या सत्तालोभ की राजनीति?

**नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं उनके सहयोगी जब यह कहते हैं कि 'देश में लोकतंत्र समाप्त हो गया है', 'संविधान खतरे में है', तब यह केवल एक राजनीतिक शगूफा प्रतीत होता है, न कि कोई तर्कसम्मत आलोचना। यदि वास्तव में लोकतंत्र खतरे में होता, तो क्या वे हर मंच से खुलकर सरकार की आलोचना कर पाते? क्या संसद, मीडिया, चुनाव आयोग, और न्यायपालिका जैसी संस्थाएं उनके वक्तव्यों को स्थान देतीं? असल में तो 1975 में लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में आये थे जब तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपनी सरकार बचाने हेतु अनुच्छेद 352 के अंतर्गत 'आंतरिक अशांति' के आधार पर आपातकाल लगाया तथा लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार कर हजारों नेताओं एवं बेगुनाह लोगों को कठोर कानूनों के अंतर्गत जेल भेज दिया। आजादी के बाद तब पहली और आखरी बार लोकतंत्र खतरे में आया था, तब संविधान भी खतरे में चला गया था। राहुल गांधी अपने गिरेबान में झांकने एवं कांग्रेस के अतीत को देखने की बजाय मोदी-भाजपा पर लोकतंत्र एवं संविधान को खतरे में डालने का बेबुनियाद, भ्रामक एवं आधारहीन आरोप मंढते हैं। इन त्रासद स्थितियों में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा नहीं, बल्कि अपने खोए हुए जनाधार को पुनः प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। विशेषतः लोकसभा हो या विधानसभा के चुनाव-इनमें जरूरी एवं जनता से जुड़े विषयों को उठाने की बजाय लोकतंत्र एवं संविधान के खतरे में होने के राग से जनता को गुमराह करना आम बात हो गयी है।**

भारतीय लोकतंत्र आज विश्व के सबसे बड़े, जीवंत और जागरूक लोकतंत्रों में गिना जाता है। यह संविधान की मजबूत नींव, संस्थाओं की पारदर्शिता और जनता की जागरूकता से संचालित होता है। परंतु विडंबना यह है कि देश का विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी, बार-बार लोकतंत्र और संविधान पर खतरे की झूठी दुहाई देकर एक अनावश्यक और निरर्थक बहस छेड़ते रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को घेरने एवं दोषी ठहराने के लिये न केवल उन पर आधारहीन आरोप लगाते रहते हैं, वरन देश की संवैधानिक संस्थाओं, प्रक्रियाओं और संविधान के ही खतरे में होने का राग अलापते हुए उन्हें लांछित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे नेता संविधान की दुहाई देते हैं, वे स्वयं संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। लोकतंत्र की आत्मा पर इस तरह का प्रहार विपक्ष की भूमिका पर एक बड़ा प्रश्न है। विडम्बना एवं चिन्ताजनक है कि राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं में भी मोदी-भाजपा का विरोध करते-करते देश-विरोध पर उतर जाते हैं, जिससे विदेशों में भारत की छवि का भारी नुकसान होता है और विदेशियों को लगता था कि भारत में लोकतंत्र और संविधान ढह रहा है। नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं उनके सहयोगी जब यह कहते हैं कि 'देश में लोकतंत्र समाप्त हो गया है', 'संविधान खतरे में है', तब यह केवल एक राजनीतिक शगूफा प्रतीत होता है, न कि कोई तर्कसम्मत आलोचना। यदि वास्तव में लोकतंत्र खतरे में होता, तो क्या वे हर मंच से खुलकर सरकार की आलोचना कर पाते? क्या संसद, मीडिया, चुनाव आयोग, और न्यायपालिका जैसी संस्थाएं उनके वक्तव्यों को स्थान देतीं? असल में तो 1975 में लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में आये थे जब तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपनी सरकार बचाने हेतु अनुच्छेद 352 के अंतर्गत 'आंतरिक अशांति' के आधार पर आपातकाल लगाया तथा लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार कर हजारों नेताओं एवं बेगुनाह लोगों को कठोर कानूनों के अंतर्गत जेल भेज दिया। आजादी के बाद तब पहली और आखरी बार लोकतंत्र खतरे में आया था, तब संविधान भी खतरे में चला गया था। राहुल गांधी अपने गिरेबान में झांकने एवं कांग्रेस के अतीत को देखने की बजाय मोदी-भाजपा पर लोकतंत्र एवं संविधान को खतरे में डालने का बेबुनियाद, भ्रामक एवं आधारहीन आरोप मंढते हैं। इन त्रासद स्थितियों में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा नहीं, बल्कि अपने खोए हुए जनाधार को पुनः प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। विशेषतः लोकसभा हो या विधानसभा के चुनाव-इनमें जरूरी एवं जनता से जुड़े विषयों को उठाने की बजाय लोकतंत्र एवं संविधान के खतरे में होने के राग से जनता को गुमराह करना आम बात हो गयी है। देशभर में एवं अनेक राज्यों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल और म्यांमार आदि के अवैध घुसपैठियें बड़ी मात्रा में घुस आये हैं। अपने वोट बैंक को बढ़ाने के लिये इन घुसपैठियों को इन विपक्षी दलों की शह पर ही जगह मिल रही है, ये घुसपैठियें न केवल फर्जी तरीकों से आधार, पैन, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेज प्राप्त कर कई निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता-सूचियों में अपना नाम अंकित करा लिया है। यह लोकतंत्र, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं जनसंख्या संतुलन के लिए गंभीर खतरा है, चुनाव आयोग ने इस पर अपना रुख सख्त करते हुए सभी राज्यों में 'मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण' का निर्णय लिया है। बिहार में वह ऐसे लोगों की पहचान संबंधी पहल कर चुका है, पर विपक्ष को इस पर आपत्ति है और इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती भी दी। न्यायालय ने आयोग की इस कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई। विपक्ष लम्बे समय से चुनाव आयोग को निशाना बना रहा है, कभी निष्पक्ष मतदान पर तो कभी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सवाल उठाते रहा है। चूंकि चुनाव ही सत्ता की सीढ़ी है, इसलिए लोकसभा चुनाव में परास्त होने और अनेक राज्यों में अप्रासंगिक होने से चुनाव आयोग पर आरोप तथा लांछन लगाना विपक्ष के लिए काफी आसान हो गया है। कभी वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों और निर्णयों पर अंगुली उठाता है, कभी उसे भाजपा के इशारे पर काम करने वाला बताता है, कभी ईवीएम, मतदाता सूची में अनियमितता, डाटा देने में विलंब, दलीय पक्षपात आदि का मुद्दा उठाकर चुनाव आयोग की छवि नष्ट करने का प्रयास करता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को हरी झंडी देकर विपक्ष की बोलती बंद कर दी। विपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में रचनात्मक आलोचना और वैकल्पिक नीतियों के माध्यम से शासन को दिशा देना होती है। किंतु आज का विपक्ष न तो पाकिस्तान-चीन के खतरनाक मनसूंबों, न गरीबी, न महंगाई, न बेरोजगारी, न सांप्रदायिक सौहार्द, न सीमा पर पड़ोसी देशों की चुनौती, और न ही किसानों, युवाओं और महिलाओं की समस्याओं को लेकर कोई ठोस योजना प्रस्तुत कर पा रहा है और न ही इन बुनियादी मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा पा रहा है। उनकी राजनीति केवल मोदी और भाजपा विरोध तक सीमित होकर रह गई है। जब राजनीति 'विकास' की बजाय 'विरोध' पर केंद्रित हो जाए, तो वह जनहित नहीं, केवल सत्ता की भूख बन जाती है। विपक्षी दल मोदी एवं भाजपा पर लगातार आक्रामक हैं।



राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता संविधान की प्रति लहराकर यह दिखाने की कोशिश करते हैं जैसे संविधान खतरे में है और उन्हें उसे बचाना है। लेकिन भारत की जनता अब परिपक्व एवं समझदार हो गयी है, उसे अच्छा-बुरे में फर्क दिखता है। भाजपा पर 'तानाशाही', 'संविधान बदलने की साजिश', 'जनविरोधी नीतियों' जैसे आरोप लगाना विपक्ष की आदत बन चुकी है। किंतु हर बार जनता ने चुनाव में स्पष्ट बहुमत देकर इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जनता जानती है कि ऑपरेशन सिन्दूर, डिजिटल इंडिया, गरीबमुक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत, महिला आरक्षण, जी-20 की सफल अध्यक्षता, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, गरीबों के लिए मुफ्त राशन, उन्नत सड़के, चमकती रेल एवं चमकते रेल्वे स्टेशन, घर, शौचालय और जल जैसी योजनाएं सिर्फ नारों से नहीं, संकल्प और समर्पण से संभव हुई हैं। क्या राहुल गांधी या इंडी गठबंधन के पास कोई ठोस आर्थिक नीति, सुरक्षा रणनीति, या सामाजिक समरसता का ब्लूप्रिंट है? क्या वे यह बता सकते हैं कि वे भारत को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं, या केवल मोदी विरोध को ही नीति मान बैठे हैं? भारतीय जनता राजनीतिक रूप से परिपक्व हो चुकी है। वह अब भावनात्मक और भ्रामक नारों के बजाय ठोस उपलब्धियों और दूरदर्शिता को प्राथमिकता देती है। ऐसे में विपक्ष का यह दुष्प्रचार केवल उनकी साख को ही नुकसान पहुंचा रहा है। विपक्ष को चाहिए कि वह सकारात्मक राजनीति करे, वैकल्पिक नीति प्रस्तुत करे, और जनता के विश्वास को अर्जित करे, न कि लोकतंत्र के अस्तित्व को ही संदेह के घेरे में लाकर अपनी विफलताओं पर पर्दा डाले। राजनीति केवल विरोध नहीं, समाधान का माध्यम होनी चाहिए। **-ललित गर्ग**

# विज्ञान से छंटेगा अंधविश्वास का अंधियारा

**विजय गर्ग**

**आज जबकि विज्ञान ने हमें अति उन्नत प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष यात्रा, बायो इंजीनियरिंग और एआइ जैसे क्षेत्रों में पहुंचा दिया है, वहीं दूसरी तरफ समाज का एक बड़ा तबका अभी भी नींबू- मिर्ची, पुनर्जन्म और भूत-प्रेत जैसी बातों में यकीन करता है। यह विसंगति केवल अशिक्षित वर्ग में ही नहीं है। इसकी जड़ें हमारी सामाजिक संरचना में छिपी हैं, जहां वैज्ञानिक नजरिए को पर्याप्त तवज्जो नहीं दिया जाता।**

बिहार में पूर्णिया जिले के एक गांव टेटगामा में अंधविश्वास में अंधी भीड़ ने पांच निर्दोष जिंदगियों को निगल लिया। 'डायन' करार देकर एक ही परिवार के लोगों को जिंदा जला दिया गया। यह घटना केवल एक वीभत्स अपराध नहीं, बल्कि हमारे समाज में गहराई तक जड़ जमाए अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र और रूढ़िवादी मान्यताओं की डरावनी तस्वीर है, जो बताती है कि वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक चेतना के बीच अब भी एक बहुत बड़ी खाई मौजूद है। आज जबकि विज्ञान ने हमें अति उन्नत प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष यात्रा, बायो इंजीनियरिंग और एआइ जैसे क्षेत्रों में पहुंचा दिया है, वहीं दूसरी तरफ समाज का एक बड़ा तबका अभी भी नींबू-मिर्ची, पुनर्जन्म और भूत-प्रेत जैसी बातों में यकीन करता है। यह विसंगति केवल अशिक्षित वर्ग में ही नहीं है। इसकी जड़ें हमारी सामाजिक संरचना में छिपी हैं, जहां वैज्ञानिक नजरिए को पर्याप्त तवज्जो नहीं दिया जाता। आजादी के बाद वैज्ञानिक नजरिए को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थान और योजनाएं बनीं, किंतु वे समाज के सोच को बदलने में असफल रहीं। जिन तबकों को शिक्षा और समृद्धि नहीं मिली, वे चमत्कारों की आशा में अंधविश्वासों में चिपके रहे। और जिनमें समृद्धि आई, वे उसे खोने के डर से इन्हीं कुरीतियों का अनुसरण करते रहे। दरअसल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण कोई जटिल दर्शन नहीं, बल्कि जीवन को तर्क, प्रमाण और विवेक के साथ समझने का तरीका है। यह नजरिया हमें सिखाता है कि किसी बात को तभी स्वीकारें जब उसके पक्ष में साक्ष्य हो। लेकिन हमारे समाज में जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने के बजाय उसका दमन किया जाता है। यही वजह है कि वैज्ञानिक नजरिए का अभाव सामाजिक जीवन को दिशाहीन बनाए हुए है। संविधान ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नागरिक का मौलिक कर्तव्य घोषित किया है। इसके बावजूद भारतीय विज्ञान कांग्रेस जैसे मंचों पर छद्म-वैज्ञानिक दावों की प्रस्तुति, मीडिया में तर्कहीन विचारों का प्रचार व समाज में पाखंडियों की स्वीकृति यह दर्शाती है कि वैज्ञानिक दृष्टि हमारे समाज की मुख्यधारा नहीं बन सकी है। इसलिए आज जरूरत है सामाजिक जागरूकता की, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रचार की और यह समझने की कि जब हम विज्ञान को केवल तकनीकी लाभों तक सीमित रखते हैं और सोचने की स्वतंत्रता के रूप में नहीं अपनाते, तो हम विकास के नाम पर अंधेरे की ओर बढ़ते हैं। यह अंधेरा ही है, जिसने टेटगामा जैसे गांवों को आज भी 21वीं सदी के उजाले से दूर रखा है। हमें यह मानना ही होगा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही वह रोशनी है, जो अंधविश्वास के इस अंधेरे से समाज को बाहर निकाल सकती है। जब तक हम अपने सोचने के ढंग को नहीं बदलते, तब तक ऐसी घटनाएं हमारे विकास की सच्चाई को कठघरे में खड़ा करती रहेंगी।

## सेहत मंत्र

# सुबह उठते ही पीएं पानी मिलेंगे अनगिनत फायदे!



सेहतमंद रहने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है क्योंकि इससे कई हैल्थ प्रॉब्लम्स दूर होती है। रोज सुबह उठते ही एक गिलास पानी पीएं। दरअसल, सोते समय भी हमारा शरीर काम करता है। ऐसे में सुबह उठते हुए खुद को हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। खाली पेट पानी पीने से पूरे शरीर की सफाई होती है। आज हम आपको बताते हैं कि सुबह उठते ही पानी पीने से क्या फायदे होते है। 1. विषाक्त पदार्थः खाली पेट पानी पीने से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते है जिससे खून साफ रहता है। 2. पाचन प्रक्रिया : सुबह उठते ही पानी पीने से पाचन क्रिया दुरूस्त होती है। इसके अलावा पाचन प्रक्रिया 1.5 घंटे तक 24त्न तक बढ़ जाती है। 3. चमकदार त्वचाः ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो आज से ही सुबह उठते पानी पीएं क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेटेड रहता है, जिससे स्किन सॉफ्ट होती है। 4. कब्ज से छुटकारा : कब्ज की समस्या से छुटकारा पाने के लिए सुबह उठते ही पानी पीएं। खाली पेट पीने से पेट साफ हो जाता है। ऐसे में दिन में जो भी खाते है वह शरीर में आसानी से पच जाता है। 5. अन्य समस्याओं से छुटकारा : सुबह उठते ही पानी पीने से मासिक धर्म, पेशाब और किडनी संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

## धर्म मंत्र

# श्रीकृष्ण के तीन पौराणिक मंत्र किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देते

भगवान श्रीकृष्ण संबंधी मंत्र तो बहुत हैं लेकिन कुछ खास मंत्रों का ही प्रचलन और महत्व है। यहां प्रस्तुत हैं कृष्ण के सरल एवं पौराणिक मंत्र सभी मंत्र को जपने से पूर्व एक बार ? श्री कृश्णाय शरणं मम। मंत्र का उच्चारण अवश्य करें। पहले मंत्र के लिए पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। स्नान पश्चात कुश के आसन पर बैठकर सुबह और शाम संध्या वंदन के समय उक्त मंत्र का 108 बार जाप करें। यह मंत्र जीवन में किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देगा।

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥ दूसरा मंत्र संकटकाल में दोहराया जाता है। जब कभी भी व्यक्ति को आकस्मिक संकट का सामना करना पड़ता है तो तुरंत ही पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ उक्त मंत्र का जाप कर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। ॐ नमः भगवते वासुदेवाय कृष्णाय, क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः। तीसरा मंत्र निरंतर दोहराते रहना चाहिए। उक्त मंत्र को चलते-फिरते उठते-बैठते और कहीं भी किसी भी क्षण में दोहराते रहने से कृष्ण से जुड़ाव रहता है। इस तरह से श्री कृष्ण का निरंतर ध्यान करने से व्यक्ति कृष्ण धारा से जुड़कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग पुष्ट कर लेता है।

'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।, हरे राम हरे राम, राम-राम हरे-हरे। कृष्ण मंत्रों का महत्व-उक्त मंत्र के महत्व को समझते हुए अन्य की ओर जो अपना मन नहीं लगाता वह कृष्ण की शरण में होता है और जो कृष्ण की शरण में है उसे किसी भी प्रकार के रोग और शोक सता नहीं सकते।

## पर्यटन



# छत्तीसगढ़ का शिमला है मैनपाट यहां कूदने पर हिलती है धरती

गर्मियां आते ही लोग ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां पर बस उन्हें गर्मियों से मुक्ति मिल सके। इस वजह से ज्यादातर लोग उतराखंड और हिमाचल प्रदेश के हिल स्टेशनों को चुनते हैं। आज हम आपको ऑफबीट डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां जाकर न सिर्फ आप मजेदार छुट्टियां बिता सकते हैं बल्कि आप इस जगह के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं। हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के शहर मैनपाट की, जिसे 'मिनी शिमला' के नाम से भी जाना जाता है। मैनपाट की खास बातों में शामिल है आलू का पठार, शिमला सा मौसम, तिब्बतियों का बसेरा, हिलती हुई धरती, जमीन पर उमड़ते-घुमड़ते बादल। मैनपाट का टाइगर प्वाइंट एक खूबसूरत झरना है। यहां झरना इतनी तेजी से गिरता है कि शेर के गरजने जैसी आवाज आती है। वहीं यहां के मेहता प्वाइंट में घाटी का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। मछली प्वाइंट भी यहां की खूबसूरत जगहों में से एक है। मैनपाट के पास जलजली वो जगह है, जहां दो से तीन एकड़ धरती काफी नर्म है और यहां कूदने से धरती गद्दे की तरह हिलती है। जलजली के आसपास रहने वालों के मुताबिक कभी यहां जलस्रोत रहा होगा जो समय के साथ ऊपर से सूख गया और अंदर जमीन दलदली रह गई। यह एक टेक्निकल टर्म 'लिक्विफैक्शन' का एक उदाहरण है। वहीं इसका एक सिद्धांत ये भी है कि पृथ्वी के आंतरिक दबाव और पोर स्पेस (खाली स्थान) में सॉलिड के बजाय पानी भरा हुआ है इसलिए यह जगह दलदली और स्पंजी लगती है।10 मार्च 1959 को तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद भारत के जिन पांच इलाकों में तिब्बती शरणार्थियों ने अपना घर-परिवार बसाया, उसमें एक मैनपाट है। मैनपाट के अलग-अलग कैंपों में रहने वाले ये तिब्बती यहां टाऊ, मक्का और आलू की खेती करते हैं।

# जनमानस की बात, जनमानस के साथ राजपा संगठन का उद्देश्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारत का राजनीतिक परिदृश्य हमेशा से ही विविधताओं और परिवर्तनों का गवाह रहा है। इस परिदृश्य में एक नया अध्याय जोड़ा गया है राष्ट्रीय जनमानस पार्टी संगठन के रूप में, जिसकी नींव उन संघर्षशील और उपेक्षित कार्यकर्ताओं ने रखी है, जो पारख महासंघ के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे। यह संगठन न केवल एक राजनीतिक दल के रूप में उभरा है, बल्कि यह आम जनता की आकांक्षाओं, उनके दुख-दर्द और उनकी अनसुनी आवाज को मंच प्रदान करने का एक सशक्त प्रयास है।

उक्त जानकारी देते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सियाराम रावत (बाबूजी) ने बताया कि पारख महासंघ, जो सामाजिक और आर्थिक सुधारों के लिए कार्यरत एक संगठन रहा है, ने अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक



अपनी पहुंच बनाई। हालांकि, समय के साथ इसके कई समर्पित कार्यकर्ताओं ने महसूस किया कि उनकी मेहनत और संघर्ष को वह सम्मान और स्थान नहीं मिला, जिसके वे हकदार थे। उपेक्षा और अवसरों की कमी ने इन कार्यकर्ताओं को एक नया रास्ता चुनने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार, राष्ट्रीय जनमानस पार्टी संगठन का गठन हुआ, जिसका मूल मंत्र है- ''जनमानस की बात, जनमानस के साथ।'' यह संगठन उन लोगों की आवाज बनने का वादा करता है, जिन्हें मुख्यधारा की राजनीति में अक्सर अनदेखा किया जाता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनमानस पार्टी संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से उपेक्षित और वंचित समुदायों, जैसे किसान, मजदूर, युवा, और महिलाओं को सशक्त बनाना है। यह संगठन समावेशी विकास, सामाजिक न्याय, और आर्थिक समानता पर जोर देता है। इसकी विचारधारा में पारदर्शिता, जवाबदेही, और जन-केंद्रित नीतियां शामिल हैं। यह संगठन न तो दक्षिणपंथी और न ही वामपंथी विचारधारा से बंधा है, बल्कि यह एक ऐसी नीति पर आधारित है जो समाज के हर तबके की जरूरतों को प्राथमिकता देती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर यह संगठन विशेष ध्यान दे रहा है।

श्री रावत ने आगे बताया कि राष्ट्रीय जनमानस पार्टी संगठन की रीढ़ इसके कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने पारख महासंघ में अपने अनुभवों से सीखा और अब उस ज्ञान को जनता की सेवा में लगाने का संकल्प लिया है। ये कार्यकर्ता ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सक्रिय हैं और स्थानीय समस्याओं को समझने में सक्षम हैं। इनका संघर्ष केवल राजनीतिक सत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन और जागरूकता का भी प्रतीक है। इन कार्यकर्ताओं का मानना है कि सच्ची राजनीति वही है, जो जनता के दैनिक जीवन को बेहतर बनाए।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री रावत ने कहा कि राष्ट्रीय जनमानस पार्टी संगठन ने अभी अपनी यात्रा शुरू की है, लेकिन इसके इरादे और कार्यकर्ताओं का जोश इसे एक उभरता हुआ मंच बनाता है। यह संगठन स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और जनता के बीच अपनी पैठ बनाने पर ध्यान दे रहा है। यह दल नई पीढ़ी के मतदाताओं, विशेषकर युवाओं को आकर्षित करने के लिए डिजिटल मंचों का उपयोग कर रहा है। साथ ही, यह सामाजिक कार्यों, जैसे शिक्षा अभियानों और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जनता का विश्वास जीतने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनमानस पार्टी संगठन एक ऐसी ताकत के रूप में उभर रहा है, जो उपेक्षित कार्यकर्ताओं के संघर्ष और जनता की अनसुनी आवाज को एक मंच प्रदान करता है। यह संगठन न केवल राजनीतिक परिवर्तन का वाहक है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय का भी प्रतीक है। यदि यह संगठन अपनी नीतियों और कार्यकर्ताओं के समर्पण के साथ आगे बढ़ता रहा, तो यह भारतीय राजनीति में एक नया इतिहास रच सकता है। यह संगठन उन लोगों के लिए आशा की किरण है, जो यह मानते हैं कि सच्ची राजनीति जनता के हित में होनी चाहिए।

## न्यूज 4 ग्राम समाज की जमीन पर प्लाटिंग करने का आरोप एसडीएम से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया महाराजपुर के रहने वाले बाबूराम राठौर पुत्र जोधेलाल ने शुक्रवार दोपहर दो बजे बताया कि कुछ भू माफियाओं के द्वारा गाटा संख्या 174 जो कि ग्राम समाज में दर्ज है। आरोप है उस पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लाटिंग की जा रही हैं। ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर रोक लगाने व जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराने की एसडीएम से मांग की है।

## गोवंश पशुओं की हत्या मामले में एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचाई थाना क्षेत्र के गांव मटैना कॉलोनी के पास में मंगलवार को गोवंश पशुओं के अवशेष मिलने पर गौ सेवक एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर आरोप लगाकर आक्रोश व्यक्त किया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले में मुकदमा दर्ज कर तीन टीमें गठित कर आरोपियों की तलशा शुरु कर दी थी। अभयपुर माधौपुर पुल के पास से एक आरोपी शानू उर्फ सागर पुत्र इश्तयाक निवासी साहूकारा लाइनपार पूरनपुर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त शानू उर्फ सागर ने बताया कि फुरकान पुत्र ईशाक निवासी लाइनपार साहूकारा, कामिल उर्फ मुरादी पुत्र गट्टा निवासी शेरपुर कला थाना पूरनपुर,शामिल उर्फ चुनिया पुत्र भूरा निवासी डगा सुखदासपुर थाना माधोटांडा के साथ मिलकर पशुओं की हत्या की थी। फिलहाल वाकि आरोपी फरार है। शानू उर्फ सागर को गुरुवार दोपहर तीन बजे जेल भेज दिया है।

## जनकापुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली गायत्री का विवाह 2014 में घुघंचाई थाना क्षेत्र के गांव जनकापुर निवासी विजय कुमार के साथ हुआ था। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। जानकारी लगने के बाद सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोगों ने पहुंचकर हत्या का आरोप लगाया। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। घटना को लेकर फील्ड यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटा रही हैं।

# बीईओ कार्यालय से मिला बच्चों के जूते भंडार, गुरुजनों की कारगुजारी उजागर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परसा का स्थानांतरित कम्पोजिट विद्यालय भवन की आज जब साफसफाई की गई तो गुरुजनों की चौंकाने वाली कारगुज़ारी उजागर हुई। बताते हैं कि कक्ष की साफ सफाई के दौरान बच्चों के जूतों का भंडार मिला। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।सिरौली गौसपुर स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा के चार्ज लेने के बाद अपनी सुविधा को देखते हुए अयोध्या लखनऊ हाईवे के नजदीक परसा गांव के कंपोजिट विद्यालय में करीब दो सप्ताह पूर्व शिफ्ट किया गया। और कक्ष खाली पड़ा था। जिसमें आज साफ सफाई के दौरान जूतों का एक ढेर मिला है। यह जूते परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में वितरण के लिए आया था। परंतु वितरित नहीं किया गया। और पड़ा सड रहा है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# भूजल सप्ताह पर संगोष्ठी, पौधों का भंडारा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**छात्रों ने ली ''सेल्फी विद ट्री'', चिकित्सकों व पर्यावरण योद्धाओं को किया गया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । जनहित कल्याण सेवा समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आज डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक सभागार बाराबंकी में ''भूजल सप्ताह 2025'' के अंतर्गत संगोष्ठी, पौधों का भंडारा एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश के अवर अभियंता श्री अनुपम ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए भूजल स्रोतों की सुरक्षा और इसके मानव व पशु स्वास्थ्य पर प्रभाव की महत्ता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंतर्गत ''सेल्फी विद ट्री'', निबंध लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने जल संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि ऽ

''जल ही जीवन है, इसके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। अतः हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह प्रतिदिन कम से कम एक लीटर जल बचाने का संकल्प ले।''

कार्यक्रम के दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार तथा दंत चिकित्सक डॉ. सत्य मित्र को चिकित्सा क्षेत्र में योगदान हेतु सम्मानित किया गया।वहीं, पर्यावरण क्षेत्र में जागरूकता फैलाने हेतु सोशल मीडिया से जुड़े पर्यावरण सेवियों को श्री आशीष वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अवर अभियंता अमोद कुमार एवं पूर्व संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग श्री नन्दलाल मणि त्रिपाठी ने बच्चों को जल के महत्व की जानकारी दी।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रचना श्रीवास्तव ने जल संचयन की पारंपरिक विधियों जैसे कुओं व तालाबों के संरक्षण पर जोर दिया और सभी को आगामी पीढ़ियों के लिए जल बचाने का संकल्प दिलाया।इस गरिमामयी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री आशीष वर्मा (सदस्य, जिला पर्यावरण समिति), आशुवेंद्र वर्मा, डॉ. विवेक कुमार वर्मा, शिवानी वर्मा (सचिव), रवी धीमन, स्वेच्छा वर्मा, मृत्युंजय पटेल, रजत वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# साध्वी श्रद्धा चैतन्य ने सुनाई शिव विवाह की कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आवास विकास कालोनी आंचल स्थित योगाश्रम, शिवा योग पीठम प्रांगण इन दिनों शिव भक्तों से गुलजार है। सावन मास में संगीतमय कथा सुनने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। साध्वी श्रद्धा चैतन्य द्वारा आज शुक्रवार को अपनी संगीत मई कथा के दौरान शिव ,पार्वती विवाह संस्कार का रसास्वादन श्रोताओं को कराया।

इससे पहले साध्वी श्रद्धा चैतन्य ने हिमाचल पुत्री पार्वती की निराहार कठिन तपस्या का प्रसंग भी सुनाया और कहा कि मां पार्वती ने भोले नाथ को प्राप्ति व उनसे विवाह की कामना हेतु कठिन तपस्या की। उन्होंने कहा कि विवाह से पूर्व बकायदा राजा हिमाचल व रानी मैना ने आचार्यो से मुहूर्त भी निकलवाया। ब्रह्मा जी ने भी पार्वती व शिव की जन्मपत्री को विचार कर दोनों के विवाह को उत्तम वा मंगल कारी बताया। हिमाचल वा रानी मैना ने अपनी पुत्री की शादी में अति उत्तम




व्यवस्था की लेकिन भोले नाथ की बारात देख पार्वती के पक्ष के लोग बहुत अचंभित हो गए।

उधर पार्वती की माता रानी मैना ने पार्वती को ससुराल में कैसे उत्तम आचरण करना होगा इसको ठीक से समझाया।

इस अवसर पर योग पीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी चेतनानंद जी,अयोध्या के सन्त महंत मनोजदास,सरस्वती इन्टर कालेज के पूर्व प्राचार्य राज कुमार तिवारी,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष सिंह, वा कौशल किशोर त्रिपाठी,विपिन पांडेय, वा कई शासकीय अधिवक्ता,सभासद वा संभ्रांत जन तथा भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## ऋण जमा ना करने पर कृषि भूमि हुई कुर्क

बेलहरा-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत बेलहरा की आर्यावर्त ग्रामीण बैंक से 11 साल पहले दो किसानों द्वारा लिए गए पांच लाख 23 हजार रुपए के लोन को समय पर अदा न करने पर प्रशासन ने बैंक में बंधन कृषि भूमि पर लाल झंडी लगाकर कुर्क की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से बकायादारों में हड़कंप मच गया है।

## सरकारी भूमि म पर लगे पेड़ काट लिए

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकारी भूमि पर लगे पेड़ गांव के ही व्यक्ति ने काट लिए। पेड़ काटते समय स्कूल की बाउंड्री पर गिरा । जिससे स्कूल की बाउंड्री भी क्षतिग्रस्त हो गई। लेखपाल ने पुलिस से एक व्यक्ति के के विरुद्ध कार्यवाई के लिए शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम बरदरी में स्कूल के बगल सरकारी भूमि गाटा संख्या 834 पर तीन पेंड लगे थे। जिन्हें गांव के ही अहमद हसन पुत्र अली हसन ने जबरन काट लिया । काटते समय एक पेड़ स्कूल की बाउंड्री पर गिर गया जिससे स्कूल की बाउंड्री भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने स्थित का अवलोकन किया। इसके बाद लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी ने शिकायत बदोसरांय पुलिस से किया है।

## सिंचाई दौरान करंट से झुलसा किसान

बेलहरा-बाराबंकी। ट्यूबेल से सिंचाई के दौरान एक किसान करंट की चपेट में आकर झुलस गया। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी फतेहपुर ले गए वहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोकलापुर गांव निवासी किसान संजय कुमार 35 शुक्रवार को ट्यूबेल से खेत सिचाई कर रह था। इस दौरान वह ट्यूबेल के कटे पड़े तारों की चपेट में आकर घायल हो गया। राहगीरों ने इसकी जानकारी तत्काल परिजनों को दी। मौके पर पहुचे परिवारजन उसे इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर ले गए वहा तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए। इस सम्बंध में एसएचओ जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी उनके सज्ञान में नही है।

## तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार अधिवक्ता आंदोलित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा को लिखित अधिकार पत्र सौंपा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष को तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजने का अधिकार दिया गया है। राम प्रसाद वर्मा ने बताया कि तहसील कार्यालय और न्यायालय में बाहरी लोगों की भीड़ लगी रहती है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।वर्मा ने कहा कि वह जल्द ही इस मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएंगे। बार एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य सिरौली गौसपुर तहसील को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है।

# बच्चों के रक्षण में शशांक गंभीर विद्यालय प्रबंधन को चेताया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शाशंक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति बैठक में जिलाधिकारी ने बच्चो की सुरक्षा को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने समस्त विद्यालयों को 25 जुलाई तक स्कूली वाहनों का स्वस्थता प्रमाण पत्र सुनिश्चित करने हेतु प्रबन्धकों, प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया। उन्होने निर्धारित मानकों के अनुरूप स्कूली वाहनों को फिट रखने तथा ऐसे विद्यालयों के जिनके स्कूली वाहनों का फिटनेस नहीं हुआ है उन स्कूलों की मान्यता रद्द किये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में बाइक-स्कूटी से आने वाले नाबालिग




छात्र-छात्राओ को जागरुक करने के भी निर्देश दिये। बैठक में उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, ईओ नगर पालिका नवाबगंज संजय शुक्ला, एआरटीओ अंकिता शुक्ला, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर, टीआई रामयतन यादव, जिला विद्यालय निरीक्षण ओपी त्रिपाठी, जीजीआईसी डॉ.पूनम सिंह, जीजीआईसी देवा प्रिंसिपल डॉ0 सुविद्या वत्स सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# मेगा शिविर, बिजली उपभोक्ताओं की समस्या निदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा/रामसनेहीघाट बाराबंकी। विद्युत विभाग द्वारा मेगा शिविर का आयोजन कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया।शुक्रवार को कुर्सी विद्युत उपकेंद्र के तत्वावधान में क़स्बा स्थित इटौंजा रोड पर आयोजित मेगा कैंप में अधिशाषी अभियंता फतेहपुर नीरज गर्ग व एसडीओ सर्वेश कुमार पाल ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी। और उनके निस्तारण की रूप रेखा तय की।अवर अभियंता विकास शुक्ला ने अनुसार कुल 125 शिकायतें प्रस्तुत हुई।जिसमे 70 शिकायतों का निस्तारण कराया गया है।बाकी बची शिकायतों का अगले दिन निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान 325 उपभोक्ताओं से 6 लाख 50 हजार का राजस्व जमा कराया गया।

''रामसनेही घाट'' : अधिशासी



अभियंता कार्यालय प्रांगण में आयोजित मेगा कैम्प में विद्युत बिल संबंधित 28, नए संयोजक संबंधित चार, विद्युत भार संबंधित 13, मीटर खराबी संबंधित छः, विद्युत प्रकार संबंधित 4 सहित कुल 55 उपभोक्ताओं द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिनमें से 47 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष संबंधित कर्मचारियों को निस्तारण के लिए आदेशित किया गया। कैंम्प में तीन लाख का बिजली का बकाया बिल वसूला गया।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विमलेश, उपखंड अधिकारी सर्वेस कुमार, जेई सुरेंद्रनाथ यादव, सचिन वर्मा, डीके सिंह, शैलेंद्र कुमार, मुरारी यादव एवं अखिलेश कुमार सहित बिजली विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## शेरपुर कला खेत में दवाई की स्प्रे करने के दौरान ग्रामीण की बिगड़ी हालत, सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

पूरनपुर । कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी फिरासत अपने धान के खेत में दवाई की स्प्रे कर रहे थे। तभी अचानक दवाई की स्प्रे करने के दौरान उनकी हालत बिगड़ी गई। शुक्रवार दोपहर लगभग 12:50 पर उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान लाइट न होने पर परिजनों ने नाराजगी व्यक्त की और डॉक्टर डॉक्टर अंधेरे में ही उपचार करते रहे यह देख परिजनों ने सीएचसी में अव्यवस्था को लेकर मामले की शिकायत पीलीभीत सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार से की। डॉक्टर ने ग्रामीण की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## विधुत वितरण खंड परिसर में प्रबंध निदेशक के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां, अधीक्षण अभियंता की मौजूदगी में नहीं किया रहा नियमों का पालन

पूरनपुर। विद्युत वितरण खंड परिसर में तीन दिवसीय मेगा विधुत बिल समाधान शिविर चल रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार दोपहर तीन बजे पीलीभीत अधिक्षण अभियंता विवेक कुमार सिंह समाधान शिविर में पहुंचे और लोगों की समस्याओं का समाधान कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। अधीक्षण अभियंता की मौजूदगी में भी प्राइवेट जनसेवा केन्द्र संचालित वाहन एसडीओ कार्यालय के पास में ही लगाकर बिल जमा करता रहा। जबकि प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल के द्वारा जारी आदेश अनुसार कोई भी कॉमन सर्विस सेंटर संचालक विद्युत विभाग परिसर के 100 मीटर के दायरे में बिल नहीं जमा करेगा।

# भारतीय महिला टीम की निगाह इंग्लैंड से वनडे श्रृंखला जीतने पर

एजेंसी



लंदन। कई मैच विजेता खिलाड़ियों से सजी भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाने के साथ ही आगामी विश्व कप के लिए अपनी पुख्ता तैयारी को नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश करेगी। भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था और लॉर्ड्स में जीत से वह तीन मैचों की इस श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। इससे हाल के दिनों में इस प्रारूप में उसकी जीत का सिलसिला भी जारी रहेगा जिसमें मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में मिली जीत भी शामिल है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसकी मेजबानी भारत इस वर्ष के अंत में करेगा। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जो मुख्य कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए अच्छा सिरदर्द है। टीम में कुछ ऐसे स्थान हैं जिनमें टीम प्रबंधन के पास कई विकल्प हैं। टीम की गहराई और बेंच स्ट्रेंथ पहले कभी इतनी अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में टीम ने पहले मैच में थोड़ी अधिक अनुभवी अरुंधति रेड्डी की जगह क्रांति गौड़ को तरजीह दी और इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दो विकेट लेकर अपना प्रभाव छोड़ा। प्रतीका रावल शीर्ष क्रम में स्मृति मंधाना की जोड़ीदार के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरी हैं, जबकि शैफाली वर्मा भी टी20 अंतरराष्ट्रीय, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और घरेलू क्रिकेट में अपने फॉर्म के कारण दावेदार बनी हुई हैं। हरलीन देओल भी अच्छी फॉर्म में हैं और अगर शैफाली निकट भविष्य में अंतिम एकादश में वापसी करती हैं तो रावल को तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। ऐसी स्थिति में देओल को टीम में शामिल करना मुश्किल होगा, जिसके बल्लेबाजी विभाग में हरमनप्रीत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष भी शामिल हैं। स्पिन विभाग भी काफी मजबूत है जिसमें अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी के अलावा अनुभवी दीप्ति, स्नेहा राणा और राधा यादव भी शामिल हैं। पहले वनडे में नाबाद अर्धशतक जमा कर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति ने अपनी इस पारी के दौरान ऋषभ पंत की तरह एक हाथ से छक्का लगाया था। शनिवार को होने वाले मैच में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया था और अब वनडे श्रृंखला जीतने से उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मनोबल और बढ़ेगा। जहां तक इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसको जीत हासिल करने के लिए खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# एरिगैसी सेमीफाइनल में, प्रज्ञानानंदा खिताब की दौड़ से बाहर

एजेंसी



लास वेगास। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर यहां 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन आर प्रज्ञानानंदा अमेरिका के फैबियानो कारूआना से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन ने अब्दुसत्तोरोव पर 1.5-0.5 से जीत हासिल की, लेकिन प्रज्ञानानंदा एक कड़े मुकाबले में कारूआना से 3-4 से हार गए। क्वार्टरफाइनल चरण में लेवोन अरोनियन और हंस मोके नीमन की अमेरिकी जोड़ी भी जीत हासिल करने में सफल रही। उन्होंने क्रमशः अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव को हराया। जहां अरोनियन ने 2.5-1.5 के अंतर से जीत हासिल की, वहीं निमन को सिंडारोव को 4-2 से हराने में अधिक समय लगा। सेमीफाइनल में अर्जुन का मुकाबला अरोनियन से जबकि नीमन का कारूआना से होगा। निचले वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी जीत की लय वापस पा ली। उन्होंने भारत के विदित गुजराती को आसानी से 2-0 से हराया। निचले वर्ग के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के वेस्ली सो ने हमवतन सैमुअल सेवियन को जबकि लीनियर डोमिनगेज़ पेरेज़ ने कज़ाकिस्तान की बिबिसारा अस्सौबायेवा को 1.5-0.5 के समान अंतर से हराया। पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने अमेरिका के ही रॉबसन रे को 2.5-1.5 के अंतर से पराजित किया। अर्जुन ने दोनों ही बाजी में शानदार प्रदर्शन किया और शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। दूसरी बाजी में सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत में ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली और फिर अब्दुसत्तोरोव को आसानी से मात दी। इससे पहले पहली बाजी में भी अर्जुन ने बढ़त हासिल की थी, लेकिन बाद में कुछ गलतियों के कारण उज्बेक खिलाड़ी को आधा अंक मिल गया। प्रज्ञानानंदा और कारूआना के बीच कुल सात निर्णायक बाजियां खेली गई

# संक्षिप्त समाचार

## भारत की प्रतीका रावल और इंग्लैंड की टीम पर जुर्माना लगाया गया

**नई दिल्ली।** भारत की सलामी बल्लेबाज़ प्रतिका रावल पर इंग्लैंड के खिलाफ पहले महिला वनडे मुकाबले में आईसीसी आचार संहिता के स्तर 1 के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह मैच बुधवार को साउथैम्प्टन में खेला गया था। रावल पर आईसीसी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन का आरोप लगा, जो किसी खिलाड़ी, अंपायर, मैच रेफरी या दर्शकों के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। इस उल्लंघन के साथ, रावल के अनुशासनिक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ दिया गया है। यह उनका पिछले 24 महीनों में पहला अपराध था। रावल को दो अलग-अलग घटनाओं में अनुचित शारीरिक संपर्क का दोषी पाया गया। पहली घटना 18वें ओवर में हुई जब वह सिंगल दौड़ते समय इंग्लैंड की गेंदबाज़ लॉरेन फाइलर से टकरा गईं। दूसरी घटना अगले ओवर में हुई,जब आउट होकर पवेलियन लौटते समय उन्होंने सोफी एक्लेस्टोन से टकराव किया। इस बीच, इंग्लैंड महिला टीम पर धीमे ओवर रेट के कारण मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। तय समय में ओवर पूरे न करने के कारण उन्हें एक ओवर पीछे पाया गया। यह कार्रवाई आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत की गई है, जिसमें धीमे ओवर रेट की स्थिति में प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। रावल और इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपने अपराध स्वीकार किए और एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल की मैच रेफरी सारा बार्टलेट द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया। इस वजह से किसी औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। चार्ज लगाने वाले अंपायरों में सुए रेडफर्न, जैक्लिन विलियम्स, थर्ड अंपायर एना हैरिस, और फोर्थ अंपायर रॉब व्हाइट शामिल थे।

## जब फुटबॉल खेलना शुरू किया था तब मुझे पता नहीं था कि राष्ट्रीय महिला टीम भी है: अदिति चौहान

**नयी दिल्ली।** स्टार फुटबॉलर अदिति चौहान ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गेंद को किक मारी थी तब उन्हें नहीं पता था कि भारत में राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम भी है। अदिति ने शुक्रवार को संन्यास लेने की घोषणा की थी। वह अपने शानदार करियर के दौरान यूरोप में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने पीटीआई वीडियो से कहा, ''पहली बार फुटबॉल खेलते समय मुझे यह नहीं पता था कि कोई राष्ट्रीय टीम भी है। मैंने शौकिया तौर पर फुटबॉल खेलना शुरू किया था। उन्होंने कहा, ''जब मैंने शुरुआत की थी, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस मुकाम तक पहुंचने में सफल रहूंगी। मैंने अपने करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वह कोई सपना भी नहीं था जिसकी मैं कल्पना कर सकती थी। चौहान तुरंत पूर्णकालिक कोचिंग में प्रवेश नहीं कर रही हैं, लेकिन अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर की फुटबॉल में अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के लिए तैयार हैं। भारतीय महिला टीम की पूर्व गोलकीपर अदिति ने अपने 17 साल के दौरान राष्ट्रीय टीम के साथ-साथ अपने क्लबों के लिए भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे नए खिलाड़ियों की मदद करना पसंद है। पिछले कुछ वर्षों से मैं अन्य गोलकीपरों को भी प्रशिक्षित कर रही हूं। मुझे यह भूमिका पसंद है। मेरे कहने का मतलब यह नहीं है कि मैं कोचिंग में जाना चाहती हूं। लेकिन हां, मैं निश्चित रूप से मदद करना चाहूंगी। चौहान ने कोचिंग का लेवल एक का कोर्स पूरा कर दिया है। भारत की तरफ से 57 मैच खेलने वाली यह खिलाड़ी भविष्य में और कोर्स भी करना चाहती है।

## देश की स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता में 50 प्रतिशत अब गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल

**नयी दिल्ली।** देश की स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता में से 50 प्रतिशत अब गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल हो रही है। भारत ने दिसंबर 2015 में हस्ताक्षरित पेरिस समझौते के तहत तय 2030 के लक्ष्य से पांच साल पहले इसे हासिल कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोत अब भारत की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 484.8 गीगावाट (जीडब्ल्यू) का आधा हिस्सा हैं, जो निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले हासिल कर लिया गया है। भारत की स्वच्छ ऊर्ज़ा क्षमता 234 गीगावाट है जिसमें बड़ी जलविद्युत परियोजनाएं भी शामिल हैं। परमाणु ऊर्ज़ा का योगदान अतिरिक्त 8.7 गीगावाट है। कुल मिलाकर ये सभी देश की कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 484.8 गीगावाट के 50 प्रतिशत से थोड़ा अधिक हैं। इसकी तुलना में ताप विद्युत क्षमता 242 गीगावाट है। अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि भारत की मजबूत नीति निर्देशन को निजी क्षेत्र के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ संयोजित करने की प्रभावशाली क्षमता को रेखांकित करती है। भारत में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन दुनिया में सबसे कम है, फिर भी इसकी तेजी से बढ़ती आबादी और बढ़ती ऊर्ज़ा मांग जलवायु कार्रवाई को महत्वपूर्ण बनाती है। शहरीकरण और डिजिटल परिवर्तन में तेजी से, बिजली की अधिकतम मांग में तीव्र गति से वृद्धि होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024-25 में 250 गीगावाट से बढ़कर इसके वित्त वर्ष 2032 तक 388 गीगावाट होने का अनुमान है। सूत्रों ने बताया कि नवीकरणीय क्षमता में तीव्र वृद्धि को सरकारी नीति समर्थन और स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) द्वारा परियोजनाओं की तीव्र स्थापना से बल मिला। आंकड़ों के अनुसार, 2014 से भारत की सौर ऊर्ज़ा क्षमता मामूली 2.82 गीगावाट से बढ़कर जून 2025 तक 116 गीगावाट हो गई है। यह 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। इसी अवधि में पवन ऊर्ज़ा क्षमता 21 गीगावाट से बढ़कर 51.6 गीगावाट हो गई है। उन्होंने बताया कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, राष्ट्रीय पवन-सौर हाइब्रिड नीति व मॉडल और विनिर्माताओं की अनुमोदित सूची (एएलएमएम) में संशोधन जैसी सरकारी नीतियों ने घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित किया, निवेश को आसान बनाया और कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित किया है। परिचालन क्षमता के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्ज़ा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल), देश में क्षमता वृद्धि अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

## पाकिस्तान पर चालू वित्त वर्ष में 23 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी ऋण का बोझ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 23 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का बाह्य कर्ज चुकाना होगा। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है। पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, इस वर्ष मार्च के अंत में पाकिस्तान पर कुल 76010 अरब रुपये का कर्ज था। इसमें 51520 अरब रुपये (करीब 180 अरब अमेरिकी डॉलर) का घरेलू ऋण और 24490 अरब रुपये (87.4 अरब डॉलर) का बाह्य ऋण शामिल है।

# 'अगर फिट नहीं हो तो टीम के लिए मत खेलो', बुमराह पर भड़के पूर्व भारतीय कप्तान, कोच पर भी उठाए सवाल

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज चल रही है, जिसमें अब तक 3 मैच खेले जा चुके हैं और भारतीय टीम 1-2 से पीछे है। भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर ने पहले ही साफ कर दिया था कि इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह केवल 3 टेस्ट मैच खेलेंगे। अब तक वे 2 मैच खेल चुके हैं, और माना जा रहा है कि मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले चौथे टेस्ट में उन्हें आराम दिया जा सकता है। इस फैसले पर भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। रेवस्पोर्ट्स को दिए साक्षात्कार में दिलीप वेंगसरकर ने कहा, ''भारतीय टीम के लिए खेलना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। अगर आप पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं, तो मैदान पर उतरने की जरूरत नहीं। लीड्स टेस्ट के बाद जसप्रीत बुमराह को 7-8 दिन का पर्याप्त आराम मिला था, इसके बावजूद उन्हें दूसरे टेस्ट की प्लेइंग 11 में जगह नहीं दी गई, जो सही नहीं है।'' शायद यह फैसला गौतम गंभीर और अजीत अगरकर को सही लगता हो, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप फिट हैं, तो आपको भारत के लिए हर मैच खेलना चाहिए। बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, जो अपनी गेंदबाजी से मैच का रुख बदल सकते हैं। जब आप विदेशी दौरे पर जाते हैं, तो हर मुकाबला खेलना जरूरी है और इस पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। वेंगसरकर ने भारत के लिए 10 टेस्ट और 18 वनडे मैचों में कप्तानी की है। बुमराह की बात करें तो पहले टेस्ट में वे सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे, लेकिन दूसरे टेस्ट में उनकी जगह आकाशदीप को मौका दिया गया। आकाशदीप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट लिए, और मोहम्मद सिराज ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की, जिससे भारत ने वह मैच जीता। तीसरे टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई थी, लेकिन भारत यह मैच हार गया और सीरीज में भारतीय टीम में 1-2 से पिछड़ गया। भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में अब तक 9 टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन एक भी जीत हासिल नहीं की है। इनमें से 4 मैच इंग्लैंड ने जीते, जबकि 5 ड्रॉ रहे। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम इस मैदान पर पहली जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी, जैसा कि उन्होंने एजबेस्टन में किया था। बुमराह ने इस सीरीज में अब तक 2 टेस्ट खेले हैं और 12 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे स्थान पर हैं। पहले स्थान पर मोहम्मद सिराज हैं, जिनके नाम 13 विकेट हैं, जबकि आकाशदीप 11 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर

लंदन। ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया। महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी द्वारा भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गयी है। आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, ''वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं। अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

# गोयल ने युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के निर्माता बनने का आह्वान किया

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में योगदान देने के लिए सक्षम एवं प्रतिबद्ध व्यक्तियों की जरूरत है।

केंद्रीय मंत्री नोएडा स्थित श्रीराम मिलेनियम स्कूल में भारत के अंतरराष्ट्रीय राष्ट्र एकीकरण आंदोलन (आईआईएमयूएन) सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। पीयूष गोयल ने युवाओं से भारत के भविष्य की जिम्मेदारी संभालने का आग्रह किया और कहा कि कल के भारत के परिवर्तनकर्ता और प्रेरक बनें। उन्होंने कहा कि सामूहिक संकल्प के साथ, हम हर चुनौती पर विजय पा सकते हैं और अपने राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। गोयल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत एक बड़े परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है। 15 अगस्त, 2022 को प्रधानमंत्री के संबोधन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अमृत काल की 25 वर्ष की अवधि 2047 में भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी तक ले जाएगी। उन्होंने विस्तार से बताया कि पांच प्रतिज्ञाओं में से पहली प्रतिज्ञा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। गोयल ने कहा कि यह प्रतिबद्धता तभी साकार हो सकती है, जब हम शेष चार प्रतिज्ञाओं को भी उतनी ही गंभीरता से अपनाएं।

# आईएफसी ने ट्रांसवोल्ट मोबिलिटी में दो करोड़ डॉलर इक्विटी निवेश की प्रतिबद्धता जताई

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व बैंक समूह के सदस्य अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ट्रांसवोल्ट मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को दो करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 170 करोड़ रुपये) का इक्विटी निवेश प्रदान करने की शुक्रवार को घोषणा की। उभरते बाजारों में निजी क्षेत्र के विकास के लिए धन उपलब्ध कराने वाली विश्व बैंक की शाखा ने बयान में कहा कि ट्रांसवोल्ट में आईएफसी का दो करोड़ डॉलर का निवेश कंपनी के पांच करोड़ डॉलर के वित्त पोषण दौर का हिस्सा है। बयान में कहा गया, '' यह भारत और वैश्विक स्तर पर किसी ईवी मंच में आईएफसी का पहला इक्विटी निवेश है। यह ट्रांसवोल्ट को अगले पांच वर्ष में अपने इलेक्ट्रिक बेड़े के खंड को 3,500 वाहनों तक बढ़ाने और 8,200 नौकरियों का सृजन करने में सक्षम बनाएगा। यह समूचे भारत में बस व ट्रक जैसे 8,000 भारी वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहन लाने के कंपनी के दीर्घकालिक लक्ष्य का भी समर्थन करेगा। आईएफसी के एशिया-प्रशांत के क्षेत्रीय उद्योग निदेशक (बुनियादी ढांचा एवं प्राकृतिक संसाधन) विक्रम कुमार ने कहा, '' ट्रांसवोल्ट, आईएफसी का एक प्रमुख भागीदार रहा है। इस सहयोग से हमारा लक्ष्य नगरपालिकाओं एवं निगमों द्वारा संचालित सार्वजनिक व निजी बेड़ों के विद्युतीकरण को सक्षम करके, इलेक्ट्रिक बेड़ों की वाणिज्यिक व्यवहार्यता का प्रदर्शन करके और गुणवत्तापूर्ण शहरी परिवहन तक पहुंच का विस्तार करके इस क्षेत्र में बाजार प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। ट्रांसवोल्ट मोबिलिटी के निदेशक एवं सह-संस्थापक धीरज झावर ने कहा कि आईएफसी के समर्थन से कंपनी का लक्ष्य स्थायी परिवहन की ओर बदलाव को तेज करना और समावेशी समाधान बनाना है जो राष्ट्रीय व वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों के अनुरूप हैं।

# आईटीआर-2 फॉर्म की ऑनलाइन फाइलिंग प्रक्रिया शुरू, 15 सितंबर है आखिरी तारीख

**आईटीआर-2 फॉर्म ऑनलाइन फाइलिंग अब पहले से भरे डेटा के साथ लाइव**

एजेंसी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने शुक्रवार को आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-2 फॉर्म के लिए ऑनलाइन आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइलिंग की सुविधा शुरू कर दी है, जिससे जटिल आय संरचना वाले लाखों करदाताओं को अपना आईटीआर ज्यादा आसानी से दाखिल करने में मदद मिलेगी। आयकर विभाग ने बयान जारी कर बताया कि आयकर रिटर्न फॉर्म आईटीआर-2 अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर पहले से भरे गए डेटा के साथ ऑनलाइन दाखिल करने के लिए उपलब्ध है। इसके जारी होने के साथ ही वो सभी करदाता, जिनमें वेतनभोगी व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनके पास कर योग्य पूंजीगत लाभ, क्रिप्टो इनकम आदि हैं, आज से ई-फाइलिंग आईटीआर पोर्टल के जरिए अपना आयकर रिटर्न ऑनलाइन दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। यह फॉर्म https://incometax.gov.in/iec/foportal/ पर उपलब्ध है। विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आईटीआर दाखिल करने की विस्तारित समय-सीमा पहले ही बढ़ा कर 15 सितंबर, 2025 कर दिया था। विभाग ने इससे पहले केवल आईटीआर-1 और आईटीआर-4 (ऑनलाइन और एक्सेल यूटिलिटी दोनों) जारी किए थे। इससे सीमित करदाताओं को ही अपना आईटीआर दाखिल करने में मदद मिली थी। हालांकि, आईटीआर-3 फॉर्म के लिए अब भी केवल एक्सेल यूटिलिटी ही सक्षम है, ऑनलाइन यूटिलिटी अभी सक्षम नहीं है।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में तेजी आने के कारण आज देश ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,340 रुपये से लेकर 99,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,060 रुपये से लेकर 91,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,13,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु,

# केरल के कालड़ी में 25 से 28 जुलाई के बीच ज्ञान सभा का आयोजन, संघ प्रमुख डॉ भागवत रहेंगे मौजूद

एजेंसी

नई दिल्ली। आदि शंकराचार्य की जन्मभूमि कालड़ी (केरल) में 25 से 28 जुलाई के बीच ज्ञान सभा आयोजित की जा रही है। चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दो दिन राष्ट्रीय चिंतन बैठक का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के सानिध्य में संपन्न होगा। इसमें संगठन की कार्य-योजना और लक्ष्य के दृष्टिकोण की दिशा में अल्पकालिक और दीर्घकालिक कार्य-योजना पर चिंतन होगा।

न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि इसके अतिरिक्त 27 जुलाई को शिक्षा में भारतीयता विषय पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित है, जिसमें शिक्षा में भारतीयता विषय पर मोहन भागवत का व्याख्यान होगा। इसमें केरल के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर की विशेष उपस्थिति रहेगी। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप



से केरल के शिक्षाविद व गणमान्य नागरिक सहभागिता करेंगे।

28 जुलाई को ज्ञान सभा : विकसित भारत हेतु शिक्षा विषय पर एक राष्ट्रीय शैक्षिक मंथन का आयोजन होगा। डॉ. अतुल कोठारी ने कही। उन्होंने आगे कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो टीजी सीताराम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष प्रो दीपक श्रीवास्तव, माता अमृतानंदमयी, महर्षि महेश योगी संस्थान, गायत्री परिवार, पतंजलि, आर्ट ऑफ लिविंग, स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान केंद्र आदि जैसे विभिन्न राष्ट्रव्यापी आध्यात्मिक, शैक्षिक संगठनों एवं संस्थानों के प्रमुख तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, केंद्रीय संस्थानों के निदेशक भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही इस आयोजन में उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पुद्दुचेरी के शिक्षा मंत्रियों तथा शिक्षा सचिवों की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। संगठनात्मक योजना : देशभर में न्यास के कार्यों की समीक्षा और आगामी चार वर्षों की कार्ययोजना पर मंथन होगा। भारतीय शिक्षा का पुनरुत्थान : शिक्षा में भारतीयता के तत्वों की पहचान और संस्थागत कार्यों में उसका समावेश। ज्ञानोत्सव से ज्ञान महाकुंभ तक : भारत में नवशैक्षिक चेतना के जागरण हेतु चलाए गए अभियानों की समीक्षा एवं भावी रणनीति। शिक्षा में भारतीयता (27 जुलाई) : शिक्षा में भारतीयता विषय पर केरल के शिक्षाविद, गणमान्य नागरिकों के बीच डॉ भागवत का संबोधन होगा। 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे से केरल के प्रमुख शिक्षाविदों का केरल की शिक्षा के गुणवत्ता विकास हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन 'ज्ञान सभा' (28 जुलाई) : जिसका विषय है ऽ 'विकसित भारत हेतु शिक्षा;, इसमें देशभर के शिक्षाविद, नीति-निर्माता एवं संस्थाओं के प्रमुख सहभागिता करेंगे। महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन : न्यास द्वारा प्रमुखता से इन चार दिवस को हर वर्ष मनाया जाता है, उनकी समीक्षा और अनुवर्तन की योजना बनायी जाएगी। 2 जुलाई (न्यास स्थापना दिवस), 14 सितंबर (हिन्दी दिवस), 22 दिसंबर (राष्ट्रीय गणित दिवस), 21 फरवरी (अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस) को देशव्यापी स्तर पर मनाने की कार्ययोजना है।

डॉ कोठारी ने कहा कि हम सब भली-भांति जानते हैं कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा का आधारभूत स्थान होता है। जब भारत विश्व गुरु था तब हमारी शिक्षा व्यवस्था उत्कृष्ट थी, नालंदा, तक्षशिला जैसे अनेकों विश्वविद्यालयों में भारत के ही नहीं अपितु विदेश के छात्र भी उच्च कोटि की शिक्षा एवं ज्ञान प्राप्त करने के लिए आते थे। आज पुनः भारत को समर्थ, सशक्त व सम्पन्न अर्थात विकसित राष्ट्र बनाना है तब देश की शिक्षा के पुनरुत्थान से ही यह संभव हो सकेगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की अध्यक्षा डॉ पंकज मित्तल ने वार्ता को कहा कि देश की शिक्षा को एक नया विकल्प देकर भारतीय शिक्षा का पुर्नरुत्थान हो, इस दिशा में न्यास प्रयासरत है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक संजय स्वामी ने कहा कि इस बैठक व सम्मेलन में पारित किए गए संकल्प पत्र पर आगामी दिनों में देशव्यापी चर्चाएं आयोजित करके सुझाव एकत्रित करने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

# भाजपा ने राबर्ट वाड्रा का समर्थन करने पर राहुल गांधी पर साधा निशाना

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा के जमीन घोटाले में आरोपित राबर्ट वाड्रा के पक्ष में खुलकर आने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन पर हमला बोला है। बभाजपा प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने शुक्रवार को यहां कहा कि राहुल को राबर्ट वाड्रा के काले कारनामों की पूरी जानकारी है फिर भी वे उनका खुलकर समर्थन कर रहे हैं। भाजपा ने इस जमीन घोटाले में राहुल गांधी के भी शामिल होने का आरोप लगाया। सिन्हा ने कहा कि जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने जो आरोप पत्र दाखिल की है, उसके अनुसार जब वाड्रा ने 58 करोड़ का जमीन सौदा किया था उस दौरान उनकी कंपनी के खाते में सिर्फ एक लाख रुपये थे। उन्होंने कहा कि इससे लगता है कि या तो राहुल गांधी को इस सौदे की



जानकारी थी या वे उसमें शामिल थे। इसी तरह यंग इंडिया कंपनी बनाई थी जिसमें 50 लाख के एवज में 2 हजार करोड़ की संपति हड़पी थी। राहुल ने गुरुग्राम के जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉनड्रिंग मामले में ईडी द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा का खुलकर समर्थन किया। राहुल ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा था कि उनके बहनोई को पिछले 10 सालों से यह सरकार परेशान कर रही है। यह ताज़ा आरोपपत्र उसी धरपकड़ का एक और हिस्सा है।

# नकली और मानक के विपरीत दवाओं के खिलाफ औषधि बोर्ड सख्त

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने जून महीने में लिए गए सैम्पल के आधार पर घटिया गुणवत्ता या नकली दवाओं की सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार कुल 185 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया है। इसके साथ 4 दवाएं नकली पाई गईं।

शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि सीडीएससीओ ने मानक गुणवत्ता के विपरीत और नकली दवाओं की सूची तैयार की है, जो पोर्टल पर भी उपलब्ध है। इसके तहत केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने 55 दवा नमूनों को मानक



गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया और औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 130 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया। दवा के नमूनों की गुणवत्ता मानकों की जांच सरकारी प्रयोगशाला में दवा निर्माताओं के फैक्टरी के बैच से की जाती है।

मंत्रालय ने बताया कि जून में संकलित बिहार राज्य से एक दवा का नमूना, नई दिल्ली से एक दवा का नमूना और तेलंगाना राज्य से दो दवा के नमूने नकली पाए, जिनका निर्माण किसी अन्य कंपनी के ब्रांड नाम का उपयोग करके अनधिकृत निर्माता द्वारा किया गया था। मामले की जांच की जा रही है और अधिनियम एवं नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि एनएसक्यू और नकली दवाओं की पहचान करने की यह कार्रवाई राज्य नियामकों के सहयोग से नियमित आधार पर की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन दवाओं की पहचान की जाए और उन्हें बाजार से हटाया जाए।

# तमिल फिल्मों के मशहूर निर्देशक और अभिनेता वेलु प्रभाकरन का निधन

नई दिल्ली। साउथ फिल्मों से जुड़ी बेहद दुखद खबर सामने आई है। तमिल फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक और अभिनेता वेलु प्रभाकरन का 18 जुलाई को निधन हो गया। 68 वर्षीय वेलु प्रभाकरन पिछले कुछ समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। हाल ही में उन्हें चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। वेलु प्रभाकरन को उनके बेबाक अंदाज और साहसी फिल्मों के लिए हमेशा याद किया जाएगा।



वेलु प्रभाकरन के निधन से तमिल सिनेमा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। फिल्मी दुनिया से जुड़ी कई हस्तियों और प्रशंसकों ने उनकी मौत पर गहरा दुख जताया है। उनका अंतिम संस्कार 20 जुलाई को पोरुर श्मशान घाट में किया जाएगा। प्रभाकरन ने अपने करियर की शुरुआत छायाकार (कैमरामैन) के रूप में की थी। बाद में उन्होंने निर्देशन की ओर रुख किया और 1989 में आई फिल्म 'नालया मणिथन' से बतौर निर्देशक डेब्यू किया। अपने करियर में प्रभाकरन ने कई चर्चित और साहसिक विषयों पर फिल्में बनाईं। उन्हें 'गैंग्स ऑफ मद्रास', 'कड़ावर', 'पिज्जा 3', 'रेड', 'कधल कढ़ाई' और 'वेपन' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उन्होंने तमिल सिनेमा को अलग पहचान देने में अहम भूमिका निभाई। उनकी रचनात्मकता और अलग सोच हमेशा याद की जाएगी। वेलु प्रभाकरन की पहली शादी अभिनेत्री जयदेवी से हुई थी। हालांकि, यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल सका और दोनों के रास्ते अलग हो गए। इसके बाद 60 वर्ष की उम्र में प्रभाकरन ने अभिनेत्री शर्ली दास से दूसरी शादी रचाई। दिलचस्प बात यह है कि शर्ली ने प्रभाकरन की फिल्म 'कधल कढ़ाई' में अभिनय भी किया था। उनकी यह शादी भी खूब चर्चाओं में रही थी। प्रभाकरन की निजी जिंदगी भी उनकी फिल्मों की तरह बेहद साहसी और दूसरों से अलग रही।

# विहिप की केंद्रीय प्रबंध समिति की द्विदिवसीय बैठक १९ से जलगांव में

मुंबई। विश्व हिंदू परिषद(विहिप) की केंद्रीय प्रबंध समिति की द्विदिवसीय बैठक जलगांव में १९ और २० जुलाई को संपन्न होगी। इस बैठक में परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी क्षेत्र तथा देश भर के सभी प्रांतों से कार्यकर्ता शामिल होंगे। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि इस बैठक में हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों पर गहन चर्चा की जाएगी। साथ ही हिंदू समाज की अस्मिता को बचाने के लिए अवैध धर्मांतरण रोकने का हमारा अभियान निरंतर जारी है। बजरंग दल और दुर्गावाहिनी इस दिशा में देश भर व्यापक जनजागरण कर रहे हैं। गोरक्षा और कन्या सुरक्षा परिषद की प्राथमिकता हमारा मुख्य उद्देश्य है। बैठक में इस चुनौती से निपटने के लिए राष्ट्रव्यापी नशामुक्ति अभियान की योजना तय की जाएगी। इस विशेष अभियान को विहिंप के युवा संगठन बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी प्रमुख रुप से आगे बढाएंगे। इसके अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों और समाज के विभिन्न वर्गों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि युवाओं में नशा मुक्ति अभियानों को प्रभावी बनाने के लिए समाज के विभिन्न संगठनों, समूहों और शासन के साथ समन्वय कैसे बढ़ाया जाए।

# लोकसभा अध्यक्ष ने कोरिया के पूर्व पीएम से मुलाकात में भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन में दक्षिण कोरिया के पूर्व प्रधानमंत्री किम बू क्यूम के नेतृत्व वाले एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान भारत की आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की अटूट नीति को दोहराया। बिरला ने जम्मू-कश्मीर में हुए हालिया आतंकवादी हमले कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की जघन्य घटनाएं अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अंतरात्मा को झकझोर देती हैं। बिरला ने कोरिया की जनता को हाल ही में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव के सफल आयोजन पर बधाई दी और भारतीय संसद की ओर से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति ली के नेतृत्व में भारत-कोरिया संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे, विशेष रूप से इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वे पहले कोरिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष रह चुके हैं। कोरियाई लोकतंत्र की मजबूती को रेखांकित करते हुए बिरला ने कहा कि भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति इस साझा प्रतिबद्धता को अत्यंत महत्व देता है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों की संसदें अपनी-अपनी जनता की आकांक्षाओं और विविधता को प्रतिबिंबित करती हैं। बैठक के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया कि संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें विधायी कार्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। शासन में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित करते हुए बिरला ने बताया कि भारतीय संसद ने पारदर्शिता, दक्षता और नागरिक सहभागिता को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग सहित अत्याधुनिक डिजिटल उपकरणों को अपनाया है।

# पेज एक का शेष

### समाज...

में उपद्रव हुआ, तो मैंने कहा लाठी मारो इनको, बातों से नही मानेंगे। इसका किसी ने विरोध नही किया।

भगवान बिरसा मुंडा को स्मरण किया-संगोष्ठी में मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के योगदान को भी सराहा और भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, ''भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वह हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। जनजाति समाज हमेशा हमारे साथ खड़ा रहा है, चाहे वह भगवान राम के साथ हो, भगवान श्रीकृष्ण के साथ हो, हल्दीघाटी युद्ध के समय हो, या फिर महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज के समय हो।''

संगोष्ठी में मौजूद पद्मश्री अशोक भगत ने भी बिरसा मुंडा की बहुआयामी विरासत पर चर्चा की। संगोष्ठी का उद्देश्य बिरसा मुंडा की विरासत को और अधिक उजागर करना था। साथ ही आदिवासी समाज की भूमिका को समाज में सही ढंग से प्रस्तुत करना था। इस संगोष्ठी पर 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत होने हैं। जो आदिवासी अधिकारों, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर आधारित हैं। महाविद्यालय की संयोजक प्रो. अंजना सिंह ने बताया कि यह सेमिनार बिरसा मुंडा की बहुआयामी विरासत का पता लगाने का एक प्रयास है, जिसमें उनके द्वारा आदिवासी अधिकारों, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए योगदानों को समझा जाएगा।

### कांवड़ यात्रियों ...

ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। 3 लोग मारे गए। बाद में उपद्रव हुआ तो मैंने कहा लाठी मारो इनको, ये बातों से नहीं मानेंगे। इसका किसी ने विरोध नहीं किया।

''आज कांवड़ यात्री, भक्ति भावना से चलते हैं। 200, 300, 400 किलोमीटर कावंड़ को कंधे पर लेकर चले जाते हैं। हर हर बम बोलते हुए लेकिन उनका भी मीडिया ट्रायल होता है। उन्हें उपद्रवी, आतंकवादी तक बोला जाता है। ये वह मानसिकता है, जो हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम करती है, यही लोग सोशल मीडिया पर फ़ेक अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने का काम करते हैं''।--

### त्रिस्तरीय...

से 22 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।- 5 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित होगा।- 6 से 12 दिसंबर तक ड्राफ्ट सूची का निरीक्षण अभियान चलेगा।- 13 से 19 दिसंबर तक प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण होगा।- 15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने निर्देश दिए कि हर मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा का अनुपालन किया जाए तथा एक ही परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही पोलिंग बूथ में दर्ज हों। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब जिला निर्वाचन अधिकारियों का इस स्तर पर भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विशेष पुनरीक्षण अभियान से संबंधित अधिकारी तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलुओं से भलीभांति परिचित हों सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग द्वारा पात्र नागरिकों के लिए 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर अर्हता तिथियां निर्धारित की गई है। फार्म 6 में नये मतदाताओं को जोडने, फार्म 7 में नाम हटाने और फार्म-8 में संशोधन से संबंधित जानकारी अधिकतम लोगों तक पहुँचाई जाए।दिव्यांग मतदाताओं को शत प्रतिशत चिन्हित किया जाए। मतदाता फोटो पहचान पत्र का पोस्ट ऑफिस से समन्वय कर समय से वितरण सुनिश्चित कराया जाए, एनजीएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही शिकायतों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाए। सभी मतदेय स्थलों का फील्ड वेरिफिकेशन कराकर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाए।

### लखनऊ : ...

रुपये की पीओसी फ्रीज की जा चुकी है।

### जनता...

लड़ाई है, लेकिन मेरी सबसे बड़ी शिकायत ये है कि ये लोगों के बारे में नहीं सोचते। उनके मन में जनता के लिए कोई भावना नहीं है। मेरी यही सबसे बड़ी शिकायत यह है कि अगर आप राजनीति में हैं तो लोग क्या सोचते हैं, उसे महसूस करें। उनकी बात सुनें और उन तक पहुंचने की कोशिश करें। लेकिन भारतीय राजनीति की त्रासदी है कि आज बहुत कम लोग हैं, जो असल में दूसरों की भावनाओं का ख्याल रखते हैं।

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने कहा, '' मेरे लिए ओमान चांडी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, वे केरल की राजनीति की एक अभिव्यक्ति हैं। यहां की राजनीति में ऐसे लोगों को आगे लाने की परंपरा रही है। मेरी आकांक्षा ओमान चांडी जैसे ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगे लाने की है। मैं अपने करियर के शुरुआती दिनों में ही ओमान चांडी के संपर्क में आया था और मुझे कहना होगा कि मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है।

इससे पहले राहुल गांधी ने केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) द्वारा आयोजित ओमान चांडी स्मृति सभा और केपीसीसी की धर्मार्थ गतिविधियों की शुरुआत की। उस अवसर पर उन्होंने ओमान चांडी फाउंडेशन द्वारा निर्मित 12 घरों की चाबियां भी सौंपी। सभा में यूडीएफ नेताओं और समुदाय व सांस्कृतिक क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। राहुल गांधी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ए.के. एंटनी से भी मुलाकात की।

### पाकिस्तान...

खुर्द गांव के पास इसी तरह के एक अभियान में एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन के साथ 1 पैकेट हेरोइन (कुल वजन 596 ग्राम) बरामद की, जो ड्रोन-रोधी उपाय में तकनीकी व्यवधान के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस बीच शुक्रवार अल सुबह गांव धनोई कलां के आसपास तकनीकी अवरोध के सक्रिय होने पर एक और डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन को मार गिराया गया। पिछले कुछ घंटों के दौरान बीएसएफ के अभियानों में 6 डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन और 2.340 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

### स्वदेशी...

के लिए पूर्वी नौसेना कमान में शामिल किया गया है। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निस्तार' 08 जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। नौसेना में पहले ही 'निस्तार' नाम का एक पनडुब्बी बचाव पोत था, जिसे भारतीय नौसेना ने 1969 में तत्कालीन सोवियत संघ से हासिल करके 1971 में कमीशन किया था। उस जहाज ने 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में अहम भूमिका थी और दो दशकों की सेवा में भारतीय नौसेना के गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब गोताखोरी सहायता पोत (डीएसवी) 'निस्तार' इसी विरासत को आगे बढ़ाएगा। इस पोत की लंबाई लगभग 120 मीटर की लंबाई है और डायनामिक पोजिशनिंग सिस्टम का उपयोग करके 10 हजार टन से अधिक भार विस्थापन की क्षमता है।

इस पोत को नौसेना के बेड़े में शामिल करने से भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव तैयारियों में एक बड़ी क्षमता वृद्धि होगी। इस जहाज में ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा इकाई, आठ बिस्तरों वाला अस्पताल और हाइपरबेरिक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। पोत में समुद्र के अंदर 60 दिनों से अधिक समय तक टिके रहने की क्षमता, हेलीकॉप्टर के माध्यम से परिचालन करने की सुविधा है। इससे भारत इस क्षेत्र में 'पसंदीदा पनडुब्बी बचाव साथी' के रूप में उभरेगा। दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास ऐसी क्षमता है और उनमें से कुछ में यह क्षमता स्वदेशी रूप से विकसित की गई है। आज निस्तार की शुरुआत हमारे समुद्री औद्योगिक आधार की समृद्ध क्षमता और प्रौद्योगिकी का प्रमाण और 'आत्मनिर्भर भारत' का एक और शानदार उदाहरण है।

### रक्षा मंत्रालय...

नौसेना के लिए इस स्टील्थ, मल्टीरोल, एयर सुपीरियॉरिटी फाइटर में छठी पीढ़ी की आधुनिक प्रौद्योगिकियां भी शामिल होंगी। यह वायु सेना में स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस, सुखोई-30 एमकेआई, राफ़ेल और नौसेना के एचएएल नेवल तेजस और मिग-29 की जगह लेगा। कार्यक्रम निष्पादन मॉडल को मंजूरी मिलने के बाद एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) निजी उद्योग की साझेदारी में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

पांचवीं पीढ़ी के इस स्टील्थ लड़ाकू विमान? का ढांचा तो निजी उद्योग की साझेदारी में तैयार होगा, लेकिन इसका इंजन बनाने के लिए ?रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस के साथ साझेदारी का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है। 61 हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना का उद्देश्य एएमसीए जैसे भविष्य के प्लेटफार्मों के लिए फ्रांसीसी कंपनी सैफ्रान के सहयोग से 120 नॉट इंजन बनाना और पूर्ण तकनीकी हस्तांतरण (टीओटी) हस्तांतरण करना है।? यह इस बड़ी परियोजना के लिए बड़ी सफलता है, जिससे उन्नत विनिर्माण और डिजाइन प्रौद्योगिकियां आएंगी और यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हालांकि, शुरुआती एएमसीए मॉडल में अमेरिका निर्मित जीई 414 इंजन का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन स्वदेशी इंजन का विकास होने के बाद लड़ाकू जेट इंजन तकनीक में आत्मनिर्भरता आएगी। एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 120 केएन (किलोन्यूटन) थ्रस्ट इंजन से संचालित होगा, जिसमें सुपर क्रूज क्षमताएं शामिल हैं। स्वदेशी रूप से इस इंजन का विकास गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान कर रहा है, जिसमें फ्रांसीसी कंपनी का सहयोग लिया जाएगा। इसी इंजन को एएमसीए मार्क-2 में एकीकृत करने की योजना है, जिसके 2030 के दशक की शुरुआत में सेवा में आने की उम्मीद है।

### बिहार...

पीछे महिलाओं की बड़ी भूमिका है। उन्होंने राजग सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घर बनाए गए हैं, जिनमें से 60 लाख बिहार में हैं। अकेले मोतिहारी में 3 लाख से अधिक पक्के घर दिए गए हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस के राज में गरीब को पक्का घर मिलना असंभव था और लोग डर के कारण घरों में रंग-रोगन तक नहीं करवा पाते थे।

उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को जानना चाहिए कि राजद और कांग्रेस के शासनकाल में बिहार विकास से वंचित था। केंद्र सरकार ने बीते 10 वर्षों में बिहार को पहले से कई गुना अधिक राशि दी है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि पूर्वी भारत में भी मुंबई, पुणे, सूरत और बंगलुरू जैसे औद्योगिक और विकास के केंद्र बनें। मोतिहारी, गया, पटना, संथाल परगना, जलपाईगुड़ी और वीरभूम जैसे क्षेत्रों को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने आज कार्यक्रम के दौरान समस्तीपुर-बछवाड़ा रेल लाइन की स्वचालित सिग्नलिंग, दरभंगा-समस्तीपुर दोहरीकरण, पाटलिपुत्र में वंदे भारत रखरखाव सुविधा और चार अमृत भारत ट्रेनों का उद्घाटन किया। उन्होंने एनएच-319 और एनएच-333सी की परियोजनाएं शुरू कीं, दरभंगा और पटना में एसटीपीआई केंद्रों का उद्घाटन किया तथा मत्स्य पालन अवसंरचना की शुरुआत की। महिला-नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देते हुए 61,500 स्वयं सहायता समूहों को 400 करोड़ रुपये और 40,000 आवास योजना लाभार्थियों को 160 करोड़ रुपये जारी किए।

कविंदर...

चुनावों में कंग्रेस के तत्कालीन मंत्री रमन भल्ला को हराकर गांधी नगर निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विधायक चुने गए थे। उन चुनावों में पीडीपी-भाजपा गठबंधन की जीत के बाद गुप्ता सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुने गए। गुप्ता विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सचिव भी रह चुके हैं। उन्होंने आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता के रूप में लगभग 13 महीने जेल में बिताए थे।

# बिहार में 2005 से पहले कोई काम नहीं होता था : नीतीश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि पहले क्या हाल था, आप सभी जानते हैं। 2005 से पहले यहां कोई काम नहीं होता था। मुख्यमंत्री नीतीश ने आज प्रधानमंत्री की मोतिहारी जनसभा में अपने संबोधन में कहा कि जब नवम्बर 2005 में भाजपा और जदयू की सरकार बनी, तब से लेकर 20 साल से हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तरफ से लोगों के हित में बिहार में बहुत काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी और 29 लाख लोगों को रोजगार दिया गया है। अब अगले 5 साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देंगे। नीतीश ने कहा कि पहले वे लोग (लालू-राबड़ी) कुछ भी पैसा नहीं लगाते थे। हमलोग धीरे-धीरे विकास के लिए पैसा बढ़ाते गए। हम सब काम कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि बहुत काम किया गया है। सभी क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर बहुत काम हुआ है। पुल-पुलिया, सात निश्चय, हर घर बिजली, शौचालय, टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बिहार में 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है। इसका प्रस्ताव आज ही कैबिनेट में पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पर हमने आपस में बात कर ली है। यहां से जाते ही शाम में प्रस्ताव पारित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां कमी देख रहे, उसका समाधान कर रहे हैं। 50 हजार करोड़ की 430 योजनाओं की स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री ने बजट में आर्थिक सहायता दी। पर्यटन, बाढ़ के लिए पैसा दिए हैं। मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट स्थापना, कोसी परियोजना जैसे काम कराए हैं। इससे पहले सभा में मौजूद सभी लोगों को नीतीश कुमार ने एक्सरसाइज करवा दिया। नीतीश ने कहा-ऐ खड़ा हो, सब खड़ा हो। फिर सभा में मौजूद सभी लोगों को खड़ा करवाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत कराया। इसके बाद मंच पर बैठे प्रधानमंत्री भी अपनी कुर्सी से उठ गए और हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन किया।

# प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान को आगे बढ़ाएं बच्चे : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बच्चे पर्यावरण संरक्षण के लिए दिल्ली में एक पेड़ लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान को आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र उपाध्याय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव के साथ राष्ट्रपति एस्टेट स्थित विलिंगडन क्रेसेंट परिसर में वन महोत्सव में पौधारोपण करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा आज दिल्ली को हरित और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी प्रमुख हस्तियां यहां एकत्रित हुई है। दिल्ली को हरा-भरा करना ही सरकार का ध्येय है। जैसे मां हमें निःस्वार्थ प्रेम, सुरक्षा और ऊर्जा देती हैं वैसे ही एक वृक्ष भी हमें जीवनदायिनी आक्सीजन, शीतल छाया और हरियाली देता है। इस मौके पर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अस्पताल निर्माण और सीसीटीवी परियोजना से जुड़े 6,000 करोड़ रुपये के घोटाले में आम आदमी पार्टी (आआपा) नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मामला दर्ज करने पर हमला किया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आआपा सरकार ने दिल्ली को खूब लूटा। दिल्ली के स्कूलों में क्लासरूम निर्माण के नाम आआपा सरकार ने खूब घोटाला किया, जिन क्लासरूमों का निर्माण 800 रुपये फूट होना था। उसके लिए 8500 रुपये दिए गए। दिल्ली महोत्सव के आयोजन के नाम 30 करोड़ रुपये कहां चले गए। उसका पता ही नहीं है। बिजली से लेकर आबकारी घोटाले तक की जांच ईडी कर रही है। सिरसा ने कहा कि आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी छवि ईमानदार बनाने के लिए दिल्ली के लोगों का बेतहाश पैसा विज्ञापनों पर खर्च किया। ईमानदार छवि बनाने के बाद दिल्ली को दोनों हाथों से लूटने का काम किया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बाद अरविंद केजरीवाल सबसे लंबे समय तक जेल में रहने वाले मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने पिछले 10 सालों में इतने घोटाले किए हैं कि अगर हम हर मामले की सुनवाई एक दिन में भी करें, तो भी अगले 10 साल कम पड़ेंगे।

# रीप परियोजना : फूलों की खेती से खुली समृद्धि की राह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जनपद हरिद्वार के समस्त विकासखंडों में अल्ट्रा पूवर सपोर्ट, एंटरप्राइजेज और ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से, नारसन विकासखंड के हरचंदपुर गांव के खुशी स्वयं सहायता समूह ने फूलों की खेती के अपने व्यवसाय को नई पहचान और समृद्धि दिलाई है। खुशी स्वयं सहायता समूह के पास एनआरएलएम की टीम पहुंची और उन्हें समूह से जुड़ने के लाभों के बारे में बताया। समूह से जुड़ने के बाद, उन्हें रीप परियोजना से न केवल आर्थिक और सामाजिक सहयोग मिला, बल्कि फ्लोरीकल्चर उत्पादन को व्यावसायिक ढंग से करने का प्रशिक्षण भी प्राप्त हुआ, जिसने उनकी सफलता की यात्रा का मार्ग प्रशस्त किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, नारसन ब्लॉक द्वारा समूह के लिए 10 लाख रुपये का एक विस्तृत व्यावसायिक प्लान तैयार किया गया। इस योजना के तहत, समूह को बैंक से 3 लाख रुपये का ऋण दिलाया गया, साथ ही लाभार्थियों ने स्वयं 1 लाख रुपये का अंशदान किया और परियोजना द्वारा 6 लाख रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस महत्वपूर्ण सहयोग से लाभार्थियों के पास कार्यशील और स्थायी पूंजी का वह अभाव दूर हो गया, जो उनके व्यवसाय के विस्तार में बाधा बन रहा था। आज, खुशी स्वयं सहायता समूह पूरे उत्साह के साथ अपने व्यवसाय को बढ़ा रहा है। वर्तमान में वे 9 बीघा जमीन पर गेंदे के फूलों की खेती कर रहे हैं और एक सफल व्यावसायिक इकाई के रूप में स्थापित हो चुके हैं। पिछले छह महीनों में उन्होंने 30 हजार किलोग्राम फूल 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचे, जिससे 9 लाख की बिक्री हुई। सभी खर्चों को घटाने के बाद, समूह ने 4,21,800 का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

# सीमा पर जाम की समस्या को लेकर प्रभात यादव ने एसडीओ के माध्यम से गृह मंत्री को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अररिया। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित जोगबनी बॉर्डर पर जाम की समस्या के कारण न केवल नागरिकों को बल्कि दो देशों के बीच सामाजिक, व्यापारिक और मानवीय रिश्तों की बुनियाद भी प्रभावित हो रही है। जमीनी हालात यह हैं कि जोगबनी बॉर्डर पर हर दिन हजारों लोग सीमा पार करते हैं, लेकिन अतिक्रमण, अव्यवस्थित ट्रैफिक और प्रशासनिक लापरवाही ने इसे जनजीवन के लिए खतरे का क्षेत्र बना दिया है। इस ज्वलंत समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव ने अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने जोगबनी सीमा क्षेत्र की जमीनी सच्चाई को सामने लाते हुए वैकल्पिक मार्ग निर्माण,अतिक्रमण हटाने और आपातकालीन सेवाओं के लिए विशेष व्यवस्था की मांग की है। अररिया जिले का जोगबनी बॉर्डर नेपाल के विराटनगर से सीधा जुड़ा है। सीमावर्ती क्षेत्रों खासकर अररिया, फारबिसगंज, सहरसा, मधेपुरा और सुपौल के लोग नेपाल में चिकित्सा, व्यापार और पारिवारिक कार्यों के लिए प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करते हैं। जोगबनी हमेशा से भारत-नेपाल के रोटी-बेटी संबंध का जीता-जागता उदाहरण रहा है, लेकिन अब यहां का ट्रैफिक इतना अव्यवस्थित हो चुका है कि पैदल चलना भी एक चुनौती बन गया है। प्रभात यादव द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि अवैध अतिक्रमण सड़क पर फैली दुकानें, ठेले, ऑटो और ट्रकों की कतारें ये सब मिलकर बॉर्डर को एक खुली जेल में तब्दील कर चुके हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि एम्बुलेंस जैसे आपातकालीन वाहन भी कई बार घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं, और मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जोगबनी बॉर्डर पर वर्षों से सड़क के दोनों किनारों पर ठेला व्यवसायियों और फुटपाथ दुकानों ने अतिक्रमण कर रखा है। सड़क चौड़ी नहीं है और जो भी थोड़ी-बहुत जगह बची है, वह अवैध पार्किंग और ट्रैफिक की लहर में खो चुकी है।आईसीपी की स्थापना जरूर हुई है, लेकिन इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। चार पहिया वाहनों के लिए कोई अलग रास्ता नहीं है, निजी गाड़ियों और एम्बुलेंस को एक ही लेन से गुजरना पड़ता है। इसका नतीजा है हर दिन का अराजक जाम, जिसमें सबसे अधिक नुकसान आम जनता को उठाना पड़ता है। प्रभात यादव ने गृह मंत्री को भेजे गए ज्ञापन में केवल समस्या नहीं बताई, बल्कि उसका चरणबद्ध और व्यावहारिक समाधान भी प्रस्तुत किया है, जिससे जमीनी स्तर पर राहत मिल सके नेपाल से भारत की ओर आने वाले पुराने सीमा मार्ग का चौड़ीकरण और पक्कीकरण कराया जाए, ताकि भारी वाहनों और यात्री गाड़ियों के लिए अलग रास्ता सुनिश्चित हो।

# पंजाब में अकाली नेता रणजीत गिल ने पार्टी छोड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल को उस समय झटका लगा जब पार्टी के वरिष्ठ नेता और रियल एस्टेट कारोबारी रणजीत सिंह गिल ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। गिल ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिकारिक ऐलान किया। रणजीत सिंह गिल पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे। वे खरड़ विधानसभा हलके से दो बार चुनाव लड़ चुके हैं और यहां पार्टी के इंचार्ज भी थे। गिल ने कहा कि यह फैसला उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से सलाह के बाद लिया है। अब वह पार्टी से पूरी तरह किनारा कर चुके हैं। गिल ने कहा कि अकाली दल में कुछ ऐसे लोग शामिल हो गए हैं, जिनके फैसलों से जो लोग अकाली दल से जुड़े हुए थे, उनमें निराशा आ गई है। वहीं, यह उन लोगों को आगे बढ़ाने लगे हैं, जिनका अकाली दल की विचारधारा से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के लोग सालों से अकाली दल से जुड़े हुए हैं।

# दिल्ली से लापता नाबालिग लड़की को लखनऊ से खोजकर परिवार से मिलवाया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को लखनऊ (उप्र) से खोजकर परिवार से मिलवाया है। पुलिस को लड़की लखनऊ के टकरोही, इंदिरा नगर, अम्बेडकर चौक के पास मिली। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार सात फरवरी को बाहरी जिले के निहाल विहार थाने में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच को मामले में लगाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला एएसआई नरिंदर कौर ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद ली। इस बीच पुलिस को पता चला कि लड़की की लोकेशन लखनऊ के अम्बेडकर चौक के पास आ रही रही है।

# धामी सरकार मनाएगी एक लाख करोड़ की ग्राउंडिंग का उत्सव, गृहमंत्री अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ रुद्रपुर में 'उत्तराखंड निवेश उत्सव' का आयोजन**



देहरादून। उत्तराखंड में राज्य सरकार की ओर से दिसंबर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान उद्योग समूहों के साथ हुए एमओयू के बाद अब तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। इस उपलब्धि को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार शनिवार को रुद्रपुर में 'उत्तराखंड निवेश उत्सव' का आयोजन कर रही है। देश में पहली बार किसी राज्य सरकार द्वारा एक करोड़ से अधिक के निवेश के बाद इस तरह का निवेश उत्सव आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में दोपहर 12 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे। जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में नए स्थापित उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ ही अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद होंगे। इस आयोजन मे जरिए राज्य सरकार उत्तराखंड में निवेश के माहौल को प्रोत्साहित करना चाहती है। ताकि अधिक से अधिक निवेशक उत्तराखंड का रुख करें, इससे राज्य में आर्थिक गतिविधि तेज होने के साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। विदित है कि दिसंबर 2023 के दौरान देहरादून में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान कुल 3,57,693 करोड़ के 1779 एमओयू साइन किए गए थे। जिससे राज्य में 81,327 नए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इन एमओयू के आधार पर राज्य में अब तक एक लाख करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग हो चुकी है। दिसंबर 2023 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबकि समापन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान उद्योग समूहों के साथ जो भी निवेश संबंधित समझौते किए गए थे वो अब तेजी से धरातल पर उतर रहे हैं। इससे उत्तराखंड में रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। हम उद्योग स्थापित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। मजबूत आधारभूत सुविधाएं, शांत वातावरण से उत्तराखंड निवेशकों की पसंद बनकर उभरा है।

# पंजाब सरकार ने भीख मांगते 41 बच्चों को किया रेस्क्यू, अब होगा डीएनए टेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने भिखारी उन्मूलन अभियान के दौरान प्रदेश में 18 स्थानों पर छापा मारकर 41 बच्चों का रेस्क्यू किया है। अब इन बच्चों का डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा। इसके तहत सरकार ने जीवनजोत प्रोजेक्ट-2 की शुरुआत की है। पंजाब की सामाजिक सुरक्षा मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने शुक्रवार को बताया कि बठिंडा में पकड़े गए कुछ बच्चों का मामला संदिग्ध लग रहा है। ऐसे में अब उन बच्चों का डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा, जिससे यह पता चल सके कि वे अपने असली मां-बाप के साथ थे या नहीं। जब तक रिपोर्ट नहीं आती, तब तक ये बच्चे बाल सुधार गृह में ही रहेंगे। बलजीत कौर ने कहा है कि अगर कोई माता-पिता अपने बच्चों से जबरन भीख मंगवाते हैं, तो पहले उन्हें समझाया जाएगा। अगर वे नहीं माने, तो उन्हें अनफिट गार्जियन घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद उनके बच्चों को गोद देने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। मंत्री ने बताया कि पिछले 9 महीनों में सरकार ने 350 बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया था। उन्हें स्कूलों व अन्य संस्थानों से जोड़ा गया, लेकिन इनमें से 57 बच्चों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है और उनकी जांच भी जारी है। बलजीत कौर ने बताया कि सितंबर, 2024 में सरकार की तरफ से जीवन जोत प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया था। इसका मकसद सड़कों पर बच्चों को भीख मांगने से रोकना, उनका बचपन बचाना, उन्हें स्कूल से जोड़ना और इलाज करवाना था।

# मुख्यमंत्री धामी ने हिंदी फिल्म '5 सितंबर' का पोस्टर लॉन्च किया

**■ उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को मिला प्रोत्साहन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हिंदी फिल्म '5 सितंबर' का पोस्टर लॉन्च किया। यह फिल्म पूरी तरह उत्तराखंड में फिल्माई गई है और राज्य की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य व स्थानीय प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का सशक्त प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड फिल्म निर्माण का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार फिल्म नीति के तहत हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है, ताकि अधिक से अधिक निर्माता व निर्देशक उत्तराखंड की धरती पर फिल्म निर्माण करें और राज्य के युवाओं को रोजगार और मंच प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की फ़िल्में न केवल उत्तराखंड की प्रतिभा को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि पर्यटन व सांस्कृतिक संवर्धन में भी सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने फिल्म निर्माण टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह फ़िल्म दर्शकों के मन को छूने में सफल होगी। इस अवसर पर फिल्म के डायरेक्टर कुनाल शमशेर मल्ला, कलाकार संजय मिश्रा, ब्रिजेंद्र काला, ऋषभ खन्ना, भुवन खन्ना और दीपराज राणा मौजूद रहे।

# स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला साफ्टवेयर इंजीनियर फरीदाबाद से हिरासत में

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकियां देने के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को हिरासत में लिया है। आरोपित की पहचान फरीदाबाद निवासी शुभम दुबे के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने इसकी जानकारी दी। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने शुक्रवार को बताया कि बीती 14, 15 व 16 जुलाई को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को मेल भेजकर दरबार साहिब को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस मेल में दरबार साहिब के अलावा दिल्ली के स्कूलों और तमिलनाडु की कई संस्थाओं की जिक्र था। भुल्लर ने बताया कि जांच में तमिलनाडु के कई अधिकारी भी पंजाब पुलिस के संपर्क में हैं। इस तरह के कई ई-मेल बीते समय में तमिलनाडु में भी सर्कुलेट हुई हैं। ई-मेल में द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके), दक्षिण राज्यों के लोगों के नाम ही प्रयोग किए गए हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शुभम दुबे सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, जो दो कंपनियों में जॉब के बाद अब बेरोजगार है। इस मामले में पुलिस को कुछ तकनीकी सबूत भी मिले हैं। पूछताछ में अगर उसकी संलिप्पता पाई गयी, तो उसको गिरफ्तार किया जाएगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063